देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

चित्तौड़गढ़ में पीएम मोदी बोले, गहलोत ने... 12

सेहरामऊ पुलिस ने टेंपो चालक को बेरहमी से पीटा... 10

जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 348
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 03 अक्टूबर, 2023

अतिपिछड़े साबित होंगे गेमचेंजर!

जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला बिहार पहला राज्य: 36 प्रतिशत अत्यंत पिछड़ा वर्ग, ओबीसी 27 प्रतिशत, यादव 14 प्रतिशत, ब्राह्मण-ठाकुर 3-3 प्रतिशत, सबसे कम कायस्थ 0.60 प्रतिशत

बिहार की कुल आबादी

13,07,25,310

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 प्रतिशत हैं। सबसे ज्यादा 14.26 प्रतिशत यादव हैं। ब्राह्मण3.65 प्रतिशत, राजपूत (ठाकुर) 3.45 प्रतिशत हैं। सबसे कम संख्या 0.60 प्रतिशत कायस्थों की है। बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत और सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत है। बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 16.9 प्रतिशत थी। बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 प्रतिशत है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 प्रतिशत दिया जा रहा है। 27 प्रतिशत ओबीसी हैं के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30 प्रतिशत के रिजर्वेशन का प्रावधान है।

13 करोड़ 7 लाख से ज्यादा है बिहार की आबादी

इसमें 18 प्रतिशत ईबीसी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 प्रतिशत हो गई है। अपर मुख्य सचिव विवेक सिंह ने कहा बिहार राज्य में हुई गणना के अनुसार प्रदेश की जनसंख्या में बिहार के बाहर में रहने वालों की संख्या 53 लाख 72 हजार 22 है। बिहार राज्य में रहने वालों की कुल जनसंख्या 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार 288 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या 6 करोड़ 41 लाख 31 हजार 990 है, जबकि महिलाओं की संख्या 6 करोड़ 11 लाख 38 हजार 460 है। अन्य की संख्या 82 हजार 836 पाई गई है। गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।

बिहार में जाति जनगणना की रिपोर्ट हुई जारी, राज्य की आबादी 13 करोड़ से ज्यादा, नीतीश-लालू ने किया ट्वीट

- सबसे ज्यादा आबादी अतिपिछड़े वर्ग की, नीतीश ने ही बनाया था अतिपिछड़ा वर्ग
- जातीय जनगणना रिपोर्ट देख भड़की बीजेपी, नीतीश के साथ कांग्रेस और आप
- आप बोली, पूरे देश में जातीय जनगणना हो, कांग्रेस सपोर्ट में, बुलाएंगे बैठक

दो फेज में पूरी हुई है बिहार में जाति आधारित गणना

पहला फेज: 7 जनवरी से गणना का पहला चरण शुरू हुआ था। इस चरण में मकानों की सूचीकरण, मकानों को गिना गया। यह चरण 21 जनवरी 2023 को पूरा कर लिया गया था।

दूसरा फेज: 15 अप्रैल से शुरू हुआ। इसे 15 मई को पूरा हो जाना था। लोगों से डेटा जुटाए गए। दूसरे चरण में परिवारों की संख्या, उनके रहन-सहन, आय आदि के आंकड़े जुटाए गए।

किस वर्ग की कितनी जनसंख्या

पिछड़ा वर्ग जनसंख्या:	3 करोड़ 54 लाख 63 हजार 936
अत्यंत पिछड़ा वर्ग जनसंख्या:	4 करोड़ 70 लाख, 80 हजार 514
अनुसूचित जाति जनसंख्या:	2 करोड़ 56 लाख 89 हजार 820
अनुसूचित जनजाति जनसंख्या:	21 लाख 99 हजार 361
अनारक्षित जनसंख्या:	2 करोड़ 02 लाख 91 हजार 679

किस जाति की कितनी आबादी

यादव	14.26%	कुरमी	2.87%
रविदास	5.25%	तेली	2.81%
दुसाध	5.31%	बनिया	2.31%
कोइरी	4.21%	कानू	2.21%
ब्राह्मण	3.67%	चंद्रवंशी	1.64%
राजपूत	3.45%	कुम्हार	1.40%
मुसहर	3.08%	सोनार	0.68%
भूमिहार	2.89%	कायस्थ	0.60%

नीतीश का ऐलान : सीएम नीतीश कुमार ने ट्वीट कर कहा कि आज गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना के आंकड़े प्रकाशित कर दिए गए हैं। जाति आधारित गणना के कार्य में लगी हुई पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई!

लोकसभा चुनाव 2024 का गेमचेंजर कौन: बिहार में इस रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा जनसंख्या अतिपिछड़ों की ही है, यानी पूरी 36.01 फीसदी। अगर नीतीश कुमार सरकार की ये रिपोर्ट सही है तो इसे एकदम तय मान लीजिए, कि यही अतिपछड़ा वोट बैंक 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार के लिए गेमचेंजर साबित होने जा रहा है।

हिंदुओं की आबादी घटी, मुस्लिमों की बढ़ी

बिहार में साल 2011-2022 के बीच हिंदूओं जनसंख्या कम हुई है। इस दौरान मुस्लिम जनसंख्या बढ़ी है। आज जारी किए गए जातीय गणना की रिपोर्ट के साथ राज्य में धार्मिक जनसंख्या भी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में अभी हिंदू आबादी करीब 82 प्रतिशत (81.99) और मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत है। जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 16.9 प्रतिशत थी। अभी बिहार में हिंदुओं की जनसंख्या 10 करोड़ 71 लाख 92 हजार 958 है। वहीं मुस्लिम जनसंख्या 2 करोड़ 31 लाख 49 हजार 925 है। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में हिंदू आबादी 8 करोड़ 60 लाख 78 हजार 686 थी। वहीं मुस्लिम आबादी 1 करोड़ 75 लाख 57 हजार 809 थी।

"कर्पूरी ठाकुर और वी.पी. सिंह के बाद पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता के रूप में नीतीश कुमार उभरे हैं। आज साबित हुआ है कि वे (पिछड़ा वर्ग) 63 प्रतिशत हैं। हम नीतीश कुमार को सलाम करते हैं और चाहते हैं कि देश में घूमकर जनता को आंदोलित करें जिससे हर राज्य को जातिगत जनगणना करानी पड़े। यह अगले चुनाव के लिए एजेंडा तय हुआ है।

-के. सी. त्यागी, जेडीयू नेता

"जातीय जनगणना पूरे देश में होनी चाहिए लेकिन भाजपा अपने मूल सिद्धांतों और विचारों में पिछड़ों, दलितों, शोषितों, वंचितों की विरोधी है इसलिए ये इससे भाग रहे हैं। संजय सिंह ने कहा कि ओबीसी, एससी-एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ आप न्याय करना चाहते हैं तो पूरे देश में इनकी संख्या कितनी है यह जानना बहुत जरूरी है। मोदी जी, इससे क्यों भाग रहे हैं?

-संजय सिंह, आम आदमी पार्टी के नेता

"ये आंकड़े वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और प्रगति के लिए समग्र योजना बनाने और आबादी के अनुपात में वंचित समूहों को प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए एक उदाहरण स्थापित करेंगे।

-लालू प्रसाद यादव (जाति आधारित जनगणना पर)

देवरिया में जमीन के लिए 6 लोगों की हत्या

हिंसक भीड़ ने बड़ों और बच्चों तक को मारा, भड़की हिंसा

जन एक्सप्रेस। देवरिया

देवरिया में दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। यहां जमीनी विवाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के बाद एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। दूसरे परिवार में पति-पत्नी, दो बेटियों और बेटे का गला काटा गया, गोली मारी गई, ईंट से सिर कूंच दिए। हमलावर इतने बेरहम हो चुके थे कि उन्होंने 8 साल के बच्चे तक को नहीं छोड़ा। उस बच्चे पर कई वार किए और उसे मरा समझकर छोड़ गए। हालांकि, उसकी सांसें चलती रहीं, उसे गंभीर हालत में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है। जिस घर में यह वारदात हुई वहां नरसंहार जैसे हालात दिखाई दिए। हर तरफ खून ही खून और लाशें नजर आ रही थीं। घटना सोमवार सुबह रुद्रपुर तहसील के फतेहपुर गांव की है। इस जघन्य हत्याकांड को पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की हत्या के बाद अंजाम दिया गया। पूरा मामला दो परिवार प्रेम यादव और सत्य प्रकाश दुबे से जुड़ा हुआ है। दो जातियों का होने के चलते गांव और आसपास जबरदस्त तनाव है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सीएम योगी ने लखनऊ से प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार को मौके पर भेजा है। दोनों अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। सीएम योगी खुद गोरखपुर में हैं। वह पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं।

सीएम योगी ने जताया दुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवरिया जिले में हुई घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता करने के निर्देश दिए।

देवरिया की घटना शासन की विफलता: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश ने उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही या संलिप्तता की वजह से घटित हुई है। काश! मुख्यमंत्री जी के दुख प्रकट करने से लोगों का जीवन वापस आ जाता। एक उच्च स्तरीय जाँच ही इस हत्याकांड की परतों के पीछे की परत उतार कर न्याय कर सकती है।

ये जंगलराज...सीएम इस्तीफा दें: अजय राय

इस घटना को लेकर अजय राय ने कहा, ये जंगलराज, तालिबानी शासन चल रहा है...सरकार पूरी तरह से विफल है, तत्काल मुख्यमंत्री जी को इस्तीफा देना चाहिए...

घर में नरसंहार जैसा सीन...लाशें-लाशें ही नजर आईं

इस जघन्य हत्याकांड की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी। 6 लोगों की हत्या की खबर सुनकर पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। आनन-फानन में कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। तब तक ज्यादातर हमलावर मौके से भाग गए थे। सत्य प्रकाश दुबे का पूरा घर खून से सना हुआ था। लाशें इधर-उधर बिखरी हुई थीं। पूरे घर में चारों तरफ खून ही खून दिखाई पड़ा रहा था, ऐसा लग रहा था मानो नरसंहार किया गया है। पुलिस ने सभी को चेक किया तो सिर्फ अनमोल की सांस चल रही थी।

भीड़ देखती रही...बचाने की हिम्मत नहीं की

ग्रामीणों ने बताया कि हमलावर इतने अक्रामक थे कि किसी की सत्य प्रकाश के परिवार को बचाने की हिम्मत नहीं हुई। हमलावर लगातार फायरिंग कर रहे थे और धारदार हथियारों के साथ लगातार लोगों को धमका रहे थे। हालात यह थे कि घर के बाहर भीड़ तो थी, लेकिन कोई बचाने आगे नहीं आया। बताया जा रहा है कि 20-25 मिनट के अंदर ही इस पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया। इसके बाद पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर फीर हो गए। पुलिस ने दो हमलावर को गिरफ्तार भी किया है।

नेपाल में सौ रुपये से अधिक के भारतीय नोट रखने पर पाबंदी

पर्यटक रख सकते हैं 25,000 नेपाल की करेंसी

भारत से नेपाल भ्रमण करने जाने वाले लोग 25,000 नेपाल करेंसी अपने पास रख सकते हैं। इससे अधिक नेपाली मुद्रा रखने पर पूरा ब्योरा देना पड़ेगा।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नेपाल जाने वाले पर्यटकों और व्यापारियों की परेशानी बढ़ गई है। नेपाल ने अब 100 रुपये से अधिक के भारतीय नोट रखने पर पाबंदी लगा दी है। इससे पहले सौ रुपये से अधिक के नोट के चलन पर रोक लगाई थी। अब यदि किसी को नेपाल जाना है, तो सीमा पर ही भारतीय मुद्रा लेनी होगी। नेपाल राष्ट्र बैंक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नेपाल में भारत के सौ रुपये के नोट के अलावा किसी और मुद्रा में कारोबार अथवा लेनदेन नहीं होगा। यदि किसी के पास भारत के सौ रुपये से अधिक के नोट (दो सौ और पांच सौ) मिले तो कार्रवाई की जाएगी।

यूपी के बचे 4593 गांवों तक भी पहुँचेगी रोडवेज बस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश में परिहवन सेवा को बेहतर बनायेगी। राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी गांवों में परिवहन की सेवा पहुंचाने का फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश आबाद गांवों की संख्या दस लाख से अधिक है। प्रदेश में कुल 100983 गांव हैं और ग्राम सभाओं की संख्या 59163 है, जिसमे से 4953 गांवों में बस सेवा नहीं है। इन गांवों में बस सेवा पहुंचाने के लिए हर जनपद में 2 दल बनाए गए हैं जो अपनी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को देने वाले हैं। प्रदेश सरकार ने सूबे के सभी गांवों को परिहवन सेवा से जोड़ने का फैसला लिया है। योगी सरकार की ओर से परिवहन निगम के अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिया गया है। सभी 4593 गांवों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा को पहुंचाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस लक्ष्य दिसंबर तक हासिल करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार की ओर से एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है। टीम 10 अक्टूबर तक रिपोर्ट पेश कर देगी। रिपोर्ट के बाद परिवहन सेवाओं को सभी गांवों तक पहुंचाने के काम को आगे बढ़ाया जाएगा। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह का कहना है सर्वे और रुट तय करते समय ध्यान रखा जाएगा कि गांव से अधिकतम एक किलोमीटर की दूरी पर बस की सेवा हो। अगर अधिक दूरी पर बस सेवा है तो गांव के लिए अलग से बस संचालित की जाएगी।गांव तक बसों की सुविधा पहुंचाने के लिए संबंधित तहसील और जिला मुख्यालय को संयोजित किया जाएगा। प्रस्तावित मार्ग की अधिकतम दूरी 100 किलोमीटर से अधिक न हो।

आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना के अनुसार 1 जनवरी 2016 से 16 अगस्त 2023 तक सिर्फ चार वरिष्ठ अधिकारियों को सेवा विस्तार और दोबारा काम करने का मौका दिया गया

सीबीआई कृपया ध्यान दे, प्रदीप दुबे और राजेश सिंह की ना दोबारा नियुक्ति हुई ना सेवा विस्तार

- सुप्रीम कोर्ट के वकील संदीप पहल ने इस कालखंड में सेवा विस्तार और दोबारा नियुक्ति पाने वाले मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिवों का ब्योरा मांगा था
- शासन से मिले जवाब के अनुसार प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे और प्रमुख सचिव विधान परिषद राजेश सिंह दोनों को ही ना तो सेवा विस्तार मिला और ना दोबारा इनकी नियुक्ति हुई
- मुख्य सचिव के रूप में डॉ.अनूप चंद्र पांडेय और दुर्गा शंकर मिश्र को सेवा विस्तार मिला
- दो अन्य आईएएस अवनीश अवस्थी और अरविंद कुमार को रिटायरमेंट के बाद दोबारा नियुक्ति मिली

प्रदीप कुमार दुबे, प्रमुख सचिव विधानसभा

डॉ. राजेश सिंह, प्रमुख सचिव विधान परिषद

परिजनों और चहेतों को बांटते रहे नौकरी

प्रदीप दुबे और राजेश सिंह ने विधानसभा और विधान परिषद में रेवड़ियों की तरह नौकरियां बांटी। राजेश सिंह ने अपने बेटे को विधानसभा में नियुक्ति दिला दी तो प्रदीप दुबे ने अपने दो भांजों को विधान परिषद में नौकरी दिला दी। यह तो बानगी भर है। कितने ही अपात्र लोगों को नियम विरुद्ध नौकरी देकर इन दोनों अधिकारियों ने प्रतिभाशाली और जरूरतमंद युवाओं के साथ अन्याय किया है।

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे और प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ.राजेश सिंह शासन व्यवस्था का मजाक बनाते हुए अपने पदों पर स्वयंभू विराजमान हैं। जन एक्सप्रेस इन दोनों ही अधिकारियों की भूमिका और नियुक्ति पर जनहित में लगातार सवाल उठाता रहा है। सूत्रों के अनुसार यह दोनों ही अधिकारी नियम विरुद्ध कुर्सी पर काबिज हैं। अब इस बात पर खुद शासन ने मोहर लगा दी है। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना में शासन ने जिन अधिकारियों को सेवा विस्तार और दोबारा नियुक्ति मिलने का उल्लेख किया है, उन अधिकारियों में प्रदीप दुबे और राजेश सिंह दोनों का ही नाम नहीं है। पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक मामले की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा और उत्तर प्रदेश विधान परिषद में 2022 से 2023 के बीच विभिन्न पदों पर हुई नियुक्तियों की जांच करने का आदेश सीबीआई को दिया है। नियुक्ति देने वाले इन दोनों प्रमुख अधिकारियों की नियुक्ति ही विवादित और सवालों के घेरे में है। जनहित में जन एक्सप्रेस सीबीआई की जांच टीम से उम्मीद करता है कि वह जांच के दौरान इन तथ्यों का भी ख्याल रखेगी और वर्षों से नियुक्ति के नाम पर हो रही धांधली का पर्दाफाश करेगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. संदीप पहल ने सूचना के अधिकार के तहत

उत्तर प्रदेश शासन से पूछा था कि 1 जनवरी 2016 से 16 अगस्त 2023 तक उत्तर प्रदेश में किन-किन मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव को सेवा विस्तार और दोबारा नियुक्ति मिली। उल्लेखनीय है कि प्रदीप दुबे और डॉ.राजेश सिंह दोनों ही प्रमुख सचिव के पद पर रिटायरमेंट के बाद भी आसीन हैं। जाहिर है कि इन्हें सेवा विस्तार या दोबारा नियुक्ति शासन के किसी आदेश पर ही मिली होगी।

लेकिन डॉ. पहल के द्वारा मांगी गई सूचना पर शासन से जो जवाब आया उसने आशंकाओं और सूचनाओं पर मोहर लगा दी। 1 जनवरी 2016 से 16 अगस्त 2023 तक प्रदीप दुबे और राजेश सिंह को ना तो सेवा विस्तार मिला है और ना दोबारा नियुक्ति। उत्तर प्रदेश शासन के नियुक्ति विभाग के अनुभाग अधिकारी और जन सूचना अधिकारी आलोक कुमार पांडेय की ओर से दिए गए जवाब में इस कालखंड में बतौर मुख्य सचिव डॉ.अनूप चंद्र पांडेय और दुर्गा शंकर मिश्र को सेवा विस्तार मिला। वहीं,दो अन्य आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी और अरविंद कुमार को रिटायरमेंट के बाद दोबारा नियुक्ति मिली।

हाल-ए-विधानसभा, विधान परिषद : प्रदीप दुबे और राजेश सिंह के 'पाप का घड़ा' भरा

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया आदेश, विधानसभा व परिषद सचिवालय में भर्ती की होगी सीबीआई जांच

जन एक्सप्रेस

प्रदीप दुबे-राजेश सिंह 'अनंत' इनकी कथा 'अनंता'

हाईकोर्ट ने 2022 से 2023



शर्मनाकः कलयुगी पिता अपनी ही नाबालिग बेटी से पांच साल से कर रहा हैवानियत, दो बार कराया अबॉर्शन

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

रिश्तों की मर्यादा को भंग करने वाली खबर सामने आई है। नाबालिग बेटी के साथ पांच सालों से पिता की हैवानियत के मामले ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की का मेडिकल कराया गया है। लल्लौली थाना क्षेत्र मे रिश्तों को तार-तार करने वाले पिता ने अपनी ही 17 साल की बेटी के साथ हैवानियत करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि पिछले पांच सालों से पिता हैवानियत की हर हद को पार गया है। घर की चहारदीवारी के भीतर अपने पिता के साथ भी लड़की सुरक्षित नहीं है।

वह बेटी को हवस का शिकार बनाता रहा। इस बीच किशोरी का दो बार अबॉर्शन भी कराया गया। पिता की हरकतों से परेशान होकर आखिरकार बेटी ने पुलिस की शरण लिया। स्थानीय थाने में रेप समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मेडिकल जांच करायी गयी है। बताया गया कि चांदपुर थाना क्षेत्र का निवासी ट्रक ड्राइवर पर बेटी ने गंभीर आरोप लगाया है। ट्रक ड्राइवर लल्लौली थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित एक मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहता है। साथ में 17 वर्षीय उसकी बेटी भी रहती है। उसकी नाबालिग बेटी ने रविवार को थाना पुलिस में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 2018 में उसके मां की मौत हो चुकी है। उसके बाद से ही उसका हैवान पिता उसके साथ लगातार जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। पिता की हरकतों से परेशान किशोरी ने कई बार अपने भाई के अलावा रिश्तेदारों को आरोपी के दरिंदगी की बात बतायी। इस बीच किशोरी का दो बार आरोपी ने गर्भपात भी कराया है। इसके बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। किशोरी ने 1 अक्टूबर को अपने हैवान पिता के खिलाफ लल्लौली थाने में तहरीर दिया। पुलिस अधीखक उदय शंकर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है। आरोपी व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म सहित आईपीसी की अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजकर किशोरी के बयान कराए जा रहे हैं। मेडिकल के बाद पुलिस 167 के तहत् बयान दर्ज कराकर आगे की कार्यवाही करेगी। आरोपी को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

मनाया गया गांधी व शास्त्री का जन्म दिवस, अहिंसा व त्याग की दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास एवं सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी-मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कलेक्ट्रेट में झंडारोहण कर अधिकारियो-कर्मचारियों को अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास की शपथ दिलाई। वही कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, अम्बेडकर पार्क में डा0 भीमराव अम्बेडकर एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और अधिकारियो-कर्मचारियों ने मल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने अधिकारियो-कर्मचारियों से कहा कि आप सरलता एवं सहजता को दृष्टिगत रखते हुए कार्य को चुनौती के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि पटलो से संबंधित कार्य को कराने के लिए दूर दराज से आने वाली जनता के साथ मृदुल भाषा का प्रयोग करते हुए कार्य को नियमानुसार करे, तभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने महापुरुषों के जन्मदिवस पर समस्त अधिकारियो-कर्मचारियों को बधाई दिया। गांधी जी का मुख्य उद्देश्य सत्य, अहिंसा, प्रेम के साथ जीवन व्यतीत किया जाय तभी देश और प्रदेश का विकास होगा और आपस में भाईचारा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सब लोगो को संविधान के दायरे में रहकर अपने-अपने दयित्यो का निर्वाहन करना चाहिए। स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है के तहत अपने घरों व आस-पास की साफ सफाई करे ताकि अनेक प्रकार की बीमारियों से बचा जा सके। गांधी जी दक्षिण अफ्रीका जाकर सत्य, अहिंसा एवं प्रेम का प्रचार किया और भारत लौटकर स्वतंत्रता के आन्दोलन को आगे बढ़ाया और बेरोजगारी, कुटीर उद्योग, स्वराज्य की स्थापना किया और स्वच्छता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कई आंदोलन चलाकर लोगो को जागरूक कर आजादी दिलाने का काम किया और देश का बटवारा हुआ जिसे स्वीकार नहीं किया। हमे गांधी जी और शास्त्री जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर देश व समाज के उत्थान मे अपना योगदान देना ही महापुरुषो को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में बस स्टैंड कर्वी के पास हरिसंकरी पौधे को रोपित किये। इसके बाद उन्होंने कोठी तालाब में बनाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत पार्क का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि इसकी देखभाल अच्छी तरह से कराए व साफ-सफाई भी अच्छी रहनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने टाउन हॉल कर्वी में सफाई मित्रों का सम्मान समारोह में उपस्थित हुए। सफाई मित्रों का सम्मान समारोह में दीप प्रज्वलित कर समारोह को आरंभ किया गया।

मंडलायुक्त ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण एवं पावन दिन है। राष्ट्रपिता व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। यह दो महान विभूतियों के जन्म जयंती के समय पर सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जा रहा हैं। उन्होंने जिलाधिकारी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संकल्प लेकर हम कम से कम प्रत्येक वर्ष 100 घंटे श्रमदान करें। जिससे कि विकास में उन्नत होगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग सफाई में श्रमदान कर रहे हैं।

यह कार्य बिना सहभागिता के नहीं हो सकता, इनमें सबको सहयोग करना होता है। कोई समस्या होती है तो तत्काल निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने सभी को शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि राष्ट्रपिता की जयंती को पूरा भारतवर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज ही के दिन स्वच्छ भारत की अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी हमारे अभिन्न अंग है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है की अंतिम पंक्ति के पायदान पर खड़ा व्यक्ति को भाजपा द्वारा सम्मान दिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि चित्रकूट के पावन धरती पर सफाई कर्मियों के सम्मान के लिए यह कार्यक्रम हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की सोच है की अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को भी सम्मान दिया जाए। उन्होंने कहा कि भगवान राम की नगरी है इसे सुंदर बनाना है। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने आशा, गोरेलाल, सुखरानिया, ज्योति, किशन, सुनील, भैरव प्रसाद आदि 20 सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद मंडलायुक्त ने जिला अस्पताल के आकस्मिक वार्ड, महिला वार्ड एक, दो व वार्ड चार में मरीजों से हाल-चाल लिए एवं फल वितरण किये।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राज बहादुर, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ कारोगारी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में परिक्रमा मार्ग चैकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह तथा आरक्षी आशीष कुमार द्वारा विजय पटेल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी भगनपुर थाना को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रेस क्लब खागा ने गांधी जयन्ती पर किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

प्रेस क्लब के तत्वाधान मे राष्ट्रपिता महत्मा गॉधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाला बहादुर शास्त्री की जयन्ती प्रेस क्लब कार्यलय मे धूमधाम से मनायी गयी। जहॉ दोनो महापुरुषों के चित्र पर मार्ल्यापण किया वही सभी पत्रकारो ने पुष्पान्जलि समर्पित करके उनके सिद्धान्तों पर चलते का संकल्प लिया और मिष्ठान वितरण करके वृक्षारोपण किया।

नगर पंचायत परिसर कैनाल रोड स्थित प्रेस क्लब कार्यालय मे राष्ट्रपिता महत्मा गॉधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाला बहादुर शास्त्री के चित्रो मे मार्ल्यापण किया। वही एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे देश व समाज की वर्तमान स्थित पर विस्तृत चर्चा किया गया और चिन्ता व्यक्त करते हुये वक्ताओ ने कहा कि पत्रकारिता विधा भी समाज-देश को नई दिशा देने का काम हमेशा करता रहा है। हम सबको भी अपने पुरुरोधाओ के पद चिन्हो पर चलकर देश मे बढ रही अनिश्चितता को स्थिर करना होगा। देश व समाज धर्म-सम्प्रदाय, जाति, लिंग, भाषा मे बटने से रोकना होगा और महरपुरुषो के अखण्ड भारत के सपने को साकार करना ही सच्ची श्रद्धान्जलि होगी। वही कार्यालय के सामने ही छायादार वृक्ष का रोपड किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रीतेश पाण्डेय सहित इदल सिंह, राजू दुबे, इसराईल फारुकी, सोनू सिंह, अनुप कौशल सहित शकील अहमद, अजय त्रिपाठी पत्रकार आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छता पर दृढ़ संकल्पित हो सब करें काम, तभी स्वच्छ भारत का सपना होगा साकार: डॉ. बी के जैन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

स्वच्छता ही सेवा अभियान के साथ देश स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ और सुंदर भारत के सपने को देखते हुए संत रणछोड़ दास द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सदगुरू नेत्र चिकित्सालय परिसर में सदगुरू परिवार के सदस्यों द्वारा झाड़ू लगा एवं श्रमदान कर सफाई की गई। वहीं रघुवीर मंदिर, बड़ी गुफा में भी श्री राम संस्कृत महाविद्यालय के आध्यपकों और छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही चित्रकूट का ह्रदय कही जाने वाली मां मंदाकिनी गंगा की सफाई की गई। ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. बी के जैन ने कहा कि यह बहुत ही सुंदर काम है। देश को स्वच्छ और सुंदर बनाना है तो हर एक व्यक्ति को यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम अपने आस पास गंदगी नही होने देंगे और अपने आस पास हम खुद सफाई रखेंगे। अगर हम इस संकल्प के साथ इस स्वच्छता अभियान पर काम करेगे तभी स्वच्छ और सुंदर भारत बनाने में हमारी सच्ची सहभागिता और देश के लिए सच्ची सेवा होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर सब संकल्पित होकर करे काम तभी स्वच्छ भारत का सपना होगा साकार।

चोरी की घटना करने वाली मां-बेटी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकार राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में राजापुर पुलिस ने चोरी की घटना का अनावरण करते हुए एक महिला एवं एक बाल अपचारी बालिका को चोरी के जेवरात (कीमती लगभग 3 लाख रुपये) एवं 4 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को सचिन कुमार जायसवाल पुत्र कामता प्रसाद जायसवाल निवासी राजापुर ने थाना राजापुर में सूचना दी की अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर से सोने-चांदी के जेवरात व एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना राजापुर में अज्ञात लोगों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा द्वारा घटना के अनावरण के लिए वरिष्ठ उप निरीक्षक रामवीर सिंह को लगाया गया।

विधायक और चेयरमैन ने बढाया सफाई कर्मियों का हौसला

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट

मऊ नगर पंचायत कार्यालय में मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी और चेयरमैन अमित द्विवेदी ने श्रेष्ठ कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

मानिकपुर विधायक ने कहा कि आज जो भारत का स्वरूप है, बापू और शास्त्री दोनों महानभुतियों कि महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुत बड़ा था। उन्होंने संघर्ष कर शोषितों, वंचितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जब महात्मा गांधी अफ्रीका से लौट के आए तो भारत के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि बापू भारत के राष्ट्रपिता नहीं बल्कि पूरे विश्व ने उनके आदर्शों को मानते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग उनके विचारों पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी, कर्मचारी जब अपनी भूमिका में होते हैं तो किसी की सहायता के लिए जो गरीब से गरीब व असहाय हैं, उनकी सहायता करें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी पहले अपने जीवन में किसी कार्य करने से पहले आत्मसात करते थे, उसके बाद ही किसी को उपदेश देते थे। इसी तरह जब तक हम अपनी आदत में सुधार नहीं कर सकते तब तक हम किसी का सुधार नहीं कर सकते। हम सभी को महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि बापू की जयंती पर सभी लोग जीवन में स्वच्छता का संकल्प लें।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बीके गौतम व सभासद मौजूद रहे।

जिला कारागार मे हुई चित्रकला प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जिला कारागार में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री के जयन्ती पर आतंवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने एंव सभी वर्गों के बीच शान्ति एवं सामाजिक सद्भाव बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं स्व0 लालबहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण एवं माल्यार्पण किया गया। कारागार के अन्दर बंदियों के बीच उनके जीवन परिचय व विचार धाराओं के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जेल में निरूद्ध पुरुष एवं महिला बंदियों द्वारा गीत-संगीत भी प्रस्तुत किया गया और पुरूष बंदी वर्ग, महिला बंदी वर्ग, किशोर बंदी वर्ग के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बंदियों ने चित्रकला बिना देखे महत्मा गाँधी एवं स्व0 लालबहादुर शास्त्री का चित्र बनाया चित्रकला प्रतियोगिता में कारागार में निरूद्ध बंदियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही कारागार के अन्दर व बाहर वृक्षारोपण भी किया गया।

इस अवसर पर उप कारापाल के0पी0 सिंह अरिवार, माया सिंह, वरिष्ठ सहायक माजिद अली आदि उपस्थित रहे।

न्यायालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय विश्व अहिंसा दिवस एवं गांधी जयंती के अवसर पर न्यायालय परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान सभी न्यायिक अधिकारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं बापू का प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम गाया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जंयती मनाई जाती है। महात्मा गांधी स्वयं सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते थे। साथ ही दूसरे लोगों को भी। इसके अपनाने की शिक्षा देते थे। ऐसे में सभी लोगों को बापू के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने कहा कि देश को आजाद कराने में महापुरूषों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गांधी जयंती के साथ लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी होती है।

सभी लोगों को बापू और शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने सफाई अभियान चलाया। इसके बाद किशोर न्याय समिति के निर्देशन में पूर्ण कालिक सचिव द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में बाल अपचारियों के मध्य लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्रीकृष्ण यादव, अपर जिला जज दीप नारायण तिवारी, नीरज श्रीवास्त, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार, सुशील कुमार वर्मा, सिविल जज विदुषी मेहा व सोनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में डीएम ने बांटे फल

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर डीएम अभिषेक आनंद ने जिला अस्पताल पहुंचकर वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल-चाल लिए एवं फल वितरण किए। डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल के बाहर गेट पर जो रिक्शा का भीड़ लगा रहता है, उसको हटवाएं। उन्होंने ओपीडी, सफाई कर्मी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अगर बेड कम है तो डिमांड शासन से करें। जिलाधिकारी ने मरीज से मीनू के हिसाब से भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से पौष्टिक खाद्य पदार्थ सुनिश्चित कराएं। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किये कि गर्भवती महिलाओं को दूध के साथ अंडा भी देना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने महिला वार्ड नंबर एक, दो व लेबर रूम, पेइंग वार्ड, नवजात शिशु इकाई में जाकर फलों का वितरण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वार्डो में फ्लाइंग कैचर भी लगवाए।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मनाई गई गांधी जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन सोवमार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पूरे निष्ठा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामोदय परिवार ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं में माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं का आवाहन किया कि वे बापू के विचारों और जीवन दर्शन को आत्मसात कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। उन्होंने बापू और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़े प्रसंगों को लेकर युवाओं के लिए प्रेरक व्याख्यान दी। गांधी उद्यान और प्रशासनिक भवन प्रांगण में हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों की काव्य प्रस्तुति और अभिव्यक्ति की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का संयोजन प्रो नंद लाल मिश्रा ने किया तथा संचालन सह संयोजक डॉ. ललित कुमार सिंह ने किया।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी, अधिष्ठाता प्रो अमरजीत सिंह, डॉ. आंजनेय पांडेय आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर मध्य रेलवे के सदस्य भानु प्रताप सिंह ने चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया एवं यात्रियों से संबंधित समस्याओं का स्टेशन सुपरिटेंडेंट के साथ विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने कैंटीन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई रखने की कैंटीन संचालक को हिदायत दी। उन्होंने कहा कि चित्रकूट एक धार्मिक स्थल एवं पर्यटक स्थल होने की वजह से पर्यटकों का जमावड़ा हमेशा बना रहता है, उनकी सुविधा के लिए पर्यटक बूथ एवं पुलिस सहायता बूथ बनाने के लिए स्टेशन अधीक्षक के साथ विमर्श कर शासन को भेजने के लिए कहा। यात्रियों को पानी पीने का समुचित प्रबंध करने बैठने के लिए कुर्सियों का इंतजाम करने तथा आरक्षण बुकिंग खिड़की को बढाए जाने एवं आरक्षण की समय सीमा बढ़ाने के लिए शासन को एक प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात स्वीकार की गई।

चित्रकूट स्टेशन पर वीआईपी लॉन्ज नहीं है। उत्तर दिशा में यात्रियों के लिए पार्किंग स्थल बनाया जाए। यात्रियों की सुविधा के लिए कमोड टॉयलेट की व्यवस्था की जाए। वर्तमान समय में अयोध्या से चलने वाली तुलसी एक्सप्रेस सप्ताह में 2 दिन है, जिसको प्रतिदिन किया जाए। इस ट्रेन के संचालन से जौनपुर प्रयागराज अयोध्या आजमगढ़ एवं अंबेडकर नगर की जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए वॉशरूम एवं टॉयलेट का इंतजाम होना जरूरी है।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । मंगलवार । 03 अक्टूबर 2023 | 03

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज़ हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.2 (+1.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.8 (+2.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 85 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 86 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

मलिन बस्तियों में महिलाओं ने जागरूकता अभियान चलाया

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। पूरे देश में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्वर्ण जयंती मनाई गई । जिसमें कानपुर की गुरुवाणी क्षेत्रीय स्तरीय समिति द्वारा रैली निकाली गई। इस रैली में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मलिन बस्तियों में महिलाओं ने जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिलाओं ने साफ सफाई व रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष निशा अंसारी व जुबैर अहमद खान की उपस्थिति में किया गया। जिसमें कोमल, रेखा, रूबी, आरती, हीना, आदि उपस्थित रहे।

दो अक्टूबर को शराब के ठेके थे बंद, पुलिस कमिश्नर परिसर में खड़ी गाड़ी से बंदर ने निकाल दी शराब

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन पूरा कानपुर शहर जहां एक ओर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती की जयंती मना कर उन्हें नमन कर रहा था तो वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन की एक वानर ने पोल खोल करके रख दी। क्योंकि यह वानर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जब पूरे शहर में शराब के ठेके बंद थे तो उसने उस समय बोतल ला करके दिखा दी और यह बोतल उसने वहां खोली जहां से शहर के क्राइम को नियंत्रित किया जाता है। शहर में दो अक्टूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती थी इसी सबको लेकर शहर में शराब के ठेकों को बंद किए जाने के सरकारी आदेश थे। अचानक से दोपहर के समय कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के परिसर में आए एक बंदर ने एक पुलिस कर्मी की बाईक में लगी साइड अटैची से अंग्रेजी शराब की बोतल निकाल ली जो डब्बे में पैक थी। मुंह और हाथ के सहयोग से बंदर उसे फाड़ने का प्रयास भी करने लगा। बंदर को बोतल खोलता देख पुलिसकर्मियों ने जब उसे दौड़ाया तो बोतल छोड़कर भाग गया और बोतल नीचे गिर पड़ी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि इस मामले में किसी भी पुलिस अधिकारी ने अपना कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

राष्ट्रपिता की जयंती पर 'आरोग्यम' पॉली क्लीनिक की स्थापना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन से सेवा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इसी क्रम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक द्वारा विगत गांधी जयंती पर बीमार लोगों की सेवा का संकल्प लिया गया था। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के हेल्थ सेंटर में आरोग्यम पॉली क्लीनिक की स्थापना की गई थी। जिसमें विगत 1 वर्ष में 700 से ज्यादा मरीजों को निशुल्क परामर्श देने के साथ ही मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया है। कानपुर की प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्या डॉ.वंदना पाठक एवं आयुर्वेदाचार्य डॉ.निरंकार गोयल ने वर्ष भर में (प्रत्येक सोमवार) 350 से ज्यादा मरीजों को अपने परामर्श के द्वारा आयुर्वेदिक उपचार से ठीक किया है। आयुर्वेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक ने आरोग्यम के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर कहा कि विगत एक वर्ष में आरोग्यम् पालीक्लीनिक के माध्यम से प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवा आस-पास की बस्तियों और गांवों में रहने वाले लोगों के बहुत ही लाभकारी साबित हुयी हैं। वहीं स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के निदेशक डॉ दिग्विजय शर्मा ने बताया कि हेल्थ सेंटर में एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के पैथोलॉजी और फिजियोथेरेपी की जांचें न्यूनतम दर पर होने के कारण मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होती है,जिसके कारण जांच कराने वाले मरीजों की संख्या में काफी हद तक बढ़ोत्तरी भी हुयी है।

महात्मा की जंयती पर गांधी की नीलामी से मुक्त नामक पुस्तक का विमोचन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र कानपुर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती पर गांधी की धरोहर पर परिचर्चा सर्व धर्म प्रार्थना सभा तथा पद्मश्री स्वर्गीय गिरिराज किशोर द्वारा संकलित गांधी की नीलामी से मुक्त नामक पुस्तक का विमोचन किया गया उक्त कार्यक्रम गांधी प्रतिमा गणेश उद्यान फूल बाग में खादी की सूत की माला तथा पुष्पांजलि कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिचर्चा कर मनाया गया । सुरेश गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग महासंघ ने अपने संबोधन में कहा कि गांधीजी व्यक्ति नहीं विचार है गांधी जी ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ने के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में रोजगार सृजन करने का भी काम किया गांधी जी कानपुर 1916 से 1934 तक 7 बार आये।सिर्फ अपने अधिकारों के लिए लड़ने वाले कानपुर के श्रमिकों को बापू ने देश के लिए जीना सिखाया उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की प्रेरणा दी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए महात्मा गांधी ने इस बात को सिद्ध किया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में छोटे भाई नरोना श्रीमती शिवा सिंह पुत्री पद्मश्री गिरिराज किशोर मदन भाटिया हरेंद्र भदोरिया अनिल सोनकर खान ए फारूक क अवस्थी जय नारायण गुप्ता भारती नसीम राजा डॉक्टर विनोद उदय अजीत खोटे मिस्टर कुजूर शाकिर अली उस्मानी देव कुमार कबीर डॉक्टर उदय प्रताप सिंह गुप्ता ज्ञानेंद्र गुप्ता डॉक्टर एमके राजपूत शाहिद तमाम लोग मौजूद थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदंबा भाई ने की तथा संचालन बिंदा भाई ने किया।

फास्ट फॉरवर्ड

रसूलपुर गांव में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खेत देखने गए किसान की करंट से मौत

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के रसूलपुर गांव में किसान अंकित शर्मा 40 वर्षीय सोमवार को मूसलाधार बारिश के बाद दोपहर के बाद किसान अपने खेतों को देखने गया था कि कितना पानी खेतों में भर गया है वहीं पर हाई टेंशन लाइन गुजरी है हाई टेंशन लाइन का तार मेंड पर टूट पड़ा था जिसमे किसान नहीं देख सका और उसके चपेट में आकर वहीं पर धूधूकर जलने लगा आसपास के खेतों की तरफ अन्य किसान जलता देख दौड़े और बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित किया तब तक किसान की दर्दनाक मौत हो चुकी थी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

लुटेरों का पीछा करते समय पीड़ित की बाइक से युवती टकराई

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र के मैनावती मार्ग पर बुलट सवार बदमाश युवक का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित युवक ने बाइक से लुटेरों को दौड़ाया लुटेरों का पीछा करते समय पीड़ित युवक ने कल्याणपुर में युवती को टक्कर मार दी गई। इलाज के लिए युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हैलेट रेफर कर दिया गया। बिठूर थाना क्षेत्र के मैनावती मार्ग के धनऊपुरवा निवासी सर्वेश पुत्र रामबाबू निजी कंपनी की कैब गाड़ी चलाता है।सर्वेश ने बताया कि वह घर के पास अपने दो दोस्तों के साथ खड़ा था ।तभी वह फोन से बात करने लगा । सर्वेश के अनुसार पीछे से आए बुलट सवार बदमाश उसका फोन छीन कर फरार हो गए। बाइक से उनका दस किलोमीटर तक पीछा किया तभी कल्याणपुर इंद्रानगर मोड़ पर बाइक से एक युवती को टक्कर लग गई जिससे युवती घायल हो गई और लुटेरे फरार हो गए। जिसके बाद सर्वेश को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। और घायल युवती को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां से उसे हैलेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया वही घायल युवती राधपाल कल्याणपुर पुराना शिवली रोड़ की रहने वाली है। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया घायल युवती के परिजनों ने तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

भाजपाइयों ने बापू और शास्त्री जी को किया नमन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमे जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। शिवराम सिंह ने कहा कि आज हम सभी ÷जय -जवान जय-किसान ÷ का नारा देने वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी हमेशा कहते थे कि हम सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि समूचे विश्व के लिए शांति और शांतिपूर्ण विकास में विश्वास रखते हैं।वह असहयोग आंदोलन दांडी मार्च और अंग्रेजों भारत छोड़ो जैसे आंदोलनों में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में 2 अक्टूबर 1904 को जन्मे शास्त्री जी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में रेलमंत्री, परिवहन व संचार मंत्री, वाणिज्य और उद्योग मंत्री, गृहमंत्री और प्रधानमंत्री बन उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। जिलाध्यक्ष ने छावनी के कटहरी बाग में महात्मा गांधी की मूर्ति की साफ सफाई की और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले महात्मा गांधी ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया बल्कि जिंदगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। गांधीजी के लिए परोपकार से बढ़कर कोई सेवा नहीं थी और मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं था।उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री को हमारे इतिहास के एक बेहद ही महत्वपूर्ण समय में उनके दृढ़ नेतृत्व के लिए हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर ज्ञानू मिश्रा, रजनीश गर्ग,संजय कटियार,वंदना गुप्ता, शिवपूजन सविता ,गणेश शुक्ला, अभिनव शुक्ला,अमित मिश्रा, मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

बापू ने देश को अहिंसा के दम पर अंग्रेजों से देश से आजाद कराया : आनंद कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर गांधी पर्व/अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कुलपति ने कहा कि बापू ने देश को अहिंसा के दम पर अंग्रेजों से देश से आजाद करा दिया था। इसलिए बापू आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। उन्होंने कहा कि बापू ने बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त कर बड़ा अफसर बनना उचित नहीं समझा।बल्कि अपना पूरा जीवन देश और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। इस दौरान डॉ.सिंह ने बताया कि गांधी जी के आंदोलनों में दांडी यात्रा, भारत छोड़ो आंदोलन, असहयोग आंदोलन एवं विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार प्रमुख रहे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि आज का दिन पूरा विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने बताया कि गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था इसलिए विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित छात्रावास के आस पास एवं मुख्य परिसर में अधिष्ठाता कृषि तथा संकाय सदस्य एवं कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई का एक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में सभी को अहिंसा परमोधर्मा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा वाद विवाद, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विकास संस्थान में 21 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मनाए गए स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा का समापन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य, गंगा विचार मंच, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार राघवेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा महात्मा गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि गंगा को स्वच्छ करने की नही बल्कि इसको गंदा न करने की आवश्यकता है। अगर हम गंगा को गंदा नही करेंगे तो वह स्वयं साफ एवं निर्मल हो जाएगी। इस अवसर पर सुगंध एवं सुरस विकास केन्द्र , विस्तार इकाई के सहायक निदेशक डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने स्वच्छता को आज की आवश्यकता बतलाया तथा जन मानस को इस सम्बंध में जागरूकता पर जोर दिया।कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक सुनील अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम में सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विकास संस्थान ,राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगो ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ,सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विकास संस्थान के प्रभारी संयुक्त निदेशक विष्णु वर्मा ,सहायक निदेशक एस.के पांडेय , सहायक निदेशक अमित बाजपेयी ,सहायक मिश्री लाल, अंकित प्रजापति, त्रिलोकी नाथ सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

मसवानपुर पक्का तालाब में विक्षिप्त युवक की डूबने से मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मसवानपुर पक्का तालाब में विक्षिप्त युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रावतपुर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कल्याणपुर खुर्द निवासी बहन आंचल को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची। भाई के मृत शरीर की देख कर दहाड़े मार कर रोने लगी। बहन आंचल ने बताया कि एक साल पूर्व छोटी बहन काजल की शादी की थी तब से मृतक भाई अनूप(25) मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया। मां गुड्डी और पिता अशोक की पूर्व में मौत हो चुकी है। भाई पागल होने की वजह से घर में न रह कर इधर उधर भटकता रहता था। वहीं मंदिर के पुजारी ने बताया कि बीते दिन सोमवार की सुबह करीब दस बजे वह तालाब के पास बैठे थे। तभी युवक पानी में कूद गया। एक व्यक्ति डूब रहे अनूप को बचाने तालाब में कूदा लेकिन उसे बचाने में सफलता नहीं मिली। जिसके बाद समाज सेवी पवन सोनकर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सरसैयाघाट निवासी गोताखोर सोनू गुप्ता और राजन पासवान की मदद से शव को ढूंढ कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस घटना के समय सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और वीडियो बनाने में व्यस्त हो गए। डूबते समय वहां कई लोग मौजूद थे लेकिन एक व्यक्ति को छोड़ कर किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया।

कानपुर में गांधी जयंती पर वैश्य समाज का शक्ति प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के तत्वाधान में विशाल सामाजिक/राजनीतिक चेतना पदयात्रा का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। घंटाघर भारत माता मंदिर से पदयात्रा निकली गई जो कि नयागंज कि पीपल वाली कोठी, तिरपाल मार्केट, काहूकोठी चौराहा, बिरहाना रोड, फूलबाग चौराहा होते हुए फूलबाग गांधी प्रतिमा तक भारी हुजूम के साथ चली। यात्रा के बीच में लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के स्वागताध्यक्ष वैश्य समाज के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज के सभी लोगों को एकजुट कर अपनी सामाजिक एवं राजनीतिक अधिकार के लिए हुंकार भरी है। उन्होंने कहा कि, 16 प्रतिशत की आबादी वाले वैश्य समाज को नजरंदाज ना करें वैश्य समाज को भी राजनीतिक क्षेत्र में भरपूर भागीदारी राजनीतिक दलों के द्वारा सुनिश्चित की जानी चाहिए। भीगते मौसम मेंबभी भारी हुजूम के साथ वैश्य समाज के हजारों संख्या में लोग अपने अधिकारों को लेने के लिए सड़कों पर उतर पड़े भारी बारिश भी समाज के हौसले कमजोर नहीं कर सकी ये वैश्य समाज की एकता, अखंडता की शक्ति है, ये वैश्य समाज है जो कानपुर महानगर में भरा पड़ा है उसके बावजूद हमारे समाज की सहभागिता बेहद कम रखी गई है यह शक्ति है समाज की जो हजारों लोग सड़कों पर उतरकर महात्मा गांधी एवं श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज सरकार को सर्वाधिक राजस्व देने वाला समाज है। समाज को सबसे अधिक सेवाएं यदि किसी ने दी है तो वह वैश्य समाज है यही कारण है कि कानपुर की धरती से यह हुंकार भरी गई है कि वैश्य समाज को उनके राजनीतिक अधिकार, सामाजिक अधिकार, अवश्य ही मिलने चाहिए। हम किसी भी कीमत पर न रुकेंगे, न थकेंगे और ना ही झुकेंगे हमारा समाज भी बढ़-चढ़ कर सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपनी भागीदारी ताकत के साथ सुनिश्चित करेगा। कानपुर महानगर में 5 लाख से अधिक वैश्य आबादी है उसके बावजूद किसी भी पार्टी का न कोई विधायक वैश्य है, न सांसद वैश्य है, न महापौर वैश्य है, न किसी भी दल का जिलाध्यक्ष वैश्य है इन्हीं सब अधिकारी को प्राप्त करने के लिए आज इस विशाल पदायात्रा के जरिए अपनी शक्ति दिखाई गई है!

इस दौरान नरेश माहेश्वरी, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई,अजय गुप्ता, स्वतंत्र अग्रवाल, किशन केसरवानी, सोम गुप्ता, पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू, पार्षद विकास जायसवाल, पूर्व पार्षद अमित मेहरोत्रा, पूर्व पार्षद गुरुनारायण गुप्ता, पार्षद आदर्श गुप्ता, पार्षद पवन गुप्ता, विजय गुप्ता मार्बल, पवन गुप्ता, पूर्व विधायक सतीश निगम, कानपुर बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री राहुल गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, अमित दोसर, वंदना गुप्ता, प्रिया साहू, संध्या गौतम, आकाश जायसवाल, मनोज गुप्ता, सीपी ओमर, राजेश गुप्ता, रवि गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, निखिल गुप्ता, विनायक पोद्दार, राजेश गुप्ता, बल्ले गुप्ता, अरुण राठौर, प्रकाश गुप्ता, भूपेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के विद्यालयों में महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सरकारी और अर्ध सरकारी विद्यालयों में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर फूल माला पहनकर बच्चों को उनके जीवन के बारे में बताया और बच्चों ने भी कविताएं सुनाई प्राथमिक विद्यालय प्रसाद निवादा इंचार्ज अध्यापिका रेखा सिंह ने बच्चों को विधिवत महापुरुषों के जीवन की गाथाएं बताई और उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया सुधा इंटरनेशनल स्कूल धिमऊ में बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गये और सूक्ष्म जलपान भी कराया गया । चिल्ड्रेन मेमोरियल स्कूल मे कार्यक्रम आयोजित किए गए प्रबंधक राकेश त्रिवेदी व सुभाष त्रिवेदी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए अशोक पब्लिक स्कूल व लक्ष्य एजुकेशन सेंटर अलियापुर में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए सरस्वती बाल विद्या मंदिर जवाहर नगर बिल्हौर मे महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम स्कूल के प्रबंधक श्री देवीदीन सविता व स्कूल के संरक्षक देवेंद्र कुमार प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा ने महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण किया व लाल बहादुर शास्त्री के विषय में बच्चों को बताया इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक तनु गुप्ता, अर्चना, प्रांशी गुप्ता, नसरीन, आयशा, आयुष यादव आदि शिक्षक व शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती

जन एक्सप्रेस। अमेठी

सेनानियों के आश्रितों एव सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित, जिलाधिकारी ने स्वयं द्वारा रचित पुस्तक 'कवि का शहर' नोडल अधिकारी को की भेंट

जनपद में देश के दो महापुरुषों की जयंती सोमवार उत्साह पूर्वक मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी पंकज कुमार एमडी यूपीपीसीएल व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जहां गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने सौम्यता एवं शालीनता का।इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। तथा गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने के उपरांत महात्मा गांधी का प्रिय भजन **रघुपति राघव राजा राम** गाया गया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अशोक कुमार द्विवेदी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभान यादव, वीरेंद्र प्रताप तिवारी, रामनिवास मिश्रा, देवी प्रसाद तिवारी, देवराज सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। दोनों ने हमें यह सिखाया है, कि अपने अंदर व्याप्त बुराइयों पर दृढ़ इच्छा शक्ति से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने गांधी के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का आवाहन किया। तथा जीवन के किसी भी मोड़ पर कभी झूठ व हिंसा का सहारा न लेने की अपील किया। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में नोडल अधिकारी ने कहा की जीवन में स्वच्छता का अत्यंत महत्व है।स्वच्छ रहना हम सब की मूलभूत जरूरतों में है। जो हमारे व्यक्तित्व में निखार लाती है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सत्य, अहिंसा हमारे जीवन को पूरी तरह से बदल सकते हैं। इसके उपरांत नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों क्रमशः मनोज कुमार, सुरेश प्रजापति, प्रमोद कुमार, चंद्रपाल, चमेला देवी, चंद्र प्रकाश, शिव शंकर, द्वारका प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, रामसुख लालचंद दिलीप कुमार व गणेश को शील्ड व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

गांधी जयंती के अवसर पर बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं द्वारा रचित पुस्तक **कवि का शहर** नोडल अधिकारी को भेंट की साथ ही स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक राम केवल त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआर डीए ऐश्वर्य यादव, उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस रीता सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सम्मानित कर एसडीओ ने बढ़ाया संविदा कर्मियों का हौसला

जन एक्सप्रेस/बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र के बगल स्थित विद्युत उपखंड पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। एसडीओ अरुण कुमार यादव,जेई आनन्द भारती बल्दीराय, जेई विनय रावत इसौली वह अन्य कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात इसौली, बल्दीराय, हलियापुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात 'मीटर रीडर विश्वनाथ यादव इसौली, मीटर रीडर मनोज सिंह हलियापुर, मीटर रीडर अनुराग मिश्रा बल्दीराय, दुखीराम संविदा कर्मी इसौली, हरिकेश ओझा संविदा कर्मी हलियापुर सीताराम संविदा कर्मी बल्दीराय' आदि विद्युत कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के उपरांत उन्हें गिफ्ट देकर एसडीओ ने सम्मानित किया। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सत्य की राह पर चलने का संकल्प लिया। एसडीओ अरूण कुमार यादव ने बताया कि इसौली, हलियापुर, बल्दीराय विद्युत उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी (लाइनमैन) को बेहतर कार्य करने के लिए 23अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं उन्होंने संविदा कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी सच्चाई के रास्ते पर चलकर अपने कार्य को और बेहतर अंजाम देने का प्रयास करें। इस मौके पर अंजनी कुमार यादव, यतेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राहुल चौरसिया, बड़े बाबू विजय कुमार, एसएसओ शनीष कौशल, सीताराम, जगदीश कुमार मौर्य, आशीष मौर्य, त्रिलोकी, रामभवन आदि लोग मौजूद रहे।

सीएमओ ने फर्जी अस्पतालों को जारी किया सीज करने की नोटिस

क्षेत्र में फर्जी तरीके से चल रहे हैं दर्जनों क्लीनिक

जन एक्सप्रेस। धर्मेंद्र मौर्य

तिलोई/अमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई के चंद कदमों की दूरी पर बिगत दो बर्षो से ये दोनों हास्पिटल अपने काले कारनामों के कारण क्षेत्र में चर्चा में बने रहते हैं। गौरतलब हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक कार्यालयों में आये दिन प्रशासन के उच्च अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है फिर भी किसी महातत अधिकारी ने इस अस्पताल पर नजर डालना मुनासिब नहीं समझा। बिगत कुछ दिनों से इस अस्पताल में कार्यरत झोला छाप डाक्टर के द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर बड़े स्तर की धोखाधड़ी का स्कैम सामने आया था।

अमेठी सीएमओ द्वारा दो अस्पतालों पर छापेमारी

जानकारी के अनुसार जिले के सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने स्वास्थ्य टीम सहित तिलोई कस्बा स्थित जनता हास्पिटल चौराबाग में छापेमारी किया। जिसमें बगैर सर्जन के सर्जरी चल रही थी। इसके अलावा बेहोशी के डाक्टर भीं नहीं मिले। जिससे क्षेत्र में अवैध क्लीनिक संचालकों में मचा हड़कंप मचा हुआ है। बताते चले की तिलोई कस्बे में दर्जनों क्लीनिक का संचालन और आपरेशन झोला छाप डाक्टरों द्वारा करके मरीजों से मोटा पैसा लिया जा रहा है। कुछ क्लीनिको में गर्भपात आदि धड़ल्ले से किया जाता है। इसी ब्लाक के अन्तर्गत चेतरा बुर्जुग में स्थित जीत नर्सिंग होम में भी छापेमारी हुई। जिसकी शिकायत कुछ समय पूर्व में ग्रामीणो द्वारा किया गया था। और जांच में मामला सही पाया था। लेकिन सत्ताधारियों व ऊंची रुखूक के चलते मामला रफा दफा कर दिया गया था।

डिलीवरी के दौरान महिला की मौत हो गई थी

सूत्रों की मानें तो बीते माह में ग्राम पूरे दलगंजन मजरे कूरा निवासी कौशल की पत्नी की डिलीवरी के दौरान जीत नर्सिंग होम में लापरवाही पूर्वक इलाज व बिना डिग्री धारक डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन किए जाने से इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। जिस पर पीड़ित कौशल ने सीएचसी तिलोई के अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत भी की थी। लेकिन प्रभावशाली लोगों के साथ जीत नर्सिंग होम संचालक ने मिलकर पीड़ित परिवार पर दबाव बनाकर कुछ पैसे देकर मामले को दबा दिया गया था। ऐसी कई घटनाएं जीत नर्सिंग होम में घटित हो चुकी है। जिसकी जानकारी सूत्रों के हवाले से मिलती रहती है। लेकिन सत्ताधारियों के दबदबे की वजह से संचालक के हौसले बुलंद होकर दोनों हाथों से पैसा बटोरने में जुट गए। जिसकी पुष्टि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई के अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक शुक्ला ने करते हुए बताया कि तिलोई क्षेत्र में सीएमओ द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें क्षेत्र के फर्जी तरीके से चल रहे दो अस्पतालों को नोटिस जारी करते हुए सीज करने के निर्देश दिए गए हैं।

शहीद सुरेंद्र कुमार पांडेय की याद में निकली अमृत कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस। अमेठी

सोमवार को नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के नेतृत्व में विकास खण्ड भेटुआ के गांव पूरे सुरजू देवरहा अमेठी के शहीद सुरेंद्र कुमार पांडेय की याद में मेरी माटी मेरी देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में राजेश प्रसाद पांडेय सीआर पीएफ के द्वारा सीआरपीएफ बैंड बाजे की टीम मौजूद रही।बैंड की अध्यक्षता आईएन एसपी अवस्थी ने की।अमृत कलश यात्रा भारत माता की जय, शहीद सुरेंद्र अमर रहे के नारों से गूँजती हुई, शहीद के गाँव में विभिन्न घरों से एक मुट्ठी मिट्टी व एक चुटकी चावल एकत्र किया गया। यात्रा के समापन में उपनिदेशक डॉ आराधना राज एवम सोसाइटी फ़ॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एवं ह्यूमैनिटी अमेठी के संस्थापक लालमणि कश्यप, साधना फाउंडेशन अमेठी की संस्थापक साधना त्रिपाठी द्वारा सभी सैनिकों को साल भेंट कर सम्मानित किया गया।

शहीद सुरेंद्र कुमार पांडेय के पिता ने नम आंखों में कहा आज जो नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा हमारे परिवार को जो सम्मान मिला, आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ। पुत्र को सहीद हुए तीन वर्ष हो गए एक स्मारक तक नही बन सकी।

पिता द्वार ज्ञात हुआ कि शहीद सुरेंद्र कुमार पांडेय पुत्र राजेंद्र प्रसाद पांडेय का जन्म 10 जून 1982 को ग्राम पुरे सुरजू भेटुआ तहसील अमेठी में हुआ था। दिनांक 22 जुलाई 2020 को अपनी पत्नी विजय लक्ष्मी सहित भाई प्रवेश पांडेय को छोड़कर चले गए। शहीद की याद में आयोजित अमृत कलश यात्रा में वीडीओ भेटुआ विनय वर्मा, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विवेक मिश्र, सीआर पीएफ के एलआईओ अखिलेश पांडेय, ग्राम प्रधान प्रवीण मौर्य सेक्टरी सुरेश चंद्र सहित तमाम ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रही।

अंजान वायरस से दर्जनों महिला, पुरुष और बच्चे ग्रसित, हड़कंप

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

शहर के खैराबाद इलाके में बूढ़े, बच्चे और जवान एक अंजान वायरस से ग्रसित है, जिसके चलते उन्हें चलने-फिरने और हांथो में दिक्कते हो रही है। ग्रसित मरीजों ने शहर के अच्छे से अच्छे डॉक्टरों से जांच व इलाज भी कराया, परंतु दवाओं का असर खत्म होते ही पुनः उसी स्थिति में लोग पहुंच जाते है। जानकारी होते ही मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने फौरन डिप्टी सीएमओ डॉ. आमिर, डीएमओ बंशीलाल, एएनएम और आशाबहु को मौके पर भेजा। डॉ.आमिर, डीएमओ बंशी लाल, एएनएम व आशाबहु ने घर-घर जाकर पीडित मरीजों से मिले उनकी जो पूर्व में जांच हुई थी उसकी रिपोर्ट देखी और जो दवाएं ली गई थी उसे देखने के बाद सीएमओ को दूरभाष पर जानकारी दी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी ने आवश्यक निर्देश देते हुए त्वरित स्वास्थ विभाग की टीम लगाने तथा खैराबाद मोहल्ले में दवा का छिड़काव करने के लिए कहा। खैराबाद पहुंची टीम ने मरीजों की रिपोर्ट देखी जिसमें डेगू, मलेरिया /फाईलेरिया के लक्षण नही मिले, डिप्टी सीएमओ डॉ.आमिर ने बताया कि आगे की जांच डेगू, मलेरिया /फाईलेरिया को छोड़कर दूसरे लक्षणों की होगी। वही डीएमओ बंशीलाल ने कहाकि टीम तबतक खैराबाद में काम करती रहेगी जब तक हम हर घर तक पहुंच ना जाए। हालाकि खैराबाद में गंदगी भी एक बडा़ कारण है, जगह-जगह नालियां ऊपर से बह रही है, सकरी गलियों में गंदगी पटी पडी़ है, साफ-सफाई के नाम पर औपचारिकताएं ही दिखाई दे रहा है। यहा तक कि लोग अपने ही आस-पास गंदगी फैलाए हुए है, बहरहाल समय रहते सीएमओ के संज्ञान में मामला पहुंच गया। जिसके चलते स्वास्थ विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर काम पर लग गई, देखना होगा कि जांच टीम के द्वारा जिस वायरस से दर्जनों की संख्या में लोग ग्रसित है।

नेत्र परीक्षण शिविर में 24 मरीजों की हुई नि:शुल्क जांच

जन एक्सप्रेस/कुड़वार। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में सोमवार क्षेत्र के पूरे फैजू खान (डोमनपुर) में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 24 लोगों की जांच की गई। इसमें 10 लोग मोतियाबिंद के पाए गए। पूरें फैजू खान में आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में अमेठी आई हॉस्पिटल के डॉ0 मुहम्मद रजा खान और उनकी टीम के सहायक विक्रम सिंह व सुंदर लाल की देखरेख में मरीजों के आंखों की जांच की गई। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद ने बताया कि बरसात होने के कारण दूर -दराज के मरीज नही आये। गांव और पड़ोस के नजदीकी मरीजो ने ही पंजीयन कराया। बहुत से मरीज 2 बजे कैम्प सम्पन्न होने के बाद पहुँचे । उनको पुन: कैम्प जब आयोजित किया जाएगा तो बुलाया गया है। सोमवार को शिविर में 25 लोगों की नि:शुल्क जाँच हुई। जांच में 7 लोग शाहीन बानों, सुखराजी, तौसीफ खान,असद उल्ला, उमा पाल, चंद्रकली यादव, आसिया बानों के मोतियाबिंद पाए गए। उक्त मरीजो ऑपरेशन के कल का समय दिया गया। अमेठी आई हॉस्पिटल में कुशल सर्जन डॉ0 अमित वर्मा की ओर से नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महात्मा गाँधी और शास्त्री की जन्म जयंती

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

कमला नेहरू संस्थान के फार्मेसी संकाय मे सोमवार को महत्मा गाँधी की 154 वीं जयंती को बहुत ही धूमधाम के साथ स्वछता ही सेवा है के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक प्रोण् (डॉण) महेश प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना और महत्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र गान के साथ किया।

उन्होंने बताया की 2 अक्टूबर का दिन हम सब के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है देश इस बार महात्मा गाँधी की 154 वीं जयंती एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' अभियान के साथ राष्ट्रपिता को **'स्वच्छांजलि'** के साथ श्रद्धांजलि दे कर मना रहा है और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती मना रहा है। उन्होंने अपने व्याख्यान मे बताया कि महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे महान नेताओं में से एक थे और अपने अहिंसक साधनों के लिए लोकप्रिय थे। वह 20 वीं सदी की शुरुआत में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक सक्रिय हिस्सा बन गए थे। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ प्रतिरोध के कई महत्वपूर्ण आंदोलनों, जैसे असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह को दांडी मार्च, भारत छोड़ो आंदोलन आदि का नेतृत्व उनके कुशल नेतृत्व में किया गया था। गांधी जी द्वारा प्रचारित अहिंसा और एकता के विचारों को मनाने के लिए हर साल गांधी जयंती मनाई जाती है।

संस्थान मे महत्मा गाँधी से जुड़ी हुई विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओ जैसे स्पीच कम्पटीशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, निबंध लेखन तथा स्वच्छता जागरूकता रैली के आयोजन मे छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओ मे विजयी छात्रों को संस्थान के निदेशक ने सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया और इस तरह के कार्यक्रमो मे छात्रों को प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया स इस अवसर पर संस्थान के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जयंती पर गांधी, शास्त्री व मसूरिया दीन को कांग्रेसियों ने किया याद

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

राष्ट्रपिता स्व महात्मा गांधी, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व मसूरिया दीन पासी की जयंती सोमवार को कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रांगण में झंडारोहण किया गया, तत्पश्चात तीनों महानुभावों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उसके बाद कार्यालय के प्रांगण में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं व जिलाध्यक्ष ने तीनों महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डाला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरियादीन पासी और किसानों और जवानों के हितेषी लाल बहादुर शास्त्री जी हमेशा याद किए जाएंगे। भारत के लिए 2 अक्टूबर का दिन काफी महत्वपूर्ण है। बापू ने देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करवाने में सबसे अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने अपने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के दम पर अंग्रेजों को कई बार घुटने फेंकने पर मजबूर कर दिया, उनके अहिंसा के सिद्धांत को पूरी दुनिया ने सलाम किया यही वजह है कि आज पूरा विश्व इस दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के तौर पर भी मानता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार हमेशा से न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व का मार्गदर्शन करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। वहीं उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के बारे में बताया कि वे क्रांतिकारी व्यक्ति थे और उनके द्वारा गांधी जी के नारे को मारो नहीं मारो में चतुराई से बदलाव मात्र से देश में क्रांति की भावना जाग उठी और उसने प्रचंड रूप ले लिया और इसके लिए शास्त्री जी को जेल भी जाना पड़ा आजादी के बाद शास्त्री जी की साफ सुथरी छवि ने उन्हें नेहरू जी मृत्यु के बाद देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया और उनके सफल मार्गदर्शन में देश काफी आगे बढ़ा अनाजों की कीमतों में कटौती, भारत पाकिस्तान की लड़ाई में सेना को खुली छूट देना उन्होंने नारा दिया जय जवान, जय किसान, ताशकंद समझौता जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए और प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अपने देश के लिए बलिदान और सच्ची देश भक्ति के लिए सदैव जाने जाएंगे।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरिया दीन पासी के बारे में बताया कि मसूरियादीन पासी स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 9 वर्षों तक पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ जेल में रहे और आजाद भारत में फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहते हुए पासी समाज पर अंग्रेजों द्वारा लगाए गए जरायम पॉश एक्ट से मुक्ति दिलाई। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी, पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष वरुण मिश्र,युवा कॉग्रेस प्रदेश महासचिव सुब्रत सिंह सनी, सुनील चैहान, आवेश अहमद, संतोष तिवारी, नंदलाल मौर्य, शक्ति तिवारी, मानिक श्रीवास्तव, राकेश कसौधन, राहुल मिश्र, सिराज अकेला, नन्हें तिवारी, आवेश अहमद, शहबाज, ओम प्रकाश दूबे, राजेश श्रीवास्तव, बलराम त्रिपाठी, हौसिला भीम, मोहित तिवारी, इमरान अहमद, शीतला साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

पत्रकारों ने दी जिलाधिकारी को विदाई, सुलभता और कार्य कुशलता को सराहा

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

जिले की निवर्तमान जिलाधिकारी जसजीत कौर के सात महीने के कार्यकाल में उनकी मांग पर पिछले दिनों स्थानांतरण हो गया। पत्रकारों ने आज उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनकी सरलता, सुलभता और कार्यकुशलता की मुक्त कंठो से सराहना की। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की पहल और जिला सूचनाधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न संगठनों व मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों व पत्रकारों ने जिलाधिकारी को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय ने उनके कार्य की सराहना करते हुए एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के सहसंयोजक सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहाकि छोटे से कार्यकाल में जिलाधिकारी का मीडिया और जनता से जो सकारात्मक तालमेल बना, वह काबिले तारीफ है। खबरों को लेकर जिलाधिकारी की सरलता से सुलभता पत्रकारों के लिए सबसे बड़ा स्नेह है। दर्शन साहू ने कहाकि जिलाधिकारी का पत्रकारों के लिए हमेशा सहयोगात्मक रवैया सराहनीय रहा हैं। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश दुबे ने कहाकि स्थानांतरण प्रशासनिक प्रकिया है लेकिन बहुत अल्प समय में जिले में अपनी छवि को बनाना बड़ी उपलब्धि है। इस खुशबू को आगे भी जाये बनाये रखें। विजय पांडेय ने कहाकि प्रेस क्लब की जीर्ण समस्या को जिस तरह से गंभीरता से लिया वह पत्रकारों के प्रति सामंजस्य का परिचायक रहा। जनता दरबार में हर कोई संतुष्ट होता था। इसके अतिरिक्त पत्रकार नीरज तिवारी, विनोद पाठक आरसी, सर्वेश सिंह, अंकित राय, हासिम अब्दुल्ला ने भी संबोधित किया। संचालन पत्रकार पंकज पांडेय ने किया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार सत्यदेव तिवारी, रवि श्रीवास्तव, दयाशंकर गुप्ता, राकेश तिवारी, श्रीकृष्ण पांडेय, दिनेश श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, लालजी, मनोज मिश्र, दीपक मिश्रा, इंद्र नारायण तिवारी आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

पुलिस लाइन्स में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की मनायी गयी जयंती एवं राष्ट्र की एकता व अखण्डता की दिलाई गई शपथ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सोमवार को **गांधी जयंती** के अवसर पर पुलिस लाईन्स रायबरेली में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय रायबरेली, श्री आलोक प्रियदर्शी द्वारा **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी** व **पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री** के चित्रों का लोकार्पण एवं माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में इन महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्य योगदान को याद करते हुए समस्त पुलिस कर्मियों को उनके सम्पूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाए गए सत्य, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा, परिश्रम व सदमार्ग के रास्ते पर चलने की अपील करते हुए सभी पुलिसकर्मियों को सत्य, अहिंसा व सदमार्ग पर चलते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व सुरक्षा हेतु अपना योगदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रायबरेली व अन्य अधिकारीगण के साथ-साथ पुलिस लाईन से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता और शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लें : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने हमें सत्य, अहिंसा और कर्तव्य निष्ठा का संदेश दिया। हमें अपने कार्य क्षेत्र में भी इस भावना को शामिल करना चाहिए। जिससे कि इन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि मिल सके। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बचत भवन में नोडल अधिकारी रजनीश गुप्ता के साथ पंचायती राज और नगर पालिका परिषद के 10 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी, नोडल अधिकारी के साथ जीवीपी पॉइंट पर भी गई और वहां पर उन्होंने नोडल अधिकारी के साथ स्वच्छता संबंधी निरीक्षण किया। तदुपरांत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया और संदेश दिया कि सभी लोग पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आए और अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिला अधिकारी वित्त पूजा मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र के अतिरिक्त सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

एनटीपीसी में आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। ऊँचाहार, रायबरेली

भारत सरकार के शहरी विकास और विद्युत मंत्रालयों के दिशानिर्देश के अनुसार एनटीपीसी ऊँचाहार में आजादी के अमृतकाल में मनाई जा रही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 शुरू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील 'एक घंटे एक साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान करें' को धरातल पर उतारते हुए ऊँचाहार विद्युत ग्रह के कोल हैंडलिंग परिक्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आलोक कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में तथा महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) कड़ेदीन यादव के सयोजन में आजोयित सफाई अभियान में एनटीपीसी ऊँचाहार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, एसोसिएशन के प्रतिनिधि, सीएचपी विभाग के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उप महाप्रबंधक मानव संसाधन विजय कुमार तथा डॉ. दिशा अवस्थी ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ऊंचाहार परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं जनजागरुकता लाने के उद्देश्य से अन्य कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	39°C	28°C
कानपुर	40°C	30°C
देहरादून	28°C	23°C
नई दिल्ली	40°C	30°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । मंगलवार । 03 अक्टूबर 2023

अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकतः सीएम योगी

गांधी जयंती पर सीएम योगी ने चलाया चरखाः महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि, गांधी आश्रम में खादी वस्त्र भी खरीदे

- जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बापू व शास्त्री जी को याद किया
- दोनों विभूतियों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/गोरखपुर

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंचे हैं। सीएम योगी ने यहां सोमवार को महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों को श्रद्धांजलि दी। बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री गोलघर के गांधी आश्रम भी पहुंचे और चरखा चलाकर उन्हें याद किया। सीएम ने गांधी आश्रम में सूत कातने की विधि को देखने, जानकारी लेने, खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों को देखने के बाद खादी के वस्त्र भी खरीदे। बापू के सत्य और अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री ने सोमवार को गोरखपुर के टाउनहॉल स्थित उनकी प्रतिमा पर रामधुन के बीच माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सीएम योगी ने शास्त्री चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। गांधी आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर नमन कर रहा है। बापू ने उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता।

योगी आदित्यनाथ ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि जय जवान-जय किसान का उद्घोष कर सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भरता के प्रति आह्वान करने वाले शास्त्री जी बापू के परम अनुयायी भी थे। आज देश व समाज में उनके योगदान को नमन करने का भी अवसर है। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी मौजूद रहे।

महात्मा गांधी के स्वदेशी एवं स्वराज के विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगेः भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सत्य, अहिंसा व शान्ति के पथप्रदर्शक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वभाषा, स्वराज एवं सहकार के उत्तम विचार समस्त भारतवर्ष को सदैव राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते रहेंगे। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर प्रदेशवासियों को गांधी व शास्ती जयंती की शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा 'जय जवान-जय किसान' का नारा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सुसज्जित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें शत-शत् नमन। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सादगी एवं सरलता की प्रतिमूर्ति लालबहादुर शास्त्री ने अपने उत्कृष्ट विचारों के माध्यम से जन-जन में राष्ट्र प्रेम का संचार कराने का अद्वितीय प्रयास किया था जो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

स्वच्छता की शिक्षा देकर महात्मा गांधी ने राष्ट्र को उत्कृष्ट संदेश दियाः आनंदीबेन पटेल

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर नमन किया और सभी को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता की शिक्षा देकर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सपने को पूरा करने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 02 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की गयी और इसी कड़ी में इस वर्ष 01 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गयी है, जो गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। राज्यपाल ने कहा कि आज नशा उन्मूलन और कुष्ठ रोग दिवस भी है। उन्होंने नशा को एक सामाजिक बुराई बताया और लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर उन्होंने कुष्ठ रोग के उन्मूलन हेतु कहा कि कुष्ठ रोगियों के प्रति स्नेह भाव रखें। राज्यपाल के साथ अपर प्रमुख सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह सहित राजभवन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। भारतवासियों के प्रिय और सदैव स्मरणीय बापू और शास्त्री की जयंती के अवसर पर राजभवन के गांधी सभागार में राजभवन अध्यासितों के बच्चों ने बापू के प्रिय भजन प्रस्तुत किये तथा सह-प्रस्तुतियां भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाकारों ने दीं।

महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री का किया माल्यार्पण

- पुलिस कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक दायित्वों के निर्वहन का पढ़ाया पाठ
- सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की दिलाई गई शपथ

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना परिसर व महोना चौकी व महिगवां चौकी पर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए याद किया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने सभी पुलिसकर्मियों को बताया कि यह वर्दी हम सबकी शान है और सदैव इसकी गरिमा को बरकरार रखना हम सबका प्रथम कर्तव्य है। हमें अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुए पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से प्रत्येक व्यक्ति की सहायता व सहयोग करना है। ऐसे महान व्यक्तित्व का सपना तभी पूर्ण होगा जब हम सब शांति, अहिंसा, सत्य, समानता, महिलाओं के प्रति सम्मान जैसे आदर्शों पर चलेंगे। वहीं महोना चौकी पर चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र तथा उनके द्वारा दिखाये गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने, उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की सभी पुलिसकर्मियों को महोना चौकी पर शपथ दिलवाई।

गांधीजी के बताये गये रास्ते से ही देश की एकता-अखण्डता रहेगी कायमः अजय राय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कांग्रेस पार्टी से सांसद व स्वतंत्रता सेनानी रहे मसुरियादीन पासी को भी जयंती पर याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के विचारों पर प्रकाश डाला, और भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांधी जी के विचारों को सिर्फ स्वच्छता तक सीमित करना और भाजपा द्वारा गांधी के विचारों को कुचलने के साथ मजबूरी में गांधी के ऊपर फूल चढ़ाने का आरोप लगाया।प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि राष्ट्रपिता बापू के और देश के प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री व कांग्रेस पार्टी से चार बार विधायक, एवं सांसद रहे स्व. मसुरियादीन पासी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को याद किया गया।

सहारा शहर में स्वच्छता अभियान के साथ मनायी गयी गांधी जयंती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सहारा शहर में स्वच्छता अभियान के साथ महात्मा गांधी के जन्म दिवस को गांधी जयंती के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार अनिल विक्रम सिंह ने समस्त टीम के साथ सहारा शहर? गोमतीनगर के प्रांगण में पुष्पांजलि व माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्री सिंह ने बताया कि हमारे अभिभावक सहाराश्रीजी हमेशा से बापू के अहिंसा सिद्धांत का समर्थन करते रहे हैं और उनके आदर्शों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी भारत के स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख चेहरों में थे जिन्होंने सिर्फ भारत मे ही नहीं बल्कि दुनिया भर में अहिंसा की मशाल जलायी। यही कारण है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मानता है जिसके परिप्रेक्ष्य में सरकार ने एक अक्टूबर को बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने के लिए ÷एक तारीख, एक घंटा, एक साथ÷ अभियान छेड़ा और यह प्रेरणा दी कि हमें स्वच्छता को अपनी आदत में शुमार करना चाहिए। स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है इस अभियान को केवल एक या दो दिन नहीं बल्कि अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए और सभी सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए।

डिप्टी सीएम ने गांधीजी और शास्त्रीजी को अर्पित की श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांधी का पूरा जीवन ही एक संदेश है। मौर्य ने कहा है कि गांधी जी के विचार और उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है। हम सबको उनके जीवन दर्शन व सुकृत्यों से न केवल प्रेरणा लेनी चाहिए, बल्कि उसे आत्मसात करना चाहिए।उन्होंने कहा गांधी जी आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। उनकी हर बात, हर काम प्रेरणा का संदेश है। वह संपूर्ण मानवता के प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।कहा कि बापू के आदर्श हमें समृद्ध भारत बनाने का हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाया, वह सत्य और अहिंसा के पुजारी थे।

मानक विपरीत पीला ईंटा व घटिया सामग्री से पार्क का किया गया निर्माण

- पार्क की दीवार से छूट रहा प्लास्टर, बीकेटी ब्लॉक अधिकारी मौन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विकास खण्ड के कठवारा ग्राम पंचायत स्थित चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से पार्क का जीर्णोद्धार दिखाकर ठेकेदार द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। जानकारी के मुताबिक, चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से वर्ष 2023 में एक पार्क का जीर्णोद्धार 8 लाख रुपए से अधिक धनराशि कागजों पर दिखाकर कराया गया है। जबकि मौके पर पार्क के जीर्णोद्धार के नाम पर मात्र खानापूर्ति करके जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से ठेकेदार लाखों रुपए डकार गए। आपको बता दें कि चंद महीने पहले बना यह पार्क अब खंडहर में तब्दील होने लगा है, तथा पार्क में लगा स्टील का गेट भी अब गायब हो चुका है। वहीं ठेकेदार द्वारा जमीन के ऊपर ही 2 फिट की मानक विपरीत पीला ईंट व घटिया निर्माण सामग्री से दिवारी बना दी गई और उसके ऊपर एक फिट ऊंची स्टील की रेलिंग लगाकर महज खानापूर्ति कर भारी भरकम बजट को निकाल लिया गया है। स्थानीय पुजारी व लोगों के मुताबिक पार्क करीब 600 स्क्वायर फिट में बनाया गया है, जो किसी के उपयोग में नहीं आ रहा बल्कि धन का दुरुपयोग किया गया है। इस मामले में लखनऊ सीडीओ रिया केजरीवाल ने जांच करवारकर कार्यवाहीं की बात कही थी लेकिन बीकेटी विकासखंड अधिकारी इस मामले में ध्यान नहीं दे रहे हैं संवाददाता के फोन करने पर टाल मटोल कर मामले को टाल दिया जाता हैं।

चंद्रिका देवी मंदिर परिसर पार्क में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत

विहिप जिलाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने बताया कि पूर्व में उन्होंने तहसील दिवस में शिकायत देकर पार्क निर्माण में हुए भृष्टाचार की जांच कराने की गुहार लगाई थी। जिसकी जानकारी ब्लॉक के अधिकारियों को भी है। परंतु अभी तक दोषियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उपमुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य,कृषि उत्पादन आयुक्त, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

किसान संगठन मजबूत होंगे तभी सक्षम होंगे किसानः अशोक बाजपेयी

- तेज शंकर अवस्थी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, देवेश दीक्षित महासचिव बने

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सक्षम किसान एसोसिएशन के स्थापना दिवस समारोह में राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपेयी ने कहा है कि जब किसान संगठन मजबूत होंगे, तभी किसान सक्षम होंगे। वह यहां संगीत नाटक अकादमी में सक्षम किसान एसोसिएशन के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान संगठन की कार्यकारिणी के चुनाव भी हुए, जिसमें सर्वसम्मति से तेज शंकर अवस्थी (तेज) को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा देवेश दीक्षित को राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। सांसद श्री बाजपेयी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों ने किसानों को सक्षम बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे धरातल पर उतारने में सक्षम किसान एसोसिएशन के कार्य अहम योगदान दे रहे हैं। भारत की 70 फीसदी आबादी अब भी कृषि अर्थव्यवस्था पर आधारित है। कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाये बगैर इस बड़ी आबादी को सक्षम, स्वावलम्बी और समृद्ध नहीं बनाया जा सकता। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सरकार उन्नत बीज, खाद और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी दे रही है। मोटे अनाज को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का जोर जीरो बजट खेती पर भी है, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो। एमएलसी पवन सिंह चौहान और एमएलसी अवनीश सिंह ने भी कृषि को लाभकारी बनाने के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी। संस्था के महासचिव देवेश दीक्षित ने बताया कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने के लिए सक्षम किसान एसोसिएशन दोनों के बीच सेतु की भूमिका में है। लोगों ने संगठन के कार्यों को इस तरह सराहा है कि अब तक 40 हजार के अधिक लोग इसकी सदस्यता ले चुके हैं। बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी वाले आयोजन में, जिनमें महिला किसानों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा थी। मो. अली साहिल, डी.एल. चंचल, यदुनाथ सुमन ने किसानों की दशा और दिशा को लेकर काव्य पाठ्य किया। कार्यक्रम में लखनऊ बार के पूर्व अध्यक्ष जी.एन. शुक्ला, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सी.पी. अवस्थी, उप्र बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, जननेता अजय त्रिपाठी (मुन्ना), भाजपा प्रवक्ता अशोक कुमार पाण्डेय, किसान नेता विष्णु पाण्डेय (कानपुर), गिरजा शंकर त्रिपाठी (देवरिया), घनश्याम बाजपेयी (उन्नाव), राधाकृष्णा शुक्ला (रायबरेली), अमर मिश्रा (बहराइच), शिव सिंह (नोएडा), अरुण कसाना (ग्रेटर नोएडा) आदि ने किसानों को लेकर अपने विचार व्यक्त किये।

पति ने ईंट से कूंचकर की पत्नी की हत्या, कई महीने से थी मायके में, पति से चल रहा था विवाद

- जानकीपुरम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट जानकीपुरम थाना क्षेत्र की सरहद कोटवा गांव के समीप में रविवार रात करीब 3:30 बजे एक पति ने आपसी विवाद के बाद ईंट से कूंचकर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर वह मौके से भाग निकला। वहीं जानकीपुरम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से सीतापुर के रेउसा ब्लॉक के कमलापुर निवासी पूजा अवस्थी (32) सात दिन पहले अपने भाई के साथ जानकीपुरम थाना इलाके में कोटवा गांव में किराए पर रहने आई थीं। उसका एक छह साल का बेटा है। पूजा का अपने पति सोनू अवस्थी से विवाद चल रहा था इसलिए वह उनसे अलग रहतीं थीं। रविवार रात सोनू कोटवा गांव पहुंचा और पूजा के घर गया। इसी दौरान कुछ बात लेकर दोनों का झगड़ा होने लगा, परिवार के मुताबिक 3ः30 बजे सोनू अवस्थी ने अपनी पत्नी पूजा अवस्थी की जोकि घर की छत पर सो रही थी उसकी ईट से कूंचकर कर हत्या कर दी। वहीं मृतक पूजा के शव को जानकीपुरम पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस पूरे मामले में एडीसीपी लखनऊ उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर जानकीपुरम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है, पुलिस आरोपित पति की तलाश में जुटी हुई है जल्द ही खुलासा किया जायेगा। वहीं जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस, चूंकि कोटवा गांव बीकेटी थाना क्षेत्र में आता है लिहाजा बीकेटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मामला जानकीपुरम थाना क्षेत्र का निकला। जहां उन्होंने सम्बंधित थाना प्रभारी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति की तलाश में पुलिस की टीमें लगी है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

ओबीसी को लेकर मोदी सरकार को घेर रहे राहुल

आज राहुल गांधी जो भी सवाल उठाते हैं उनसे पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर भी सवाल उठ जाते हैं। राहुल गांधी को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओबीसी से संबद्ध हैं और गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में राहुल गांधी को जवाब दे ही चुके हैं कि देश को सचिव नहीं बल्कि सरकार चलाती है और मोदी सरकार के सांसदों में ओबीसी की संख्या कांग्रेस के कुल सांसदों से ज्यादा है। अमित शाह ने बताया था कि मोदी सरकार में 29 फीसदी यानि 85 सांसद ओबीसी से हैं और 29 केंद्रीय मंत्री भी ओबीसी से ही संबद्ध हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिना किसी तथ्य के मोदी सरकार पर तमाम मुद्दों को लेकर हमले बोलते हैं। इसी कड़ी में आजकल वह जाति जनगणना की मांग करते हुए मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि देश को चला रहे अधिकारियों में मात्र तीन केंद्रीय सचिव ही ओबीसी समुदाय से हैं। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि इस मामले में कांग्रेस का अपना खुद का ट्रैक रिकॉर्ड क्या है? इस समय देखें तो कांग्रेस चार राज्यों- छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में अपने बलबूते सरकार चला रही है। इन चारों ही राज्यों में मुख्य सचिव सामान्य श्रेणी से संबद्ध हैं। इसी प्रकार यदि हम कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया पर नजर दौड़ाएं तो पाएंगे कि वहां भी ओबीसी को ज्यादा प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और केरल के मुख्य सचिव भी अपर कास्ट से संबद्ध हैं जबकि तमिलनाडु एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहां मुख्य सचिव शिव दास मीणा एसटी श्रेणी से संबद्ध हैं। यही नहीं, सरकारी रिकॉर्ड यह भी दर्शाते हैं कि 1985 से 1989 तक जब राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे, तब केंद्र में सचिव पद पर कोई भी अधिकारी आरक्षित वर्ग यानि एससी/एसटी श्रेणी से नहीं था। अगर हम 2023 के हालात को देखें तो केंद्र में सात सचिव एससी श्रेणी और पांच एसटी श्रेणी से हैं। इसी प्रकार यदि हम 2014 के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो उस समय केंद्र में अतिरिक्त सचिव और संयुक्त-सचिव पद पर ओबीसी समुदाय से संबंधित सिर्फ दो ही अधिकारी थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में इन पदों पर ओबीसी अधिकारियों की संख्या 2 से बढ़कर 63 हो चुकी है। हम आपको यह भी बता दें कि आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में केंद्र सरकार में प्रधान सचिव और सचिव पद पर काम करने वाले सभी अधिकारी सामान्य श्रेणी से ही थे। यहां एक बात और समझने की जरूरत है कि जहां तक केंद्र सरकार के पदों में ओबीसी को आरक्षण की बात है तो यह 1993 में पेश किया गया था और इसके तहत पहली नियुक्ति पाने वाले अधिकारीगण 1995 बैच के थे जोकि अब तक सचिव रैंक तक नहीं पहुँचे हैं। देखा जाये तो किसी भी आईएएस अधिकारी को अपना कॉरियर शुरू करने से लेकर केंद्र में सचिव पद तक पहुँचने तक लगभग ढाई से तीन दशक तक का समय लग जाता है। इसलिए राहुल गांधी ने जब यह कहा कि केंद्र में ओबीसी को पर्याप्त संख्या में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है तो एक बार फिर साबित हो गया कि वह बिना जाने समझे कुछ भी कह देते हैं। यही नहीं राहुल गांधी ने महिला आरक्षण विधेयक में भी ओबीसी के लिए आरक्षण की वकालत की जबकि मनमोहन सरकार जब यह विधेयक लायी थी तब कांग्रेस ने भी उसमें ओबीसी आरक्षण का प्रावधान नहीं किया था। यही नहीं, राहुल गांधी आज जिस जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं उसके बारे में उन्हें यह जवाब भी देना चाहिए कि साल 2011 में जब उनकी पार्टी की सरकार ने देश में जनगणना कराई थी तो उसने जातिगत आंकड़ों को क्यों नहीं जारी किया था? बहरहाल, विपक्ष का काम सरकार पर सवाल उठाना है इसमें कोई दो राय नहीं। लेकिन सवाल का आधार पुख्ता होना चाहिए। साथ ही सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबां में भी झांक कर देखना चाहिए। आज राहुल गांधी जो भी सवाल उठाते हैं उनसे पूर्व की कांग्रेस सरकारों पर भी सवाल उठ जाते हैं।

एक्सप्रेस आलेख

एक अध्ययन प्रतिवेदन के अनुसार, मकान निर्माण हेतु ऋण एवं भौतिक आस्तियों में वृद्धि के बीच सामंजस्य दिखाई देता है। यदि मकान निर्माण हेतु ऋण में एक रुपए की वृद्धि होती है तो भौतिक आस्तियों में 2.12 रुपए की वृद्धि दर्ज होती है। इस प्रकार, भारत में परिवारों द्वारा बैंकों से लिए जा ऋण का उपयोग उत्पादक कार्यों के लिए किया जा रहा है। यहां यह वर्णित करना आवश्यक होगा कि भारतीय परिवार की परिभाषा में व्यक्ति, गैर सरकारी, गैर निगमित संस्थान जैसे व्यक्तिगत संस्थान, साझेदारी संस्थान आदि शामिल हैं।

प्रह्लाद सबनानी

एसबीआई ने परिवारों की बचत के बारे में जो रिपोर्ट दी है उसे समझे बिना टिप्पणी करना गलत

कोरोना महामारी के चलते एक तो कई परिवारों की आय में कमी दर्ज हुई एवं कई परिवारों को तो बैंकों से ऋण लेकर अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी पड़ी थी। कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारतीय परिवारों का ऋण, सकल घरेलू उत्पाद का 40.7 प्रतिशत था, जो जून 2023 में घटकर 36.5 प्रतिशत रह गया है।

किसी भी देश के लिए शुद्ध वित्तीय बचत की दर अधिक होना अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा मापदंड माना जाता है क्योंकि वित्तीय बचत की राशि अंततः पूंजी निर्माण करते हुए देश के आर्थिक विकास को गति देने में मुख्य भूमिका निभाती है। बचत दरअसल दो प्रकार की होती है, एक, वित्तीय बचत एवं द्वितीय, भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत के परिवारों में हाल ही के समय में वित्तीय बचत की दर कुछ कम होकर परिवारों द्वारा भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत में अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत जो केंद्र एवं राज्य सरकारों एवं गैर वित्तीय संस्थानों के लिए आय का मुख्य साधन है, वित्तीय वर्ष 2022-23 में गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रह गई है। यह बचत दर वित्तीय वर्ष 2020-21 में 11.5 प्रतिशत एवं कोरोना महामारी खंडकाल के पूर्व वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7.6 प्रतिशत थी। ऐसा कहा जा रहा है कि परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत दर पिछले 50 वर्षों के खंडकाल में सबसे कम दर है। परंतु, यह तथ्य सही नहीं है, क्योंकि परिवारों की बचत दर को वित्तीय बचत एवं भौतिक आस्तियों की रूप में की गई बचत को मिलाकर देखा जाना चाहिए। वित्तीय बचत दर किसी वित्तीय वर्ष में कम इसलिए हो सकती है, क्योंकि परिवारों द्वारा उस वर्ष में भौतिक आस्तियों के रूप में अधिक मात्रा में बचत की गई हो। कोरोना महामारी के चलते एक तो कई परिवारों की आय में कमी दर्ज हुई एवं कई परिवारों को तो बैंकों से ऋण लेकर अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी पड़ी थी। कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारतीय परिवारों का ऋण, सकल घरेलू उत्पाद का 40.7 प्रतिशत था, जो जून 2023 में घटकर 36.5 प्रतिशत रह गया है। इस प्रकार कोरोना महामारी के बाद के खंडकाल में भारतीय परिवारों द्वारा बैंकों से लिए गए ऋण की किश्तें भी समय पर चुकाई गई हैं जिससे वित्तीय बचत की वृद्धि दर पर विपरीत असर पड़ा है। वैसे भी, भारतीय परिवार बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में हिचकते हैं। जबकि अन्य देशों के नागरिक बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में बिलकुल नहीं हिचकते हैं जैसे चीन के परिवारों पर सकल घरेलू उत्पाद का 62 प्रतिशत ऋण है। दूसरे, कोरोना महामारी के खंडकाल के दौरान भारत में जमाराशि पर ब्याज की दरें भी बहुत कम थीं जिसके कारण भारतीय परिवार वित्तीय बचत न करते हुए किसी तरह अपने दैनंदिन खर्चों की पूर्ति कर पा रहे थे। साथ ही, कोरोना महामारी के तुरंत बाद के खंडकाल में जब देश में आर्थिक स्थिति तेजी से सुधारने लगी एवं जब बैंकों से प्राप्त की जा रही ऋणराशि पर ब्याज की दर बहुत कम थी तब कई परिवारों द्वारा बैंकों से ऋण प्राप्त कर इस राशि का उपयोग मकान का निर्माण करने पर, बच्चों की शिक्षा पर एवं वाहन खरीदने पर खर्च किया जाने लगा। यह तर्क वित्तीय क्षेत्र के बचत एवं बैंकों के ऋण सम्बंधी आंकड़ों से भी सिद्ध होता है। इस दौरान बैंकों की वित्तीय देयताओं में 8.2 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज हुई है (इसमें परिवारों द्वारा व्यावसायिक बैंकों से उधर ली गई 7.1 लाख करोड़ रुपए की ऋणराशि भी शामिल है), जो शुद्ध वित्तीय बचत की राशि 6.7 लाख करोड़ रुपए से कहीं अधिक है। इस कारण से शुद्ध वित्तीय बचत की राशि में 1.5 लाख करोड़ रुपए की राशि से कमी दर्ज हुई है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत है। जबकि इस दौरान बीमा, प्रॉविडेंट एवं पेंशन फंड में 4.1 लाख करोड़ रुपए की राशि की वृद्धि भी दर्ज हुई है। परिवारों द्वारा बैंकों से ली गई उक्त वर्णित ऋणराशि में से 55 प्रतिशत राशि भौतिक आस्तियों जैसे मकान निर्माण एवं वाहन आदि खरीदने हेतु उपयोग किया गया है। वित्तीय वर्ष 2012 में भारतीय परिवारों की कुल बचत में भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत का हिस्सा 66 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2021 में घटकर 48 प्रतिशत रह गया था। परंतु इस प्रवृत्ति में एक बार पुनः परिवर्तन होता दिखाई दे रहा है और भौतिक आस्तियों के रूप में की जाने वाली बचत का कुल बचत में हिस्सा वित्तीय वर्ष 2023 में 70 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय परिवारों की कुल बचत (वित्तीय एवं भौतिक आस्तियों में वृद्धि मिलाकर) वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में कहीं अधिक रहने की सम्भावना है। भारतीय परिवारों द्वारा गृह निर्माण एवं वाहन खरीदने पर अधिक खर्च करने के चलते एवं कम ब्याज दरों के कारण वित्तीय बचतें प्रभावित हुई हैं हालांकि इससे परिवारों की भौतिक आस्तियों में जरूर बहुत अच्छी वृद्धि दर अर्जित की गई है। इससे अर्थव्यवस्था को गति ही मिली है। उत्पादों का उपभोग बढ़ रहा है, जिससे कम्पनियों द्वारा अधिक उत्पादन किया जा रहा है। विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन क्षमता के उपयोग में वृद्धि दर्ज हुई है जो आज लगभग 77 प्रतिशत तक पहुंच गई है। विनिर्माण इकाईयों में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। अतः कुल मिलाकर यदि परिवारों के भौतिक आस्तियों में अधिक वृद्धि दर्ज की जाती है तो यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर की कही जानी चाहिए। भारतीय परिवार आज अपनी बचत का अधिक हिस्सा पूंजी निर्माण हेतु खर्च कर रहे हैं। गृह निर्माण एवं वाहन आदि खरीदने की मद पर अधिक खर्च किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में परिवारों की शुद्ध बचत का 60 प्रतिशत हिस्सा पूंजी निर्माण पर खर्च किया गया है, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में 53.2 प्रतिशत था।

जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह 68 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। साथ ही, परिवारों द्वारा बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से मकान निर्माण हेतु एवं वाहन आदि खरीदने हेतु लिए जाने वाले ऋणराशि में भी वृद्धि दिखाई दे रही है, जो कि एक अच्छा संकेत है।

एक्सप्रेस कविता

नदियां,नदियां होती हैं, स्त्रियां, स्त्रियां होती हैं, पर नदियों की तरह स्त्री भी निश्चल, निर्झर होकर सतत बहती रहती है निर्बाध लक्ष्य की तरफ, स्त्री का जीवन भी नन्हीं पुत्री, बेटी से शुरू होकर बहन, पत्नी और मां के रूप में दिव्य, विशाल हो जाता है, नदिया भी पहाड़ की छोटी कंदराओं से छोटी धार के रूप में निकलकर पवित्र गंगा, जमुना , नर्मदा का एक विशाल तट अपने संग बनाती हैं, और समेट लेती है तमाम किनारों की विसंगति और समाजिक बुराइयों को, और अपने में समाहित कर प्रवाहित कर शुद्ध कर देती है निश्छल जल की तरह। स्त्री भी दो वंशों को आत्मसात कर पति के तमाम कर्तव्यों का बोध बनकर पुत्र, पुत्रियों को जन्म देकर मां के रूप में एक नए विशाल वटवृक्ष को वंश की तरह जन्म देती है।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

आज रास्ता बना लिया है तो कल मंजिल भी मिल जाएगी हौसलों से भरी यह कोशिश एक दिन ज़रूर रंग लाएगी।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	पंचमी 29:33 तक
नक्षत्रः	कृत्तिका 18:03 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	मंगलवार
योगः	वज्र, 08:17
सूर्योदयः	06:15
सूर्यास्तः	18:04
चंद्रमाः	वृषभ राशि में
राहुकालः	15:07-16:35
विक्रमी संवत्ः	2080
शक सम्वतः	1944
मासः	आश्विन
शुभ मुहूर्तः	11:46-12:33

जन एक्सप्रेस

बड़े बड़े ऐलान !

झटपट में वो कर रहे ।
बड़े बड़े ऐलान ।।
करके ऐसा चाह रहे ।
बन जाना महान ।।
मिलना कितना फल ?
है भविष्य के गर्भ ।।
हट गए पर उससे ।
बात जिस संदर्भ ।।
कितना किया प्रयास ।
रखा जनमत मान ।।
शायद उनको लगता है ।
है सांसत में जान ।।
करके अब गुमराह ।
मुद्दे से भटकाव ।।
सुधरे ना तुरंत यदि ।
तय मिलना है घाव ।।



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

वजन कम करने के लिए डाइटिंग के साथ अपनाएं कुकिंग करने के हेल्दी तरीके, तेजी से होगा फैट लॉस

मोटापा आज के समय में सबसे बड़ी समस्या है। मोटापा को कम करने के लिए लोग डाइटिंग के साथ हेल्दी फूड्स भी खाते हैं। लेकिन कई बार फिर भी वजन कम होने का नाम नहीं लेता है। हेल्दी फूड्स खाने के चक्कर में हम इस बात पर गौर ही नहीं करते कि इसको कुक कैसे किया गया है। कई बार खाना बनाने के लिए ड्रीप फ्राई जैसे अनहेल्दी तरीके का इस्तेमाल किया जाता है। इस कारण सब्जियों के पोषक तत्व कम हो सकते हैं और उनकी कैलोरी की संख्या भी बढ़ सकती है क्योंकि खाना पकाने की प्रक्रिया के दौरान खाद्य पदार्थ बहुत सारा तेल सोख लेते हैं। डीप फ्राई करने से फूड्स में मौजूद प्रोटीन, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट की सरंचना में बदलाव हो सकता हैं और इस तरह की कुकिंग करने से वजन भी कम नहीं होता है। वजन कम करने के लिए स्वस्थ भोजन चुनना और संतुलित आहार खाना ही काफी नहीं है, खाना पकाने की प्रक्रिया वजन घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस आर्टिकल में हम जानेंगे कुकिंग करने के हेल्दी तरीके जिनसे वजन कम होने में मदद मिलेगी। इन तरीकों के बारे में जानने के लिए हमने बात की फिट क्लीनिक की डाइटिशियन सुमन से।

ग्रिलिंग: नॉन वेज पकाने के लिए ग्रिलिंग कुकिंग करने का अच्छा और हेल्दी तरीका है। यह भोजन से अतिरिक्त वसा को बाहर निकाल देता है। इसमें अतिरिक्त वसा या तेल की आवश्यकता नहीं होती और इसमें निकलने वाला धुआं इस खाने को स्वादिष्ट बनाता है। चिकन, मछली के साथ ब्रोकोली, शिमला मिर्च, पनीर, आलू, प्याज और गाजर को आसानी से ग्रिल किया जा सकता हैं।

ब्रोइलिंग: ब्रोइलिंग विधि कुछ- कुछ ग्रिलिंग जैसी ही होती है। इसमें भोजन को ऊपर रखकर सीधे गर्मी से पकाया जाता है। इस विधि से चिकन, मछली, बैंगन, टमाटर, मशरूम और शिमला मिर्च को आसानी से पकाया जाता हैं। इस तरीके का इस्तेमाल करके ही बैंगन का भरता भी बनाया जाता है।

स्टिर-फ्राइंग: स्टिर-फ्राइंग वजन कम करने के लिए हेल्दी तरीका है। इसमें खाना पकाने के लिए बहुत कम तेल का इस्तेमाल किया जाता है। इस विधि से कुकिंग करने के दौरान ऑलिव ऑयल या फिर नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस विधि से सब्जियों के साथ नॉनवेज को भी बनाया जा सकता हैं।

भाप: भाप खाना पकाने के लिए हेल्दी तरीकों में से एक है। इस तरह खाना बनाने से फूड्स में मौजूद पोषक तत्व आसानी से सरंक्षित रहते हैं और यह आसानी से पच भी जाते हैं। इसमें किसी तेल की जरूरत नहीं पड़ती। चावल, क्विनोआ, अंडे, सब्जियां और यहां तक कि चिकन को भी भाप में पकाया जा सकता हैं।

ओवन में भूनना: ओवन में भूनना एक खाना पकाने का हेल्दी तरीका है। जिसमें उच्च तापमान पर ओवन में खाना पकाया जा सकता है। इस तरीके से भुनी हुई सब्जियां, टोफू, भुनी हुई चिकन और मछली आदि तैयार कर सकते हैं। इस तरह से कुकिंग करने से खाना स्वादिष्ट लगने के साथ वजन कम करने में भी मदद मिलती है। वजन कम करने के लिए कुकिंग के ये हेल्दी तरीकों को फॉलो किया जा सकता हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो इन तरीकों को फॉलो करने से पहले डॉक्टर की राय अवश्य लें।

एक्सप्रेस विशेष

भाजपा के मध्य प्रदेश मॉडल के मायने

मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह 17 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं तो छत्तीसगढ़ में रमन सिंह 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे। दोनों के नाम पहली सूची में नहीं हैं। वहीं राजस्थान में 5 बार सांसद, 4 बार विधायक और 2 बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे अलग ही चर्चाओं में हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठनात्मक रूप से राजस्थान मध्यप्रदेश के मुकाबले मजबूत है। राजस्थान की नई राजनीतिक खिचड़ी कांग्रेस-भाजपा दोनों के लिए चुनौती से कम नहीं है।

ऋतुपर्ण दवे

संकेतों को समझें तो मध्यप्रदेश मॉडल के तहत केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा कुछ अन्य सांसद मैदान में दिखेंगे। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों में से 80 की सूची तैयार है। भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची अगस्त में ही जारी कर दी थी।

क्या देश के अगले आम चुनाव के लिए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में नया प्रयोग करने जा रही है? क्या यही प्रयोग राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भी होगा? मध्य प्रदेश विधानसभा उम्मीदवारों की हालिया सूचियों में बड़े-बड़े नाम यहां तक कि केंद्रीय मंत्री, सांसद और संगठन के छत्रपों के जारी हुए हैं। इससे न केवल दूसरे प्रतिद्वंद्वी दलों की सांसें अटकी हुई हैं बल्कि खुद भाजपा के संभावित दावेदार भी हक्का-बक्का हैं। निश्चित रूप से भाजपा जो दांव खेल रही है वह भारत की राजनीति में कइयों को अटपटा या नया भले लगे लेकिन हवा का रुख भांपने वालों का मानना है कि राजनीतिक बैरोमीटर पर संभावित आंधी-तूफान के संकेत भांपते हुए ही ऐसा बड़ा कदम उठाया होगा? फिलहाल टिकट वितरण को लेकर मध्यप्रदेश मॉडल की पूरे देश में चर्चा है। इसके राजनीतिक मायने भी बहुत गहरे हैं। भाजपा यहां कांग्रेस की 15 महीने पुरानी सरकार गिराकर फिर सत्ता में आई थी। अब भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते सहित प्रभावशाली सांसद राकेश सिंह (जबलपुर), गणेश सिंह (सतना), उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद), रीति पाठक (सीधी) को सीधी विधानसभा चुनाव के रण में उतारना बताता है कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रख जहां-तहां ऐसे प्रत्याशी उतारेगी जो पूरे क्षेत्र में तो प्रभावी हों और कम से कम उस पूरे अंचल या संभाग में भी असर डालें। भाजपा ने शुरूआती सूची में मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, महाकौशल-विन्ध्य, भोपाल-नर्मदापुरम पर जबरदस्त फोकस किया है। अब कयास है कि अगली सूची में शेष निमाड़, बुंदेलखण्ड, उत्तर पश्चिम मालवा, नर्मदा उद्गम संभाग (शहडोल) सहित बाकी सीटों पर कई चौंकाने वाले प्रत्याशी देगी। अभी 320 सीटों में केवल 79 सीटों की घोषणा ने ही राजनीति में नई लहर पैदा कर दी है। इसमें भाजपा ने केवल वर्तमान 3 विधायकों की टिकट काटी है। सबसे चर्चित नाम मैहर से नारायण त्रिपाठी का है जिन्होंने हमेशा अपना बगावती सुर दिखाया। उनकी जगह श्रीकांत चतुर्वेदी को टिकट दिया जो ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी हैं। वहीं सीधी से केदारनाथ शुक्ला की जगह सीधी सांसद रीति पाठक को टिकट देना अचंभित करने वाला है। सीधी के चर्चित पेशाब कांड के आरोपी प्रवेश शुक्ला को केदारनाथ शुक्ला का करीबी बताकर विपक्ष ने देश-प्रदेश में काफी हंगामा किया था। लगता है कि यह कहीं न कहीं डैमेज कंट्रोल है। इसी तरह नरसिंहपुर विधायक जालिम सिंह की टिकट उनके छोटे भाई केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह सांसद)को देकर भोपाल-नर्मदापुरम अंचल की सभी सीटों को साधने की कोशिश हुई है। अभी महज 79 घोषित प्रत्याशियों के जरिए भाजपा ने मध्यप्रदेश में अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। आगे 241 सीटों पर प्रत्याशी तय होने बाकी हैं जिनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र की सीमा से जुड़े तमाम क्षेत्र भी हैं। क्षेत्रीयता के हिसाब से महाकौशल में सबसे ज्यादा 38 में से 22 सीटों पर, मालवा-निमाड़ में 66 में से 21, ग्वालियर-चंबल की 34 में से 15,भोपाल-नर्मदापुरम की 36 में से 7, विंध्य की 30 में 7 तो बुंदेलखंड की 26 में से 7 सीटों पर प्रत्याशियों का चयन हो चुका है। निश्चित रूप से चंद दिनों में मध्यप्रदेश सहित सभी 5 राज्यों में चुनावी अखाड़ा सजते ही एक से एक और ऐसी राजनीतिक तस्वीरें आएंगी जिनमें कई पहली बार दिखेंगी तो कई उम्मीदों से इतर भी होंगी। बावजूद इसके मध्यप्रदेश में मुकाबला भाजपा बनाम जनता दिख रहा है। कांग्रेस कमलनाथ के उदारवादी हिन्दू चेहरे पर दंगल में उतरने के बावजूद संगठन के लिहाज से भाजपा से 19 क्या 15 भी नहीं है। यहां विज्ञप्तिवीरों को छोड़ दें तो कांग्रेस धरातल पर सिवाय कुछ इलाकों के वर्षों से कहीं दिखी नहीं। राजस्थान में भी चुनावी सरगर्मी चरम पर है। गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ हुई महज15 मिनट की बैठक चर्चाओं में है। यहां भाजपा की 200 सीटों पर निकली 4 परिवर्तन यात्राओं में जुटी भीड़, उसमें भी ज्यादातर में वसुंधरा का गायब रहना और इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की ताजा तस्वीरें सामने आने के गहरे मायने हैं। यहां प्रैशर पॉलिटिक्स की पक रही नई खिचड़ी कौन खाएगा यही बड़ा सवाल है? संकेतों को समझें तो मध्यप्रदेश मॉडल के तहत केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा कुछ अन्य सांसद मैदान में दिखेंगे। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों में से 80 की सूची तैयार है। भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची अगस्त में ही जारी कर दी थी।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बापू और शास्त्री की जयंती

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान किया गया। सभासदगणों, अधिशासी अधिकारी एवं पालिकाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम के गायन के साथ नमन किया गया। इस अवसर पर 17 सितम्बर 2023 को नगर पालिका द्वारा आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरुष्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुष्कार प्रदान किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरुष्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, अधिशासी अधिकारी जी0लाल, शोभित, इजरान, धर्मेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र कुमार, आनन्द सोनी, हर्ष अवस्थी, धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद, आनन्द किशोर, सुफियान खान, हरिओम वर्मा सभासद पति, अनिल कुमार गुप्ता, रियाजुद्दीन, सुशील कुमार, नानक चन्द्र वर्मा सभासद पति, रज्जन सभासद पति, राजेश वर्मा, राजेश अवस्थी, आशीष, दानिश सभासद भाई, मोहित कनौजिया, सुरेश जायसवाल सभासद पति, राजीव सैनी सभासद पति, कफील, शत्रोहन मिश्रा नगर अध्यक्ष, विनोद वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा रवीन्द्र कटियार कुम्भी मण्डल अध्यक्ष भाजपा, सत्य प्रकाश अग्रवाल समाजसेवी, हरद्वारी लाल वर्मा, अनुराग गुप्ता, काके सहगल, सुनील मिश्रा, विमलेश वर्मा, विजय मिश्रा, धीरज बाजपेई, लवकुश अवस्थी, रजत गुप्ता, लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, मोहित गिरि, अवधेश कुमार सहित नगर पालिका परिषद का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड में भी बापू और शास्त्री की जयंती मनाई गई। यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बापू और शास्त्री जी के पुष्पों पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया और सफाई व्यवस्था पर जोर दिया। इस मौके पर लीगल हेड अवनी पांडे, जोनल हेड राजेश कुमार मिश्रा, केन हेड पी एस चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने जमकर काटा हंगामा

* सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत करवाया

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद स्थित निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा और बच्चा की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए रविवार देर रात तक हंगामा किया। रात 12 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया।

बताते चलें गोला कस्बे के मुन्नूगंज निवासी नैंसी गुप्ता को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे रविवार शाम शहर के चोपड़ा नर्सिंग होम लेकर पहुंचे थे। इस दौरान डॉक्टरों ने प्रसव की बात कहते हुए गर्भवती का प्रसव करवाया, लेकिन नवजात की मौत हो गई। प्रसूता की मां ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से पहले बच्चे की मौत हो गई। इस पर परिजन ने डॉक्टरों से नैंसी की हालत के बारे में पूछा। डॉक्टरों ने बताया कि नैंसी की हालत ठीक है। उसे हम लोग ठीक कर लेगें। लेकिन एक घंटे बाद प्रसूता नैंसी की भी मौत हो गई। पहले बच्चा और बाद में जच्चा की मौत का पता चला तो परिजन आक्रोशित हो गए। अस्पताल पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए रात में ही हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत करवाया। लेकिन, परिजन अस्पताल पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। उधर, अस्पताल प्रबंधन ने परिवार वालों के आरोपों को गलत बताया। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर मिलने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फास्ट फॉरवर्ड

रेहरिया में पुलिस चौकी के पास पशु चिकित्सालय में चोरी

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। बेखौफ चोरों ने रेहरिया पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित पशु चिकित्सालय के चैनल का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया।पशु चिकित्साधिकारी डॉ पुष्पेंद्र कुमार ने रेहरिया चौकी प्रभारी को दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अवधेश कुमार जब अस्पताल खोलने पहुंचा, तो उसे चैनल का ताला गायब मिला और अंदर खड़ी स्प्लेंडर प्लस बाइक, गैस सिलेंडर, बैटरी और इनवर्टर गायब थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।पुलिस चौकी के पास ही हुई चोरी की घटना से दहशत फैला दी है।

कांग्रेस कार्यालय पर दो महापुरुषों की जयंती मनाई गई

जन एक्सप्रेस/संपूर्णानगर खीरी। 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर पलिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में संपूर्णानगर कांग्रेस कार्यालय पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शाह नगर अध्यक्ष राजन यादव, ब्लॉक जिला सचिव रामज्ञान शर्मा जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जयंती के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी किसान कांग्रेस बृज मौर्य लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जी के जीवनी के बारे में कार्यक्रम में पहुँचे कार्यकर्ताओं को बताया तथा वरिष्ठ कांग्रेसी भोला प्रसाद जी याद करते हुए ने गांधी जी को विचारो पर प्रकाश डाला गया ! कार्यक्रम में श्रीचंद चौहान, पूर्व नगर अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर, रामस्वरूप, नंदलाल यादव, रामासरे, राम स्वरूप, निशा कनौजिया, विमल कनौजिया, गोपाल मौर्य, राम मिलन यादव* एम एन राय, अरुण श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र वर्मा तथा राम संजीवन सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिल परिसर में स्वच्छ भारत अभियान में एक घंटे का श्रमदान किया

जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/लखीमपुर खीरी। खंभारखेडा(लखीमपुर)बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल खंभारखेडा में स्वतंत्रता आन्दोलन के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस संस्था के ईकाई प्रमुख अवधेश गुप्ता सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्प माला अर्पित किया गया ।तत्पश्चात ईकाई प्रमुख ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिल परिसर में स्वच्छ भारत अभियान में एक घंटे का श्रमदान किया । ईकाई प्रमुख ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों को गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन मे पालन कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा अनिल त्रिपाठी, सी वी सिंह, अविनाश तिवारी, राजेश दूबे,राजेश दूबे, देवेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली

निघासन खीरी। ग्राम पंचायत बनवीरपुर में आयोजित भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे।बनवीरपुर स्थित अम्बिका राइस मिल में आयोजित इस सम्मेलन मे मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि आजादी के बाद से जिस गति से विकास होना चाहिए था वह नही हुआ जो हम लोगो का दुर्भाग्य था। लेकिन बीते 9 वर्षो से देश मे जो विकास हुआ वह नजर आ रहा है।आज देश की योजनाए आम आदमी की पहुंच में है। हमारी सरकार विना भेदभाव के काम कर रही है आज देश को लेकर कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष तारीफ कर रहे है जो कि पहली बार हो रहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने विपक्षी दलों पर भी हमला बोलते हुए कहा कि उन लोगो को देश की नही अपनी कुर्सी की चिंता है। सम्मेलन को सदर विधायक योगेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह,डॉ अभिमन्यु मिश्रा सहित अन्य लोगो ने संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमनदीप सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, निघासन चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य दया शंकर मौर्य जीतू त्रिपाठी, अम्बरीष सिंह, दीपक तलवार, कनक पाल सिंह राणा, नागेन्द्र सिंह सेंगर रतीराम लोधी वीरेंद्र मिश्रा,महेश गुप्ता ,के के तिवारी मोनू दीक्षित,विनायक प्रसाद, प्रधान चुन्नी लाल, मनोज निषाद,आकाश मित्तल शफीक अहमद शंभू गुप्ता, सहित ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार ने मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के मूडानिजान में पराली न जलाने को किसानों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में एसडीएम डॉ अवनीश कुमार की अगुवाई में पराली जागरुकता बैठको का सिलसिला लगातार जारी है। मोहम्मदी तहसील लगभग सभी ग्राम पंचायत स्तर पर परली न जलाने के लिए किसान भाइयों के साथ राजस्व विभाग के तत्वावधान में बैठक करायी जा रही है। मोहम्मदी तहसील प्रशासन ने क्षेत्र में अब तक कुल 137 पराली बैठक का आयोजन कराया चुका है गत वर्ष मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में पराली जलने की सर्वाधिक घटना अटवापिपरिया परगना में हुई थी जिसमें मूडानिजाम क्षेत्र में अधिक पराली जलाई गईं थीं एसडीएम मोहम्मदी डॉ अवनीश कुमार ने इस क्षेत्र में बैठक कर ग्रामीणों को पराली जलाने के दुष्प्रभाव बताया। एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जाकर पराली जलाने के दुष्प्रभाव बता रहे हैं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रारीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग अनिवार्य रूप से हो तथा उक्त व्यवस्था बगैर कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करे यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी मिले तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा-मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये। इस दौरान ग्रामों में किसानों भाइयों को पराली ना जलाने का संकल्प दिलाया गया।

उपनिदेशक दुधवा नेशनल पार्क के नेतृत्व में निकाली गई जन चेतना रैली

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

पलिया कलां खीरी। दुधवा नेशनल पार्क के उप निदेशक डॉ रंगा राजू टी0 ने एक अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक वन प्राणी सप्ताह मनाया जाना सुनिचित किया है हर साल की तरह इस साल भी उपनिदेशक रंगाराजू टी0 के द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया उपनिदेशक कार्यालय से प्रारंभ होकर पलिया कला के मुख्य मार्गो से होकर दुधवा टाइगर रिजर्व मुख्यालय पर समापन हुआ इस जन चेतना सप्ताह कार्यक्रम में इंडियन एकेडमी स्कूल के प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह, महावीर सिंह वन जीव प्रतिपालक दुधवा, नसीम अहमद सेवानिवृत्ति नेचर गाईड दुधवा, मीडिया व अन्य गड़मान्य लोग उपस्थित रहे।

पुवायां में किराना दुकान में लगी भीषण आग, 40 लाख से अधिक का नुकसान

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के पुवायां में डाक बंगला रोड पर रविवार रात 10 बजे किराना दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इससे बाजार में अफरातफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंचीं। दमकलकर्मी आग बुझाने के काम में दो घंटे तक लगे रहे, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। नगर के डाक बंगला रोड पर व्यापारी निर्भय गुप्ता की किराने की दुकान है। वह थोक विक्रेता हैं। रविवार रात 10 बजे अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर मोहल्ले के लोगों की भारी भीड़ लग गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया गया।

शाहजहांपुर से बुलाई गई दमकल

आग पर काबू नहीं हो पाने पर शाहजहांपुर से एक और गाड़ी बुलाई गई। तीन गाड़ियों से दमकलकर्मी रात लगभग 12 बजे आग पर काबू पा सके। बताया जा रहा है कि दुकान में रिफाइंड और सरसों तेल रखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई थी। इस कारण आग बुझाने में दिक्कत हुई। व्यापारी निर्भय गुप्ता के अनुसार आग से दुकान में रखा 40 से 45 लाख रुपये का सामान जल गया है। भारी नुकसान से व्यापारी और उनके परिजन परेशान हैं। दुकान में आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

टेक्सटाइल में दक्ष बनाकर आत्मनिर्भर बनेंगे कारागार के बंदी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जाने-अनजाने में अपराध की दुनिया में कदम रखकर कारागार की दीवारों के पीछे पहुंचे हुनरमंद बंदियों को टेक्सटाइल में दक्ष बनाया जाएगा। चयनित बंदियों को एक जनपद-एक उत्पाद में हथकरघा के साथ जुड़े टेक्सटाइल का प्रशिक्षण जिला उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के माध्यम से दिलाया जाएगा। इसके लिए 25 बंदियों को चयनित किया गया है। एक जनपद-एक उत्पाद के तहत यहां पर हथकरघा को शामिल किया गया था, शासन ने अब हथकरघा के साथ टेक्सटाइल को इससे जोड़ दिया है। ऐसे में यहां पर टेक्सटाइल में भी लोगों को दक्ष बनाए जाने की दिशा में काम शुरू कराया गया है। जिला उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन केंद्र की ओर से शुरू की गई प्रक्रिया में प्रथम चरण में कारागार की दीवारों के पीछे बंद हुनरमंद बंदियों को दक्ष बनाने का निर्णय लिया गया है। उद्योग केंद्र की ओर से कारागार में बंद बंदियों में से 18 साल से अधिक आयु के हुनरमंद 25 बंदियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चुना गया है।

प्रशिक्षण के बाद मिलेंगे टूल किट

उद्योग के केंद्र के उपायुक्त दुर्गेश कुमार ने बताया कि बंदियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण में दक्ष बनाए जाने के बाद काम शुरू करने के लिए 16-20 हजार रुपये की लागत की टूल किट प्रदान की जाएगी। इससे बंदी समय का सदुपयोग कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे और आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

लखनऊ की संस्था देगी प्रशिक्षण

उद्योग केंद्र के उपायुक्त ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए निदेशालय की ओर से लखनऊ की उप्र निर्यात संवर्द्धन परिषद को नामित किया गया है। परिषद के प्रशिक्षकों ने जिला कारागार में बंदियों का प्रशिक्षण शनिवार से शुरू करा दिया है।

पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, बरेली रेंज में 97 इंस्पेक्टरों का तबादला

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस महकमे में फेरबदल शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में तैनात रहने वाले और तीन वर्ष से ज्यादा तैनाती वाले बरेली रेंज के 97 इंस्पेक्टरों का आईजी डॉ. राकेश सिंह ने तबादला कर दिया है। बरेली में तैनात 30, शाहजहांपुर में 29, बदायूं में 22 और पीलीभीत में तैनात 16 इंस्पेक्टरों का जिला बदला गया है। इनमें बरेली के कोतवाली, प्रेमनगर, बारादरी, इज्जतनगर, फरीदपुर, शीशगढ़ और बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। पुलिस महकमे में फेरबदल को लेकर कवायद करीब एक महीने पहले ही शुरू हो गई थी। आईजी राकेश सिंह ने रविवार देर रात बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के 97 इंस्पेक्टरों की तबादला सूची जारी कर दी। बरेली से 30 इंस्पेक्टरों को रेंज के दूसरे जिलों में भेजा गया है। बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर से 29 इंस्पेक्टरों को बरेली में नई तैनाती दी गई है। इंस्पेक्टर बारादरी हिमांशु निगम, इंस्पेक्टर फरीदपुर दयाशंकर, महिला थाना प्रभारी छवि सिंह, राजेश कुमार, संजय कुमार, अशोक कुमार शर्मा, रजनीश कुमार, राजीव कुमार, इंस्पेक्टर बिथरी चैनपुर अश्वनी कुमार, इंस्पेक्टर फतेहगंज पश्चिमी ललित मोहन, सत्य सिंह और मनीष कुमार शर्मा को शाहजहांपुर भेजा गया है।

इनको बदायूं भेजा गया

इंस्पेक्टर कोतवाली धर्मेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर प्रेमनगर राजेश सिंह, सिमरनजीत कौर, इंस्पेक्टर शीशगढ़ विजय कुमार, राहुल सिंह, अनिल कुमार, राजीव कुमार सिंह, नीरज कुमार, सुनील अहलावत, हरवीर सिंह, संजय कुमार और गुड्डू सिंह को बदायूं भेजा है। राजकुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, अजय पाल सिंह, हर सिंह पाल, अरविंद कुमार, क्रांतिवीर सिंह को पीलीभीत भेजा गया है। इनके स्थान पर बदायूं में तैनात सुरेंद्र कुमार सागर, अरुण कुमार, ऋषि पाल सिंह, राजेश कुमार, सीमा, श्यामवीर सिंह यादव, दिगंबर सिंह, धनंजय कुमार पांडेय, राजबली और सुरेश चंद्र गौतम को बरेली भेजा गया है।

शाहजहांपुर में इनका हुआ तबादला

शाहजहांपुर से अमित कुमार पांडेय, जग नारायण पांडेय, कुंवर बहादुर सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव, रवि कुमार, रीतेंद्र प्रताप सिंह, प्रवीण कुमार सोलंकी, विकास कुमार, मनीष पांडेय, जयशंकर सिंह को बरेली भेजा गया है। पीलीभीत में तैनात आशुतोष रघुवंशी, रामसेवक, मदन मोहन, धर्मेंद्र यादव, सुरेंद्र पाल सिंह, उत्तम कुमार और धर्मेश कुमार को बरेली में नई तैनाती दी गई है। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि रेंज के जिलों में तैनाती का समय पूरा कर चुके इंस्पेक्टरों का तबादला किया गया है। ट्रांसफर किए गए इंस्पेक्टरों को एसएसपी कानून और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रिलीव और नए आने वाले इंस्पेक्टरों को तैनात करेंगे।

शिक्षिका के घर चोरी के मामले में खुलासा, पड़ोसी समेत चार युवक गिरफ्तार, पांच लाख का माल बरामद

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

* सीओ सिटी बीएस वीर कुमार ने बताया कि आरोपियों ने चोरी की बात स्वीकार की है

शाहजहांपुर में शिक्षिका शताक्षी सक्सेना के घर चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सीओ सिटी बीएस वीर कुमार ने बताया कि शताक्षी सक्सेना के पड़ोस में रहने वाले अमन ब्राउन ने ही घर की रेकी की थी। वह ही अपने घर से पड़ोसी की छत से होते हुए चोरी करने अपने साथियों के साथ शिक्षिका के घर में घुसा था। पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार करते हुए पांच लाख का माल बरामद किया है। 20 सितंबर की रात थाना सदर बाजार की मालाराम कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका शताक्षी सक्सेना के मकान से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये का माल चोरी कर लिया। इस मामले में शिक्षिका के पति मोहित ने मुकदमा दर्ज कराया था। सर्विलांस, एसओजी और सदर बाजार थाने की टीम चोरों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवंतीबाई पार्क मोड़ के पास से अमन ब्राउन, आर्यन राज, जितिन कुमार, रूयैल फ्रांसिस को गिरफ्तार किया है। आर्यन और जितिन गदियाना और रूयैल फ्रांसिस रोजा थाना क्षेत्र के न्यू चर्च कॉलोनी के रहने वाले हैं। उनके पास से चोरी के करीब पांच लाख के आभूषण, तीन मोबाइल, बाइक व नकदी बरामद की गई है। सीओ सिटी बीएस वीर कुमार ने बताया कि आरोपियों ने चोरी की बात स्वीकार की है।

शौचालयों की कम संख्या पर बिलग्राम, पिहानी, कछौना व हरपालपुर बीडीओ से स्पष्टीकरण

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिला स्वच्छता समिति की बैठक में व्यक्तिगत शौचालयों की कम संख्या पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत आवेदनों का निस्तारण, निर्माण में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। कम संख्या पर विकास खंड बिलग्राम, पिहानी, कछौना व हरपालपुर के बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी कराई। डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने जिला स्वच्छता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में तेजी व प्राप्त आवेदनों को सात दिन में में निस्तारित करने के निर्देश दिए। कहा कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की नियमित समीक्षा की जाए। कम संख्या वाले विकास खंडों को चिह्नित किया जाता रहे। कहा कि जिन ग्रामों में अभी आरआरसी के लिए भूमि प्राप्त नहीं हुई है वहां पर राजस्व विभाग से समन्वय कर भूमि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बावन के गोवर्धन प्लांट निर्माण में तेजी जाने के निर्देश दिए। ब्लॉक प्रमुख भरखनी ने कुछ बड़े ग्रामों में सीवर लाइन के निर्माण की मांग रखी। इस पर डीएम ने प्रत्येक विकास खंड के एक-एक ग्राम का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। समिति ने लापरवाह पंचायत सहायकों को चिह्नित करने के निर्देश डीपीआरओ को दिए। सीडीओ सौम्या गुरूरानी, डीडीओ अरविंद कुमार, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह, डीपीसी हिमांशु मिश्रा, भरखनी ब्लॉक प्रमुख धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान बांसा व नेदुरा सहित अधिकारी मौजूद रहे।

स्वयं सहायता समूह पोषाहार की आपूर्ति समय पर करें

डीएम एमपी सिंह ने पोषण समिति की बैठक में ई-कवच पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग पर जोर दिया। स्वयं सहायता समूह की ओर से पोषाहार की आपूर्ति समय पर की जाए। कुपोषति व अतिकुपोषित बच्चों को स्वस्थ बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी सीडीपीओ अच्छी प्रगति के लिए बेहतर ब्लॉकों से अपनी तुलना करें। डीपीओ मनोज कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बच्चों को दिए गए पुरस्कार

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ, खीरी। बाथम वैश्य महासभा द्वारा गांधी और शास्त्री जयंती पर दोनों महा पुरुषों को याद कर उनके उपलक्ष में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में फल, बिस्किट, कॉपी, पेंसिल वितरित कर टॉयलेट में पानी की व्यवस्था कराई।उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कस्तूरबा गांधी स्कूल में बच्चों को उपहार वितरित करने के बाद ट्वायलेट देखा तो वहां पानी की व्यवस्था नहीं थी।महा सभा द्वारा स्कूल के ट्वायलेट में पानी की व्यवस्था कराई गई। इस मौके पर बाथम वैश्य महा सभा के अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संदीप कुमार मित्तल और महिला सभा की अध्यक्षा सुधा गुप्ता, प्रीति गुप्ता, सरला गुप्ता, अनूप, मोहिनी गुप्ता, अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संदीप मित्तल मौजदू रहे।

फर्जी बैनामा कांड का हुआ खुलासा, मुख्य आरोपी समेत दस गिरफ्तार

आरोपियों के पास से सोने की चैन सहित लाखों रुपये नगदी बरामद

जन एक्सप्रेस। कालपी

एसपी ईरज राजा के निर्देशन, एएसपी असीम चौधरी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी के नेतृत्व में चल रहे फर्जी बैनामा कांड की जांच का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया। वहीं आरोपियो के पास से सोने की चैन सहित लाखों रुपये नगदी बरामद की है। सीओ देवेन्द्र पचोरी ने खुलासा करते हुए बताया कि मुख्य आरोपी संदीप पुत्र राम सुमिरन व नमन पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासीगण आलमपुर कालपी सहित करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने धोखाधडी व कूटरचित ढंग से फर्जी दस्तावेज तैयार करके अज्ञात महिला को विद्यावती बताते हुए करीब दो करोड़ की ठगी की थी। जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये करीब दस लोगों को 17 लाख 80000 रुपये नगदी समेत एक सोने की चैन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे जाने वाले लोगों में नमन से 5 लाख रुपये नगद व एक सोने की चैन, आलमपुर कालपी निवासी महेंद्र कुमार गौतम पुत्र रामबाबू के पास से 5 लाख 80 हजार रुपये एक लावा कंपनी का काला पैड बरामद किया। नया रामनगर उरई निवासी मनीष पुत्र कन्हैया लाल के पास से दो लाख 40 हजार रुपये बरामद किये, जबकि ग्राम धमना निवासी जगमोहन के पास से डेढ़ लाख नगद व दो जाली आधार कार्ड और एक मोबाइल बरामद हुआ। कदौरा निवासी जीतेंद्र जो कि एच डी एफ सी बैंक कालपी का कर्मचारी है उसके पास से नगद एक लाख रुपये व काले रंग का एक मोबाइल बरामद हुआ। सदर बाजार कालपी निवासी सचिन पुत्र सदन कुमार के पास से 70 हजार रुपये नगद और एक फिरोजी रंग का मोबाइल, छौक निवासी आशीष सिंह वैश्य पुत्र सुरेन्द्र पाल सिंह के पास से 50 हजार रुपये और ओप्पो का एक मोबाइल, अनमोल मिश्रा पुत्र रामदत्त मिश्रा निवासी खतराना टोला इटावा जिसे एक्सिस बैंक का मैनेजर बताया गया है। जिसके पास से करीब 50 हजार रुपये बरामद हुए हैं। वहीं फफूद औरैया निवासी आशुतोष दुबे पुत्र राजेश कुमार के पास से 20 हजार की नगदी बरामद हुई है और फफूद औरैया के ग्राम केशम पुर निवासी प्रशांत तिवारी पुत्र संतोष कुमार तिवारी को भी नगद 20 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

शेष आरोपी शीघ्र गिरफ्तार कर भेजे जाएंगे जेल: देवेन्द्र पचोरी

कालपी। पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी ने दो टूक शब्दों में कहा जो भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं, वह ज्यादा दिन बच नहीं पाएंगे। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पूरी तरह फील्डिंग लगा दी गई है। इतना ही नहीं बल्कि मेरी उच्चाधिकारियों से बराबर वार्ता हो रही है। यदि आरोपी खुद सरेंडर नहीं करते तो पुलिस के पास और भी बहुत सारे तरीके हैं। रही बात इस केश में अन्य संलिप्त लोगों की तो भरोसा रखिये कोई भी नहीं बचेगा अभी जांच चल ही रही है जो भी दोषी होंगे उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

भैरव मंदिर में रखी मूर्ति की गुम हुई आंख, पूजा थाली से हुई बरामद

जन एक्सप्रेस। उरई

रामपुरा थाना क्षेत्र में स्थित भैरव मंदिर में रखी मूर्ति की एक आंख अचानक से गायब हो जाने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। काफी खोजबीन के बाद मूर्ति से गायब हुई आंख पूजा थाली से बरामद कर ली गई। रामपुरा कस्बा से तीन किमी दूर भैरव मंदिर में मूर्ति की एक आंख अचानक से गायब हो गई। बताया गया है कि मूर्ति में दोनों आंखें सोने की लगी हुई थी। मंदिर से भैरव बाबा की मूर्ति की आंख चोरी होने खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, और ग्रामीणों का हुजूम लग गया। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही रामपुरा थानाध्यक्ष शशि भूषण भी दल-बल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की बारीकी से छानबीन शुरू कर दी। हालांकि मूर्ति की आंख का कोई पता नहीं लग सका। इधर जब मंदिर के महंत नरेंद्र पुजारी ने मंदिर की साफ सफाई की और प्रसाद की थाली में खोजबीन की तो उसमें मूर्ति की आंख सुरक्षित मिल गई। आंख की जानकारी होते ही पुजारी ने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी और आंख को दुबारा मूर्ति में लगा दिया गया। मंदिर के महंत नरेंद्र पुजारी ने बताया कि मूर्ति की आंख प्रसाद की थाली में गिर गई थी। जिसे थाली की सफाई करते समय मिल गई है।

पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मोत्सव मेला के प्रचार-प्रसार की योजना तैयार

जन एक्सप्रेस। मथुरा/फरह

एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता, भारत माता के अमर सपूत, महामानव पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 से 14 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विशाल मेला के संबंध में प्रचार-विभाग की बैठक में मेला के व्यापक प्रचार- प्रसार की योजना बनाई गई।

पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव समिति प्रचार विभाग की बैठक महोत्सव समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सोहन लाल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर दीनदयाल धाम, फरह में आयोजित की गई। बैठक में मेला के व्यापक प्रचार- प्रसार के संबंध में कार्ययोजना तैयार की गई। मेला को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचारित करने के संबंध में सदस्यों के दायित्व निर्धारित किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश शर्मा को मेला प्रचार विभाग प्रमुख बनाया गया। कर्यालय प्रमुख पप्पू चौधरी, के आलावा ओमप्रकाश शर्मा, डॉ0 देवेंद्र गोस्वामी एवं जनपद आगरा के लिए मेला प्रचार- प्रसार प्रमुख विजय गोयल एवं आशीष भटनागर को बनाया गया है।

महोत्सव समिति के मंत्री मनीष अग्रवाल ने बताया की मेला का शुभारम्भ 11 अक्तूबर से 14 अक्तूबर दीनदयाल धाम में हवन एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा विशाल किसान संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का उदघाटन के साथ होगा।

बैठक में स्मारक समिति निदेशक सोनपाल, महोत्सव समिति कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सह सर्व व्यवस्था प्रमुख हरेंद्र सारस्वत एवं दिनेश गौड़, सहमंत्री योगेश आवा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव समिति अध्यक्ष एडवोकेट सोहन लाल शर्मा एवं संचालन मंत्री मनीष अग्रवाल ने किया।

अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव की पहचान होने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के मोहल्ला तिलक नगर निवासी नेत सिंह 53 वर्ष पिछले 6 महीने से कैंसर से पीड़ित था। जिसका परिवार के लोग इलाज कर रहे थे पर वह बीमारी और इलाज में हो रहे खर्चे से तनाव में चल रहा था। जिसके चलते रविवार की देर शाम को वह अपने घर से चुपचाप निकल गया। समय रहते घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की पर उसका पता ना चला। इस दौरान उसने उरई रेलवे स्टेशन की कानपुर साइड जाकर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा देख लोगों ने पुलिस को जानकारी दी।

फास्ट फॉरवर्ड

महात्मा गांधी त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे: अजीत सिंह

जन एक्सप्रेस/भटनी, देवरिया। सिद्धेश्वर शीतलदेव नारायण महाविद्यालय भरहेचौरा में तिरंगा झंडा फहराकर त्याग व तपस्या के प्रेरणास्रोत, संसार को सत्य, अहिंसा और स्वच्छता हेतु प्रेरित करके विश्व को शान्ति का मार्ग दिखाने वाले, महान नेता, त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति, दुनिया को अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं कर्तव्य निष्ठा की प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा इस अवसर पर सभी को स्वच्छता और स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई...!!! इस दौरान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के द्वारा और साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरुण कुमार मणि त्रिपाठी एवं नरवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर गांव में प्रभात फेरी निकाल कर साफ सफाई एवं प्लास्टिक को दूर हटाओ के नारा लगवाये। महाविद्यालय के प्रबंधक श्री अजीत कुमार सिंह ने इसके महत्व को प्रदर्शित किया और कहा कि महात्मा गांधी के जीवन और कार्यों ने भारत के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी। सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के प्रति उनके समर्पण ने न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रेरित किया। गांधी जयंती लोगों को इस महान नेता को अपना सम्मान देने का अवसर प्रदान करती है, जिन्होंने अपने देश की भलाई के लिए अपार बलिदान दिए। साथ ही साथ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सम्पूर्णानंद तिवारी ने इसकी विशेषता को परिभाषित किया गांधी जयंती के उपलक्ष में सबको शुभकामनाएं। गांधी जी एक ऐसा व्यक्तित्व हैं, जिन्हें अनंतकाल तक याद किया जाएगा। वे ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने दुनिया भर को अहिंसा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम को नुक्कड़ नाटक द्वारा सम्पन्न कराया गया। महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था ने मौके पर पहुंच कर लिया घटना का जायजा

जन एक्सप्रेस/देवरिया। रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर के लेहड़ा टोला में हुई छह लोगों की हत्या की जांच के लिए सोमवार की दोपहर में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। वहां से वह लेहड़ा टोला के लिए रवाना हो गए। जहां जमीनी विवाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के बाद एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। दूसरे परिवार में पति-पत्नी, दो बेटियों और बेटे का गला काटा गया, गोली मारी गई, ईंट से सिर कूच दिए। प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। सत्य प्रकाश दुबे के घर के अंदर भी पहुंचकर उन्होंने निरीक्षण किया। जबकि पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के मामले की जानकारी ली। उन्होंने घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया और विवाद के भी जांच का निर्देश दिया।

सपरिवार ब्राह्मण की हत्या पर सवर्ण समाज में आक्रोश

जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर/देवरिया। रुद्रपुर के फतेहपुर में जमीनी विवाद को लेकर ब्राह्मण परिवार को मौत के घाट उतार दिया गया। उत्तर प्रदेश सवर्ण आर्मी देवरिया के जिलाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल ने घटना स्थल पर पहुंच कर इस घटना का बिरोध किया! जिलाध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार में आय दिन ब्राह्मण की हत्या और उत्पीड़न किया जा रहा है और भाजपा के ब्रम्हाण मंत्री, बिधायक, सांसद मौन धारण कर भाजपा सरकार की गुन गा रहे है! श्री शुक्ल ने कहा की पुरे ब्रम्हाण परिवार की हत्या ने प्रदेश में सवर्ण समाज को झकझोर दिया है। शुक्ला ने कहा कि देवरिया जनपद में दो विधायक व सदर सांसद, व जिला पंचायत अध्यक्ष ब्राह्मण है लेकिन जनपद में पांच ब्राह्मणों की निर्मम तरीके से हत्या कर दिया गया और ब्राह्मण जनप्रतिनिधि मौन धारण किये हैं। जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से हत्यारो को फांसी की सजा की मांग किया है। इस दौरान दुर्गेश चंद्र शुक्ला, राजेश मिश्रा, पंडित राहुल शुक्ला, जयप्रकाश मिश्रा, मनोज तिवारी, अशोक मिश्रा, आशीष शुक्ला, विशाल मिश्रा, गोलू सिंह, बिपिन राय, राहुल शुक्ला, अभिषेक मिश्रा सहित अधिक संख्या में सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहें।

ताबड़तोड़ हत्याओं से थर्राया देवरिया, सीएम योगी ने घटना पर जताया दुख

जन एक्सप्रेस/देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया जिले में हुई घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कमिश्नर/आईजी को त्वरित और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बता दें कि सोमवार की सुबह भूमि के विवाद में एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके प्रतिशोध में उमड़ी भीड़ आरोपी पक्ष के सत्यप्रकाश दुबे के दरवाजे पर पहुंच गई। धारदार हथियार और असलहों से लैस लोगों ने पति-पत्नी, दो बेटी, एक बेटे को मार डाला। जबकि एक बेटा गंभीर है।

पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्ट्री का किया पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस। उरई

रामपुर थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में लंबे समय से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए मौके पर पटाखे बनाते पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने मौके से बने व अधबने पटाखों के अलावा पटाखे बनाने का सामान भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में रामपुरा थानाध्यक्ष दलबल के साथ क्षेत्र में चोर, लुटेरे, वंछित, वारंटियों के अलावा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों की गिरफ्तारी को लेकर धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा क्षेत्र में लंबे समय से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने दलबल सहित मुखबिर के बताए ठिकाने मोहल्ला सुभाष नगर में दबिश डाल दी। जहां पर फैक्ट्री की घेराबंदी का डाली और मौके पर पटाखा बना रहे मोहर सिंह, सत्यवान, संदीप कुमार, गजेंद्र, निवासीगढ़ ग्राम टीहर हाल निवास मोहल्ला सुभाष नगर रामपुरा व कमल सिंह निवासी ग्राम बगियापुर थाना मिहोना भिंड को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने मौके से छह बोरियों में भरे करीब एक कुंटल 59 किलो पटाखे, चार बोरी अधजली लाईटें कागज की एक बोरी जूठ 6 किलो सफेद मटमैला पाउडर 2 किलो सौ ग्राम सफेद रंग पाउडर व एक बोरी पटाखे बनाने का सामान बरामद किया। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर थाना परिसर में खुलासा किया। इस दौरान पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा टीम मौजूद रही।

दृढ़ोमर वैश्य समाज महिला मोर्चा ने मनाई महात्मा गांधी की जयंती

जन एक्सप्रेस। कालपी

अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज नगर इकाई कालपी के स्थित श्याम पैलेस में दृढ़ोमर वैश्य समाज के संरक्षक सीताराम गुप्ता एवं संदीप गुप्ता (श्याम पैलेस) के निर्देशन में तथा महिला मोर्चा की अध्यक्ष मोहनी गुप्ता के नेतृत्व में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। महिला मोर्चा की पूरी टीम ने गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभी लोगो ने गाँधी जी के विचारों पर अपने अपने विचार रखे। बताया की जिस तरह गांधी जी पूरे देश को लेकर आगे बढ़े ठीक उसी तरह हम सभी को अपने समाज को लेकर आगे बढ़ने का काम करना है। बताया की गांधी जी ने हम सभी को सदैव सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महिला नगर अध्यक्षा ने कहा की गांधी जी के दिय नारे करो या मरो पर समाज को आगे बढ़ना चाइए। कार्यक्रम में विनीत गुप्ता, अतुल गुप्ता, गगन गुप्ता, मनीष गुप्ता, रामजी गुप्ता, राधा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, सुनीता गुप्ता सहित काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हमीरपुर जिले के लालपुरा थाना क्षेत्र के रूरी पारा निवासी शंभूदयाल का 25 वर्षीय पुत्र संजय रविवार की रात लालपुरा के पास सड़क हादसे में घायल हो गया था। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया था। मौजूद लोगों ने उसकी पहचान कर घटना की सूचना उसके परिजनों को दी थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए पास के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उसे उरई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंडलायुक्त ने सफाई मित्रों को शॉल उढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। उरई

मंडलायुक्त आदर्श सिंह व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्कृष्ट सफाई मित्रों को विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शाल उड़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जनपद में वृहद स्तर पर शहर व गांव के चारों तरफ साफ सफाई कराई गई। उन्होंने कहा कि सफाई सबका उत्तरदायित्व है एवं सफाई से सभी को जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति हम जितना सजग रहेंगे हम उतना स्वस्थ रहेंगे। आज स्वच्छता और स्वास्थ्य हर लोगों की जरूरत है इसको मिलकर हमें पूरे भारत में जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों की कोरोना संक्रमण काल में इन सभी की सेवाओं को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत ऊर्जा से ही जनपद स्वच्छ रहता है आपका योगदान अतुल्य है। उन्होंने कहा कि आप से अपेक्षा करता हूं कि आप अपने शहर को स्वच्छ रखेंगे और आमजन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक व प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र समाज के अभिन्न अंग है। इनके द्वारा किए गए कार्यों से ही लोग संक्रामक बीमारियों से बचे रहते हैं क्योंकि इनका पूरा दिन सफाई कार्यों में ही व्यतीत होता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा आदि संबंधित अधिकारी व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

जनपद में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी की जयन्ती

जन एक्सप्रेस। महोबा

भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने के साथ-साथ देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती आज 2 अक्टूबर को जनपद मे धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वित्त सचिव, नोडल अधिकारी शाहिद मंजर अब्बास रिजवी एवं जिलाधिकारी मृदुल चैधरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीएवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार सहित वहां मौजूद अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एव लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा गोष्ठी में अपने अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर कलेक्ट्रेट में गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम जैसे अनेक गीतों एवं अन्य राष्ट्रीय गीतों को भी सुना गया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर आधारित गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने उनके जीवन परिचय पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में नोडल अधिकारी ने कहा भारत के महान पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती का यह दिन हम सब को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो, सिद्धांतों पर व उनके सदविचारों को अपनाने के साथ ही उनके पद चिन्हों, बताए गए मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जिलाधिकारी ने महात्मा गाँधी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी, अन्त्योदय, की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का परिचय कराया गया। दोनों महापुरुष भारत को नई दिशा व नई गति देने वाले महापुरुषों में से एक थे। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का हमारे देश को आजादी दिलाने में अप्रतिम योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया। देश की राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में अप्रतिम भूमिका का निर्वहन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस 02 अक्टूबर हमारे देश के उन सहस्त्री ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का बेहतर अवसर देता है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिवेदी पर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के आदर्शों सिद्धान्तों व उनके सद्विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का सुअवसर प्रदान करता है। कहा कि गांधी के विभिन्न विचारों यथा सत्य, अहिंसा, स्वच्छता जैसे मूल्यों को अपनाकर देश की प्रगति में अपना योगदान दें। गोष्ठी के पश्चात नोडल अधिकारी एवं जिलाधिकारी नें अनाथालय में फल वितरण किया तथा स्वच्छता पार्क वार्ड न0 9 आलमपुरा का निरीक्षण किया। इस मौके पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महोबा डॉ संतोष चैरसिया एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

बुंदेलों ने अनाथालय पहुंच महात्मा गांधी को किया नमन

जन एक्सप्रेस। महोबा

बुंदेलों ने आज उस अनाथालय में जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये जिसकी आधारशिला उन्होंने अपनी मृत्यु से 19 वर्ष पहले खुद आकर रखी थी। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं अनाथालय के बच्चों से उन यादों को साझा किया जो गांधी जी से जुड़ी थी। साथ ही उनको देश की आजादी में गांधी जी के अविस्मरणीय योगदान के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी 21 नवंबर, 1929 को महोबा आए और यहां अनाथालय का शिलान्यास कर गरीब, अनाथ बच्चों के लिए एक बड़ा तोहफा दे गए। पं. बैजनाथ तिवारी व उमादत्त शुक्ला की देख-रेख में यह अनाथालय दस वर्ष में बनकर तैयार हुआ। अपने 94 वर्ष के सफर में यह अनाथालय अब पूरे क्षेत्र की अमूल्य विरासत बन गया है। यहां से निकले तमाम बच्चे अच्छी-अच्छी नौकरियों में पहुंच गए और महोबा का नाम रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रांतीय बाल सेवा सदन अनाथालय के नाम से मशहूर इस इमारत के ऊपर लगी गांधी जी की आदमकद प्रतिमा और ऊपर बैठे उनके तीनों बंदर बचपन से ही हम लोगों को बहुत लुभाते रहे हैं। उनका संदेश ष्बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत करोष् आज भी हमें सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर बच्चों के साथ अनाथालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी, मनीष जैदका, गया प्रसाद कोस्टा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

गांधी एवं शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक: राजेश सिंह

जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी/देवरिया। भाटपार रानी नगर के बेलपार पंडित स्थित प्रतिष्ठित संस्थान ज्ञान कुंज एकेडमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दोनों महान विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रबंधक ने संबोधित करते हुए कि गाँधी व शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक है। गांधी जी ने स्वदेशी वस्तुओ को अपनाकर तथा आस- पास के परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर लोगों को आत्मनिर्भर तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि हमारा समाज/प्रदेश स्वच्छ हो, हम सभी स्वस्थ रहें, इसके लिए हमें स्वच्छता को अपनी आदत बनानी होगी तथा हमें अपने आस पास के परिसर में साफ सफाई के दायित्वों का निर्वहन करना होगा तभी हम सभी स्वस्थ व रोगमुक्त होकर रह सकते हैं।

जिले में धूमधाम से मनाई गई गांधी और शास्त्री की जयंती

डीएम ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

सोमवार 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 154 वीं और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री 119 वीं जयंती पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जयंती भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक समेत सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन पर आयोजित गोष्ठी में सीएमएस की छात्राओं द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व महात्मा गांधी जी के जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व महात्मा गांधी जी के दर्शन से प्रेरित है। गांधी जी ने पूरे विश्व को सत्य एवं अहिंसा का पाठ पढ़ाया। आज कई देशों की नीतियां एवं संविधान गांधी जी के सिद्धांत एवं विचारधारा से प्रेरित है। गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा को लेकर कभी भी अपने पथ से नहीं डिगे, उन्होंने अपने सत्य एवं अहिंसा के बल पर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि हम गांधी जी को तभी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे होंगे, जब हम उनके विचारों को अपने जीवन में अपना रहे होंगे। गांधी जी के विचार एवं सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है उनके सिद्धांत एवं विचार जीवन के सभी मौकों पर मार्गदर्शन देने का कार्य करते हैं। आज के युवा वर्ग गांधी जी के विचारों एवं दर्शन का अध्ययन करेंगे तो जरूर उनसे प्रेरित होंगे और यहां उनके आने वाले जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण होगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर उप जिलाधिकारी के द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान स्टेनो एससी उपाध्याय, संजीव श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे, संचित मोहन तिवारी, खनन अधिकारी अभय रंजन, आपदा सहायक राजेश कुमार व कलेक्ट्रेट के अन्य सभी अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

शहर की सड़कों पर पिंक ऑटो की सारथी बनेंगी महिलाएं

जन एक्सप्रेस/बहराइच। गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर नगरीय विकास अभिकरण द्वारा संचालित स्वः रोज़गार कार्यक्रम (एस.ई.पी.आई.) अन्तर्गत चयनित तलाकशुदा निराश्रित 05 महिलाओं बिट्टा, सायरा, मेघा, शिव कुमारी व आरती को एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संयुक्त रूप से पिंक आटो की चाभी भेंट की तथा हरी झण्डी दिखाकर पिंक आटो को रवाना किया। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास अभिकरण द्वारा संचालित स्वः रोज़गार कार्यक्रम (एस.ई.पी.आई.) अन्तर्गत चयनित 05 महिलाओं को डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के प्रयास से ड्राइव का प्रशिक्षण एवं ड्राईविंग लाइसेन्स बनवाया गया। इसके पश्चात लीड बैंक इण्डियन बैंक से प्रति महिला लाभार्थी को पिंक आटो की खरीद हेतु रू. 1.75 लाख का ऋण दिलाया गया है। जबकि लाभार्थी महिलाओं को आगा खान फाउण्डेशन की ओर से वर्दी उपलब्ध करायी गयी है।

अहिंसा का रास्ता अपनाकर देश आजाद कराने वाले महा मानव थे बापू: राजेश महाराज

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती सोमवार को चक्र तीर्थ मोहल्ला श्री अयोध्या वशिष्ट कुंड वार्ड तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के कार्यालय पर मनाया गया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज की अध्यक्षता में उनका जन्मदिन मनाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि पूज्य बापूजी जी ने देश के लिए आजादी दिलाने में अहिंसा का रास्ता अपना कर आजाद कराने वाले बापू जी को शत शत नमन आज हम सभी को बापू जी के विचारों पर चलने और अपनाने की जरूरत है। घनश्याम दास पहलवान ने कहा कि आज पुरोहित समाज, और संत महंत बड़ी ही धूम धाम से बापू जी के विचारों को अपनाने का प्रयास कर रहे हैं। देवगन शरन सरकार ने भूरि-भूरि प्रशंसा श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने करते हुए कहा कि आज महातमा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिन मनाने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है, मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। इस दौरान अन्य नागरिकों ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन और याद किया। इस अवसर पर

पुजारी देवगन शरन सरकार, कोठारी नंदलाल दास महाराज, सूरज शर्मा, घनश्याम दास पहलवान, बाबूराम, बजरंगी पांडे,निर्मल पांडे, मांगू लाल पांडे शुभम पांडे, कन्हैया पांडे, चंदा सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष,नवीन शर्मा, मोहित सोनकर, हरिराम सोनकर उर्फ खजांची, पार्षद अनिकेत यादव, सोमनाथ, प्रमोद साहू, अनुराग पांडे विराट पांडे कर्मराज पांडे, शंभू नाथ पांडे, प्रदीप पांडे, रंजीत पांडे, कविराज दास, रितेश मिश्रा, पवन कुमार, वीमेन्द्र श्रीवास्तव, अश्विनी श्रीवास्तव, विकास सोनकर, अनूप पांडे, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ व अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मा पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ एवं महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे व विशिष्ट अतिथि विधायक कैलाश नाथ शुक्ला तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल प्रांगण में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि के उपलक्ष में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महारानी लाल कुंवर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जनार्दन प्रसाद पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथ के रूप में पधारे तुलसीपुर क्षेत्र के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी के बलरामपुर जनपद के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तुलसीपुर प्रवीण सिंह विक्की एवं तुलसीपुर क्षेत्र के पूर्व प्रमुख सत्य नारायण मिश्रा ने महंत दिग्विजय नाथ एवं महंत अवैद्यनाथ महाराज के व्यक्तित्व एवं समाज के लिए किये उनके कार्यों पर प्रकाश डाला तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जे पी पांडेय ने महन्त द्वय के जीवन वृतांतों का वर्णन करते हुए उनके संघर्षों और उनके द्वारा स्थापित मानदंडों का उल्लेख करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राचार्य ने इतिहास के माध्यम से उनके कई वृतांतो का उदाहरण भी दिया । विशिष्ट अतीत कैलाश नाथ शुक्ला ने अपने संबोधन में महत्व दिग्विजय नाथ तथा महंत अवैद्यनाथ को महान संत व विचारक बताते हुए कहा कि उन्होंने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद भी जो मानदंड स्थापित कर दिए हैं, उसका अनुकरण करके हम लोग काफी आगे जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज उन्हीं के अनुकरण से सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं। विद्यालय की छात्राओं ने भी ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ को श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा किये गए समाज के लिए किये गए कार्यों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता उमानाथ पाण्डेय एवं सुजीत शुक्ला ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

शहर में खुदी सड़क व गांव में छुट्टा जानवरों से जनता परेशान: सरोज यादव

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बीकापुर विधानसभा के कपासी ग्राम सभा में विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद के नेतृत्व में महिला जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा की भाजपा सरकार में शहर में खुदी सड़क से और गांव में छुट्टा जानवरों से जनता परेशान है महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, चरम सीमा पर है महिलाओं को घर गृहस्थी चलाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है किसान, नौजवान परेशान है, इस डबल इंजन की सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है महिलाओं का सम्मान सपा में सुरक्षित है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासनकाल में कन्या विद्या धन, पढ़े बेटियां बड़े बेटियां, साइकिल एवं लैपटॉप वितरण बेरोजगारी भत्ता, समाजवादी महिला पेंशन, लोहिया आवास, एंबुलेंस योजना, 1090,मेट्रो आदि दर्जनों जनहित में कार्य किए गए हैं। जो आज भी ऐतिहासिक है। जिसे जनता आज भी याद कर रही है। लोकसभा चुनाव में जनता महंगाई बेरोजगारी गरीबी और बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी। प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता मन बना चुकी है भाजपा सरकार का उत्तर प्रदेश में सफाया होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत है। इंडिया गठबंधन के समर्थन में जनता है इंडिया जीतेगा। किसान, नौजवान, मध्यम वर्ग, महिलाएं, बुनकर और हर गरीब आदमी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा है, नौजवान बेरोजगार है। भाजपा ने नौजवानों और किसानों से झूठे वादे किए थे। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। उपाध्यक्ष विमल निषाद जी ने कहा कि किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। खिरौनी पंचायत की अध्यक्ष रेशमा भारती ने कहाकि महंगाई बहुत तेजी से बढ़ी है, हर वर्ग परेशान है। महंगाई के कारण लोग गैस सिलेण्डर नहीं भरा पा रहे हैं। सांड़ और आवारा जानवरों से लोग परेशान हैं। इस अवसर पर ज्ञान देवी, मिथिलेश, सीमा यादव, फूल कली, राजकुमारी, सुमन, अंजू, देवी, सुगना, शिव कुमारी, मीना देवी माया देवी, राजकुमारी, शिखा निशा, सायरा बानो, सफीकुल निशा, के के पटेल, जितेंद्र रावत, जितेंद्र यादव, बुधीराम यादव, रामपाल, रामानंद आदि लोग उपस्थित रहे।

नवोदय पुरातन छात्रों की बैठक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

यमुना मिलन रिजॉर्ट अयोध्या में रामचंद्र की अध्यक्षता तथा मुकेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई,आगामी 08 अक्टूबर 2023 को उत्तर प्रदेशीय द्वितीय अलुमिनी मीट अयोध्या ,डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के ऑडिटोरियम में होना सुनिश्चित हुआ है आयोजक मंडल ने आज सभी तैयारियां का जायजा लिया और विभिन्न कमेटियों को उनके दायित्व के निर्वहन संबंधित सूचना प्रेषित की गई,इस बैठक में राज बहादुर नवोदय गोंडा,डॉक्टर नरेंद्र नवोदय आगरा ,डॉ अमिता सिंह नवोदय झांसी,बृजेश पासवान,गोंडा नवोदय से प्रवेज,मनोज,विमल राजन,नवोदय अयोध्या से संगीता सिंह ,शिल्पी सिंह,संगीता, प्रीती

राजस्व अधिकारियों की मिली-भगत उजागर

भू-माफिया ने जाति और नाम बदलकर हथिया ली कई बीघा सरकारी जमीन

जन एक्सप्रेस। अशोक उपाध्याय

बहराइच। मिहींपुरवा तहसील के आधा दर्जन गांवों में भू माफिया ने नाम और जाति बदलकर कई बीघा सरकारी जमीन राजस्व अभिलेखों में अपने नाम का दर्ज कराकर हथिया ली। राजस्व अधिकारियों ने भूमाफिया के इस कारनामे में बराबर का साथ दिया।

भू माफिया ने नवीन परती और खलिहान की जमीन पर भी कब्जा कर लिया। अपने रसूख के बल पर पंचायत भवन के लिए अधिकृत की गई जमीन पर भवन निर्माण नहीं होने दिया। भू माफिया का कारनामा उजागर होने के बाद अब राजस्व विभाग के कई कर्मचारी जांच के दायरे में आ गए हैं। भू माफिया के खिलाफ क्या करवाई होती है। यह तो वक्त बताएगा।

भू माफिया ने तहसील क्षेत्र के सुजौली, धरमापुर , मधवापुर, बोझिया, हरखापुर समेत गई गांव में नवीन परती, ग्राम समाज व खलिहान की खाली पड़ी भूमि पर राजस्व विभाग से मिलकर का कब्जा कर लिया है। भू माफिया ने राजस्व अभिलेख में भी हेरा फेरी जाकर गलत तरीके से अपना और अपने परिवार का नाम दर्ज करा लिया। ग्रामीण बताते हैं कि धर्मापुर गांव निवासी जमीदार पुत्र राम अवतार ने गाटा संख्या 104/05/04 के खाता 207 में रकबा 0.173 तथा 0.400 राजस्व अधिकारियों से मिलकर आवंटित करा ली। ग्रामीण बताते हैं कि जमींदार लोध जाति के है। लेकिन राजस्व अभिलेखों में चाई जाति दर्शाई गई है। रजिस्ट्रार कार्यालय की फाइल संख्या 30 के क्रमांक 01 पर अंकित है। माफिया ने अपनी पत्नी और पिता का नाम भी राजस्व अभिलेखों में बदलवा दिया। खसरा खतौनी में अमल दरामद करने के दौरान के दौरान जाति बदलकर थारू जनजाति दर्ज कर दिया गया। राजस्व अधिकारियों ने उसी व्यक्ति को गाटा संख्या 512/10 में 0.324 ईयर का आवंटन पिता का नाम राम अवतार की जगह मात्र अवतार लिखकर भूमि आवंटित कर दी गई। वही पत्नी का नाम केशरानी की जगह कलावती दर्शाया गया है। इसका सिजरा भी रजिस्ट्रार कार्यालय की फाइल 9 और 41 पर दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि भू माफिया की ओर से 15 बीघा नवीन परती पर भी कब्जा कर लिया गया है।

शिकायत मिली है कराई जाएगी जांच

उप जिला अधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार ने कहा कि ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत की है। पूरे मामले की जानकारी हासिल की जा रही है। मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। एंटी भू माफिया के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती

जन एक्सप्रेस/मया-बाजार-अयोध्या। बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज में आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के शुभ अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य एम0ए0 इदरीशी ने महापुरूषों के चित्र पर पुष्प भेंटकर श्रद्धासुमन अर्पित किया और प्रभारी प्रधानाचार्य एम0 ए0 इदरीशी ने सत्य, अहिंसा और त्याग की प्रतिमूर्ति राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और सच्चाई एवं सादगी के अग्रदूत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये महापुरुषों के आदर्शों पर चलने के लिये, सर्व धर्म सदभाव, आदर्श जीवन को अपनाने, राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा करने, एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने और अपने-अपने कार्यों का पूरे ईमानदारी से करने का संकल्प दिलाया एवं स्वच्छता, पर्यावरण, पौधरोपण के प्रति सभी लोगों को जागरूक भी किया तथा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत सफाई अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनुशासित शिक्षक मास्टर राहत अली सलमानी, चन्द्रशेखर इण्टर कॉलेज गौहानियाँ बन्दनपुर के सम्मानित प्रबन्धक रामतिलक शर्मा, कुलसुम बानों, शबीहा खातून, शमा बानों, रुख्सार बानों, रेशमा बानों, गौशिया बानों, हुसैना बानों, नज़मा निशा, रूकैया बानों, मनीषा एवं कृष्णा कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें वा कर्मचारी मौजूद रहें।

गांधी व शास्त्री की जयंती पर विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन

'जय जवान जय किसान' का नारा आज भी हर भारतीय की जुबान पर: रमा शंकर शुक्ल

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल के साथ विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती के साथ दोनों महापुरुषों की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन कर इनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

प्रबंधक ने कहा कि 1944 में सिंगापुर रेडियो से एक संदेश प्रसारित करते हुए सुभाष चन्द्र बोस ने गांधी जी को राष्ट्रपिता तो नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्र नाथ टैगोर ने गांधी जी को महात्मा की उपाधि दी। 15 अगस्त 1947 को बंगाल नोआखली में मुल्क में सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ 24 घंटे का उपवास रखा। इनकी शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदेशों में भी गांधीजी के नाम पर 48 सड़कों का नामकरण हुआ है। 1930 में अमेरिका की टाइम मैगजीन द्वारा **'मैन ऑफ द ईयर'** से सम्मानित गांधी जी का जब घर में किसी से अनबन होता था तो उपवास करने लगते थे।

उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि छोटे कद वाले विराट हृदय, निष्ठा, देश भक्ति और शानदार व्यक्तित्व के धनी लगभग 18 महीने देश के प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री ने देश को यशस्वी नेतृत्व प्रदान करने के साथ साथ देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बेहद लोकप्रिय **'जय जवान जय किसान'** का नारा दिया जो आज भी हर भारतीय की जुबान पर है। इस अवसर पर ओ पी मिश्रा, आर डी पांडेय, एस एन तिवारी, विश्वजीत मौर्या, अभिषेक मिश्रा, अंशुमान तिवारी, शिव सागर, मनजीत, सुधा, निशा, प्रिया, प्रकृति, रिया, रूपा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

साइबर ठग ने उड़ाए रुपए, पुलिस ने पीड़ित की धनराशि वापस कराई

जन एक्सप्रेस। बहराइच

साइबर ठगी के मामले जिले में बढ़ते जा रहे है। साइबर ठगी करने वाले लोग ठगी के नए नए तरीके अपना रहे है। कहीं लॉटरी खुलने के नाम पर ठगी कर रहे है तो कहीं फर्जी बैंक कर्मचारी बन कर केवाईसी अपडेट कराने के लिए लोगो को फोन काल करते है और फिर मेसेज के जरिए लिंक भेज कर उसे टच करने के लिए कहते है।

जैसे ही खाता धारक ने उस लिंक को टच किया फिर पलक झपकते ही आपका अकाउंट खाली हो जाता है, इसलिए अगर आपको भी कोई ऐसी काल आती है तो जरा बच के रहिए गा क्यों की उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर आई फर्जी काल ने एक महिला के क्रेडिट कार्ड से हजारों रूपए उड़ा लिए, पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस की साइबर सेल ने मामला दर्ज कर महिला के क्रेडिट कार्ड से निकले रुपए अकाउंट में वापस करवा दिए है। दरअसल बहराइच के कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली अर्चना मिश्रा के मोबाइल पर अज्ञात फोन नंबर से कॉल आई और काल करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को बैंक कर्मचारी बताते हुए केवाईसी अपडेट करने को कहा और अर्चना मिश्रा के मोबाइल पर एसएमएस के जरिए एक लिंक भेज दिया और उसे टच करके ऑनलाइन अपडेशन करने के लिए कहा जिस पर पीड़िता ने जैसे ही टच किया वैसे ही उनके क्रेडिट कार्ड से 96 हजार 233 रुपए की खरीदारी कर ली गई ,अपने साथ हुई साइबर ठगी की शिकायत पीड़िता ने बहराइच साइबर सेल पुलिस से की जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए साइबर सेल की मदद से पीड़िता के क्रेडिट कार्ड से निकले रुपए वापस जमा करवा दिए।

गॉधी जी व शास्त्री जी की जयंती पर शहर में हुए विविध आयोजन

जन एक्सप्रेस। बहराइच

महात्मा गॉधी तथा पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने राष्ट्रपिता बापू तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि गॉधी जी व शास्त्री जी के सत्य और अहिंसा पर आधारित विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। सादा जीवन उच्च विचार तथा सर्वधर्म संभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा हमें महात्मा गॉधी और शास्त्री जी से मिलती है।

एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि हमें अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाने की प्रेरणा गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन से मिलती है। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि 02 अक्टूबर ऐसी तिथि है जिस दिन देश ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व की दो महान विभूतियों महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस है। मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, ईदगाह के इमाम मौलाना वलीउल्लाह, डॉ. राधेश्याम पाण्डेय, कलेक्ट्रेट कर्मी गुलाम अली शाह, फादर प्रकाश सौरंग सहित अन्य वक्ताओं ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी 'मृदुल,' अल्लन बहराइची, नज़र बहराइची, मंजूर बहराइची, भानू जायसवाल सहित अन्य कवियो एवं शायरों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं प्रस्तुत की गई। डा. वेद मित्र शुक्ल ने गांधी जी के प्रिय भजन ''रघुपती राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम'' को बॉसुरी वादन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रित तारिक बेग, ज़मीला, राजू मिश्रा व कर्मवीर सिंह व अन्य को पुष्पगुच्छ, मिष्ठान व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रगान प्रस्तुत करने वाली माण्टेसरी स्कूल की छात्राओं को पुरस्कृत भी गया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया तदोपरान्त अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों व संभ्रान्तजन के साथ गॉधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात डीएम ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ त्रिमूर्ति स्थल पर जाकर माल्यार्पण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी संदीप मिश्र ने किया। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी, कलेक्ट्रेट एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

सेहरामऊ पुलिस ने टेंपो चालक को बेरहमी से पीटा, फुटेज प्रसारित

* रास्ते में टेंपो की साइड लगने पर पुलिस ने इंस्पेक्टर की मौजूदगी में की मारपीट
* पुलिस की मनमानी कार्यशैली से लोगों में रोष

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। टेंपो से किराना का सामान लेकर जोगराजपुर से केसरपुर जा रहे चालक को साइड लगने पर पुलिस ने रोक लिया। इंस्पेक्टर की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने चालक की बेरहमी से पिटाई की। मारपीट के बाद पुलिस चालक को साथ ले गई। इंस्पेक्टर की मौजूदगी में पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ पूरनपुर को दी है। थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस बीते एक माह से अपनी मनमानी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। बीते माह गढ़वा खेड़ा चौकी परिसर से गोवंशीय पशु का मांस बरामद होने, रुपए लेकर गोकशी के आरोपियों को छोड़ने, केसरपुर गांव में फर्जी दबिस देकर महिला व उसकी नाबालिक बच्ची की गर्दन पर लात रखकर बर्बरता पूर्वक मारपीट करने के के मामले में थाना पुलिस ने खासी फजीहत कराई है। सोमवार बेला निवासी अनीश जोगराजपुर दुकान से किराना का सामान लेकर केसरपुर जा रहा था। रास्ते में साइड न देने पर इंस्पेक्टर ने पुलिसकर्मियों के साथ टेंपो चालक को रोक लिया। इंस्पेक्टर की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने चालक की बेरहमी से पिटाई की। चालक पुलिसकर्मियों के सामने गिड़गिड़ाता रहा। चालक के जमीन पर गिरने के बाद भी पुलिसकर्मी लात घूंसो से पिटाई करते रहे।पिटाई के बाद पुलिस चालक को हिरासत में लेकर साथ ले गई।घटना का वीडियो पड़ोस में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कैमरे में पुलिसकर्मी चालक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इंस्पेक्टर की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों द्वारा चालक की पिटाई की सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गई। पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार शर्मा ने मामले में पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक सिंह को जांच के निर्देश दिए हैं।

"एक टेंपो चालक को पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट करने का मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
-आलोक सिंह
पुलिस क्षेत्राधिकार पूरनपुर

ट्रांसफर के बाद भी रिलीव नहीं हुए चर्चित सिपाही

थाने में तैनात तीन सिपाही बीते लंबे समय से अवैध धंधों में संलिप्तता को लेकर चर्चा में है। पुलिस अधीक्षक ने बीते दिनों तीनों सिपाहियों को थाने से स्थानांतरित कर अन्य थानों में तैनाती कर दी। एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे तीनों सिपाहियों को थाने से रिलीव नहीं किया गया।

बाबा मुंशी शालिग्राम भारद्वाज और पिता पंडित रघुवीर शरण भारद्वाज ने दी ईमानदारी से वकालत व पत्रकारिता करने की शिक्षा

जन एक्सप्रेस । अरुण भारद्वाज



पीलीभीत। श्री ब्राह्मण सेवा समिति एवं युवा पत्रकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण भारद्वाज एडवोकेट ने कहा है कि मेरे बाबा संगीत मार्तंड मुंशी पंडित शालिग्राम भारद्वाज तथा मेरे पिता संयुक्त वार एसोसिएशन के पूर्व एल्डर कमेटी अध्यक्ष एवं रोटरी क्लब के संस्थापक सदस्य पंडित रघुवीर शरण भारद्वाज ने मुझे दी ईमानदारी के साथ विधि व्यवसाय एवं पत्रकारिता करने की शिक्षा। अपने बाबा और पिता के दिखाएं मार्ग का मैं आज तक अनुसरण कर रहा हूं यह विचार अरुण भारद्वाज एडवोकेट ने आज पितृ पक्ष पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए?। श्री भारद्वाज ने बताया कि आखिर क्यों मनाया जाता है पितृपक्ष वास्तव में हिंदू धर्म में श्राद्ध एक कर्म है जो की प्राचीन काल से सनातन धर्मी लोगों द्वारा किया जा रहा है इस दौरान लोग अपने पितरों का श्राद्ध करते हैं ताकि पूर्वजों की आत्मा को शांति मिल सके हिंदू धर्म में दिन का अपना एक खास महत्व होता है उसी प्रकार पितृपक्ष यानि श्राद्ध का भी हमारे जीवन में बहुत महत्व है व मान्यता है कि हमारे जो पूर्वज इस दुनिया में नहीं है व पितरों की शांति के लिए श्राद्ध कर्म अवश्य किया जाना चाहिए इससे उनकी आत्मा को शांति मिलती है और वह अपना आशीर्वाद हमारे परिजनों को देते हैं। हिंदू धर्म में किसी की मृत्यु के बाद उसे व्यक्ति का श्राद्ध किया जाता है जो की बेहद जरूरी होता है इसलिए पितृपक्ष का सनातन धर्म में विशेष महत्व है इस दौरान 15 दिन तक लोग अपने पितरों का श्रद्धा बात तर्पण करते हैं यदि वैदिक विधि विधान से पितरों का श्रद्धा व तर्पण ना किया जाए तो उनको मुक्ति प्राप्त नहीं होती है श्राद्ध करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। अरुण भारद्वाज ने कहा यह भी किवदंती है कि पितृपक्ष में यमराज पितरों व पूर्वजों को अपने परिजनों से मिलने के लिए मुक्त कर देते हैं और 15 दिनों तक हमारे पितर धरती पर रहते हैं इस दौरान वे यदि पितरों का श्राद्ध ना किया जाए तो वह नाराज हो जाते हैं। अरुण भारद्वाज ने कहा कि मेरे बाबा पंडित शालिग्राम भारद्वाज तथा पिता रघुवीर शरण भारद्वाज माता श्रीमती जयंती रानी तिवारी द्वारा मुझे बचपन से जो संस्कार व ईमानदारी पूर्वक वकालत और पत्रकारिता करने की शिक्षा दी गई उसी का अनुसरण मै आज तक करता चला आ रहा हूं। उन्होंने कहा की सभी को चाहिए कि वह अपनी पूर्वजों तथा पितरों का श्राद्ध व तर्पण अवश्य करें।

फास्ट फॉरवर्ड

उपनिदेशक ने सूचना न देने पर सचिव को किया तलब

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। जन सूचना अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना नहीं देने पर पंचायती विभाग के वाराणसी मंडल के उप निदेशक एके सिंह ने केराकत ब्लॉक क्षेत्र के बेहड़ा गांव के ग्राम विकास अधिकारी सतीश सरोज को तलब किया है। उपनिदेशक ने ग्राम विकास अधिकारी को आगामी 10 अक्टूबर को मांगी गई सूचना से संबंधित मूल अभिलेखों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने की नोटिस भेजी है। नोटिस मिलने से ग्राम विकास अधिकारी के होश उड़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि बेहड़ा गांव के अचिन्त देव सिंह ने अपने गांव में वर्ष 2021-22 में तेरहवां, चौदहवां और पंद्रहवां सहित अन्य वित्त आयोग से गांव में 6 बिंदुओं पर कराये गए कार्यों का व्यौरा मांगा है। शिकायत है कि ग्राम विकास अधिकारी ने निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी सूचना नहीं दिया। अचिन्त देव सिंह ने अपिलीय अधिकारी पंचायत विभाग के वाराणसी मंडल के उपनिदेशक से इसकी अपील की। शिकायत किया कि ग्राम विकास अधिकारी ने भारी घोटाला किया है,जिसे वह छिपाना चाहता है। इसीलिए सूचना नहीं दे रहा। पंचायत विभाग के वाराणसी मंडल के उपनिदेशक एके सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लिया और ग्राम विकास अधिकारी को आगामी 10 अक्टूबर को अपने कार्यालय में तलब किया है । ग्राम विकास अधिकारी को नोटिस मिलने से ब्लॉक में हड़कंप मच गया है।

जिला अस्पताल में हुई महिला सर्जन की तैनाती

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन संचालित जिला संयुक्त चिकित्सालय में जनरल सर्जन डा.नितिन मलिक का सेवाकाल पूरा होने के बाद से जनरल सर्जरी बंद हो गई थी। गत कई दिनों से जिला अस्पताल में कोई सर्जन न होने के कारण दूरदराज से आने वाले मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसको ध्यान में रखते हुए सीएमओ डा.आलोक कुमार ने शासन की ओर से परामर्शी के पद पर अनुबंधित महिला सर्जन डा.रतिका अग्रवाल को जिला अस्पताल में तैनाती दी है। इससे पूर्व डॉ.रतिका अग्रवाल जनपद में सीएचसी बीसलपुर, सीएचसी बरखेड़ा व सीएचसी पूरनपुर में संचालित एफआरयू को क्रियाशील कर सिजेरियन प्रसव की सुविधा देने में योगदान दे रही थीं। डा.रतिका अग्रवाल के जिला अस्पताल में तैनात हो जाने से मरीजों को सर्जरी की सुविधा मिलने लगेगी, साथ ही महिला मरीजों को महिला सर्जन द्वारा इलाज कराने में आसानी होगी।

अमरिया क्षेत्र के रेंज सेक्शन के अन्तर्गत फरदिया चौराहे के पास ग्रामीणों को एकत्रित कर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/अमरिया। जनपद पीलीभीतअमरिया क्षेत्र के रेंज सेक्शन के अंतर्गत फरदिया चौराहे के आस पास के ग्रामीणों को एकत्रित कर 1 से 7 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह के उपलक्ष्य में लोगों को जागरूक कर गोष्ठी का आयोजन कराते हुए वन्य प्राणियों के उपलक्ष्य में वन विभाग की टीम द्वारा ग्रामीण को जागरूकता दिलाने के सम्बन्ध में वन जंगल झांडियो व खेत खलियानों गन्ने के खेतों के आस पास कहीं पर भी कोई भी जानवर दिखाई दे तो आप ग्रामीण वासियों तुरन्त वन विभाग को सूचित करें रेंज स्टॉफ सुरेश पाल वर्मा उप क्षेत्रीय वनाधिकारी सेक्शन प्रभारी अमरिया व गौरव चौधरी वन रक्षक वीट प्रभारी अमरिया व डांग मौके पर मौजूद भाजपा से राजेंद्र वर्मा सैक्टर प्रभारी अमरिया देवी दास फरदिया गुड्डू सुस्यार इज़हार बरा मझलिया रामपाल भगत धुंदरा व अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

हर्षोल्लास से मनायी गयी गांधी एवं शास्त्री जी की जयन्ती

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। आज चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विद्यालय में गांधी एवं शास्त्री जयन्ती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक ओमप्रकाश गंगवार ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत संगीताचार्य कृष्णकुमार शर्मा के निर्देशन में छात्रों ने रामधुन प्रस्तुत की जिसके उपरान्त ओमप्रकाश ने गांधी जी एव शास्त्री जी के विषय में विस्तार से छात्रों को सम्बोधित किया। तत्पश्चात स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत ग्राम चिडियादह स्थित ब्रह्म देव स्थल के प्रांगण में विद्यालय के आचार्य एवं छात्रों ने परिसर में झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्वेतांक मिश्रा ने किया।

गांधी शास्त्री जयंती पर नगर पालिका कार्यालय में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

* डॉक्टर आस्था अग्रवाल द्वारा हुई लोगों की डेंगू और मलेरिया की निशुल्क जांच

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में नगर पालिका परिषद कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोगियों को उपचार किया गया। इस मौके पर डेंगू और मलेरिया की निशुल्क जांच भी की गई। अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में डॉ ओपी मोर्य, एलटी धर्मेंद्र कुमार राणा, तेज प्रकाश ने मरीजों का परीक्षण किया। रोग से संबंधित दवाई का वितरण किया। चिकित्सकों ने बताया कि कुल 56 मरीज का परीक्षण करके उनका उपचार किया गया। निशुल्क जांच शिविर में मलेरिया की 32 और डेंगू की 24 निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह, निज़ाकत अली, रत्ना शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, डॉ अनुरिता सक्सेना, अवर अभियंता इंद्रजीत, पालिका कर्मी अशोक सक्सेना, तारिक हसन, राहुल सक्सेना, शंकर कुमार, संतोष सक्सेना, मुकेश कुमार सहित समस्त पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत अच्छा कार्य करने वाले सफाई नायकों/सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने हेतु करें पौधारोपण: मण्डलायुक्त

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज मो0 भूरे खां निकट मझवा एमआरएफ सेन्टर परिसर में मंडलायुक्त बरेली मंडल बरेली सौम्या अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्षा आस्था अग्रवाल एवं जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा वृक्षारोपण कर एवं अच्छा कार्य करने वाले सफाई नायकों/सफाई कर्मियों को टी-शार्ट व प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर मण्डलायुक्त, नगर पालिका अध्यक्षा एवं जिलाधिकारी ने अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको मिलकर छोटी छोटी बातों को ध्यान रखकर अच्छा वातावरण तैयार करने में सहयोग कर सकते है और साथ ही साथ खाली जगह पर वृक्षारोपण करें, जिससे आने वाली पीढियों को अच्छा वातावरण प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वृक्षों से हमें शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होती है जो हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। अतः सभी का दायित्व है कि हम सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये और अपने जनपद को हरा भरा बनाये रखने में पूर्ण सहयोग करें। एमआरएफ सेन्टर के उपकरण को देखा गया। उन्होंने कहा कि एमआरएफ सेन्टर के उपकरणों को स्थापित कर कचरा निस्तारण का कार्य किया जाये। गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर मण्डलायुक्त ने सफाई नायकों/सफाई कर्मियों से कहा कि आप लोगो द्वारा शहर व गांवों को स्वच्छ रखने का कार्य करते हैं, आप सभी लोगों अपने शहर के वार्डों व गांवों के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और लोगों को सामूहिक रूप से स्वच्छता के प्रति श्रमदान करने हेतु प्रेरित करें, जिससे कि हमारा शहर व गांवों को स्वच्छ रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्रीराम सिंह गौतम, नगर मजिस्टेऊट सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बदमाशों के गोलियों से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

* खेतासराय थाना क्षेत्र में बदमाशो ने गोलियों से किया था घायल
* पुलिस तीन नामजद एक अज्ञात पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बिगत दिनों जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के मझौरा गांव में तड़के सुबह बेखौफ बदमाशों ने गोलियों की बौछार से गांव निवासी अबुजर उर्फ रूस्तम पुत्र अबुशाद 29 के शरीर को गोलियों से छलनी कर दिये थे जिनका इलाज लखनऊ स्थित बेदांता अस्पताल में चल रहा था सोमवार इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर गांव में सन्नाटा फैल गया वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गौरतलब हो कि अबुजर उर्फ रुस्तम ने इलाज के दौरान अपने बयान बताया है कि वह अपने खेत पर तालाब की रखवाली के लिए बने कमरे में सो रहे थे। सुबह पांच बजे पेशाब करने हेतु कमरे से निकले तो देखा कि बाहर की लाइट बंद थी। मैं पेशाब करने लगा तो देखा कि दो व्यक्ति जिसे मैं पहचान रहा था जो किसी को कुछ इशारा कर रहे थे इस मामले को अनदेखा कर जब वापस कमरे की तरफ लौटा ही था कि कमरे में छिपे अज्ञात बदमाश ने मुझ पर ताबड़तोड़ फायरिंग झोंक दिया और मौके से फरार हो गया। रुस्तम ने इस पूरी घटना के लिए अपने ही गांव के ग्राम प्रधान बबलू को जिम्मेदार ठहराया है। घायल अबुजर द्वारा दिए गए बयान के अनुसार चार दिन पूर्व वर्तमान ग्राम प्रधान यह कहकर महाराष्ट्र गया कि मैं एक माह के लिए जा रहा हूं एक महिने में सारा काम निपटवा दूंगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एंव लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती अत्यन्त हर्षोल्लास से मनायी गयी इस राष्ट्रीय पर्व पर सर्वप्रथम गाँधी जी व शास्त्री जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके पुष्पार्चन किया गया व रोली अक्षत द्वारा उनका सम्मान व नमन किया गया। ध्वजारोहण द्वारा माँ भारती के सपूतों को श्रृद्धासुमन अर्पित किये गये व राष्ट्रगान गाया गया गांधी जी का प्रिय भजन '' वैष्णव जन तो तैने कहिय, जे पीर पराई जानि रे का मधुर गान संगीताचार्या आभा सक्सेना व छात्राओं ने प्रस्तुत किया।गाँधी जी व शास्त्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व से सम्बन्धित सार गर्मित भाषण सुनायें। दिव्यांशी मिश्रा, कल्पना, तनिशा, निमिष ने देशभक्ति गीत, कवितायें सुनाकर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम में उपस्थिति प्रबन्ध समिति की सदस्याओं का आभार व्यक्त किया।

भाजपा ने हर वर्ग का बिना किसी भेदभाव किया विकास: रमेश चंद्र मिश्रा

* 27 लाभार्थियों को विधायक द्वारा वितरित किया गया आयुष्मान कार्ड

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

क्षेत्र के मजीठी गांव में विधायक रमेश चंद्र मिश्रा द्वारा 27 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। असहाय व गरीबों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास देकर उन्हें छत देने का कार्य किया जा रहा है। गरीबों व असहायों को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड देकर सहायता की जा रही है। सरकार की योजनाओं एवं नीतियों से आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ प्राप्त हो रहा है। आयुष्मान कार्ड गरीब परिवारों को एक सार्थक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत लाने का एक वास्तविक प्रयास है। इसके जरिए गरीब परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख की स्वास्थ्य सुरक्षा मिलती है, जिससे उसे मानसिक एवं आर्थिक राहत मिलने के साथ शारीरिक सुरक्षा कवच मिलती है। उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं को गिनाया। मौके पर उमाप्रताप सिंह,पीसी सिंह,संदीप, अम्बुज तिवारी, ग्राम प्रधान सहित लाभार्थी रहे।

समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाहा जौनपुर में समाजवादी छात्र सभा के संगठन विस्तार हेतु जनपद आगमन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के नेतृत्व में नौजवान साथियों के साथ जोरदार स्वागत किया गया वहीं सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी कार्यालय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए बड़ा परिवर्तनकारी होगा। जिसमें नौजवानों की बड़ी भूमिका होगी केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर और डॉ0 राममनोहर लोहिया और नेताजी के सिद्धांतो और उनके बताए रास्ते पर चलेगा, लेकिन अगर पीछे रह गए तो भाजपा संविधान बदलकर न जाने किस रास्ते पर ले जाएगी। कहा कि पिछड़े और दलितों ने ताकत देकर केन्द्र में एनडीए की सरकार बनायी थी। भाजपा सरकारों ने इन्हीं वर्गों का शोषण किया। पिछड़े और दलित छोड़ देंगे तो एनडीए कहीं नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के कोटा के बिना महिला आरक्षण कानून अधूरा है। अध्यक्षता करते हुए डां अवधनाथ पाल ने कहा कि आज हर समाज और दल के लोग जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। सभी चाहते हैं कि जातीय जनगणना हो, जिस जाति की जो आबादी हो उसके हिसाब से हक मिले। आज पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक खास कर मुस्लिम भाई, नौकरी, रोजगार या संस्थानों में हर जगह पीछे हैं। बैठक मे मुख्य रूप से राजन यादव, राकेश मौर्या,राजदेव यादव, हिरालाल विश्कर्मा, राहुल त्रिपाठी, श्रवण जयसवाल, इर्शाद मंशूरी,अनवारुल गुड्डू, लाल मोहम्मद रानी साजिद अलीम, भानु प्रताप मौर्या,रजनीश मिश्रा,दिलीप प्रजापति,नितिन सैफई, अनुपमा पटेल,अजमत अली, कमाल, कमालुद्दीन अंसारी,ऋषि यादव,रमन यादव,रामबचन यादव, जितेंद्र मौर्या, धर्मेंद्र सोनकर,सोनी यादव, अन्नपूर्णा , तारा त्रिपाठी डां जग बहादुर यादव, आदि संचालन राजेन्द्र टाइगर ने किया।

अम्बेडकर बस्ती में आयोजित हुई चौपाल

* विधायक से राशनकार्ड में यूनिट न बढ़ाए जाने की शिकायत
* कोतवाली में निर्मित होगा महिला फरियादी कक्ष

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने सोमवार को नगर के अंबेडकर बस्ती में जनचौपाल लगाय। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं उठाईं। कोतवाली परिसर में महिला फरियादियों हेतु कक्ष निर्माण का आश्वासन दिया। विधायक सुबह 11 बजे कोतवाली परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात अंबेडकर बस्ती पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री आवास का लाभ पा चुके ज्यादातर लोगों ने तीसरी क़िस्त नहीं मिलने से आवास निर्माण के अधूरे पड़े होने की शिकायत की। जिसके बाद विधायक ने तुरंत पीओ डूडा से बात की और जल्द से जल्द समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया। कुछ लोगों ने शिकायत किया कि राशनकार्डों में यूनिट नहीं बढाया जा रहा है। जिसके निस्तारण के लिए एसडीएम शाहगंज को निर्देशित किया। इसके अलावा तमाम लोगों ने अपने जर्जर घरों को दिखाते हुए शिकायत किया कि पात्रता के बावजूद उन्हें सरकारी आवास का लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिस पर विधायक ने नवंबर में नए सर्वे शुरू होने की बात कही। इस दौरान उन्होंने बस्ती में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और लोगों की मांग पर परिसर में पार्क निर्माण का आश्वासन दिया। कोतवाली में महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात विधायक रमेश सिंह ने प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी की मांग पर महिला फरियादियों के लिए अलग से एक कक्ष निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया। जिससे कोतवाली में अपनी किसी भी समस्या को लेकर आने पर उन्हें सहूलियत मिले। इस दौरान भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल, सुनील अग्रहरि टप्पू, राम आसरे अंबेडकर, भाखड़ गौतम, विजय जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

चोर समझ कर सफाईकर्मी को पीट पीट कर किया अधमरा, हुई मौत

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के कालीमिट्टी चौराहे की घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में काली मिट्टी चौराहा के पास घरों के पास घूम रहे युवक को चोर समझ कर दो भाई बुरी तरह से मारापीटा जिससे वह बेहोश हो गया। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने पिटाई करने वाले युवकों को हिरासत में ले लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक बांगरमऊ ब्लाक में तैनात सफाई कर्मी बताया जा रहा है। बांगरमऊ कोतवाली के चहलहा मजरे हुलासखेड़ा निवासी मान सिंह (37) पुत्र स्व. श्रीपाल सफाई कर्मी था। उसकी तैनाती बांगरमऊ ब्लाक क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर में थी। बीती रात वह नशे की हालत में कालीमिट्टी चौराहे पर पहुंच गया। जहां के रहने रहने वाले राम प्रसाद के बेटों पुतान व सतीश ने उसे चोर समझ कर उसे इस कदर पीटा कि वह बेहोश हो गया। मामले की जानकारी पर पहुंची पीआरवी ने थाने को सूचना दी और युवक को बेहोशी की हालत में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर पुलिस पिटाई करने वाले भाईयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस मामले में सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि युवक किसी इरादे से यहां पहुंचा था। घटना को कैसे अंजाम दिया गया है। सभी पहलुओं पर पूछताछ व जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल दो नामित व कुछ अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पति की मौत की सूचना पर आरती रो रोकर बेहाल है। उसे अब यह चिंता सता रही है कि उसके दो बच्चों कार्तिक (12) व मानवी (10) की परवरिश कैसे होगी। परिजनों ने बताया कि आपसी अनबन के चलते पत्नी बीते दो साल से मायके में रह रही थी। बीते रविवार दोपहर तकरीबन साढे तीन बजे वह फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के दोस्तपुर शिवली निवासी मौसी के गया था। उसके बाद क्या इस बारे में परिजन कोई जानकारी नहीं दे सकें।

सरेआम पिता पुत्रों को बेहरमी से पीटा, वीडियो वायरल

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर, जांच पड़ताल जारी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर में एक युवक और उसके पिता को कुछ युवकों द्वारा बेरहमी से सरेआम पीटे जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित की ओर से सदर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की गयी है। सदर कोतवाली के मोहल्ला अकरमपुर निवासी नईम पुत्र मकसूद अली ने कोवताली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह सोमवार को अपने पिता के साथ अकरमशाह पीर बाबा की मजार में मरम्त का काम करा रहा था। इसी दौरान गांव के ही मुमताज उर्फ लल्लू, मुस्ताक, सलमान व तौफीक वहां पहुंचे और उससे गाली गलौज करते हुए निर्माण कार्य का विरोध करने लगे। जिस पर उसने आरोपियों को बताया कि यह काम सबकी सहमति से हो रहा है और उसने गाली गलौज करने का विरोध किया। जिस पर आरोपियों ने उसे व उसके पिता की लाठी, डंडो व बैटों से बुरी तरह मारपीट की जिससे पिता पुत्र घायल हो गए। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पिता पुत्रों के साथ हुई मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पिता पुत्रों को मेडिकल के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि दूसरे पक्ष ने भी मगरवारा चौकी पुलिस से सांठगांठ कर तहरीर दी है जिस पर क्रास रिपोर्ट लिखाने के इरादे से उनकी की भी डॉक्टरी कराई गयी है।

फास्ट फॉरवर्ड

युवक समेत अन्य के विरुद्ध छेड़खानी, मारपीट का मुक़दमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली एक युवती ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि प्रेम नगर निवासी राजीव कुमार उर्फ आर के उससे साथी करने के लिये दबाव बना रहा था, जिसका उसने विरोध किया। जिस पर उसकी मां और बहन घर आई और शादी से इंकार करने पर उसके साथ मारपीट की। युवती का आरोप है कि राजीव उसके साथ अभद्रता के दौरान अश्लील हरकतें भी की। जिस पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर राजीव, उसकी मां और बहन के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, धमकाना आदि. धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी सरकारी और अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गई। जहां नगर पालिका गंगाघाट में कौमुदी पांडे ने झंडारोहण किया। इसके अलावा पीएचसी, सीएचसी, गंगाघाट रेलवे स्टेशन, पशु चिकित्सालय के अलावा अन्य सरकारी और अर्द्धसरकारी संस्थानों में गांधी जयंती मनाई गई। इसके साथ ही गंगा प्रसाद महते इंटर कॉलेज, गंगा नगर शिशु मंदिर, सरोज सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, डीएसएम पब्लिक स्कूल, दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, महार्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, पूर्णिमा इंटर कॉलेज, संत विवेकानंद, शिवांश कान्वेंट के अलावा अन्य स्कूलों में जयंती मनाई गई। वहीं मिश्रा कॉलोनी में गांधी चौक में संस्थापक गिरिजा शंकर पांडे सुमन की अध्यक्षता में वीरेन्द्र शुक्ला, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, सूर्य कुमार बाजपेई ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

चोरी के तीन मोबाइल के साथ चोर को दबोचा

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस को देख एक संदिग्ध युवक भागने लगा। जिस पर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया और उससे पूछताछ की गई। जहां उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल बरामद हुये। पूछताछ में उसने अपना नाम गोताखोर निवासी शाहरूख पुत्र नफीस बताया। उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

महात्मा गांधी की जयंती पर ब्लॉक मुख्यालय में गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बिछिया उन्नाव

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय सहित विद्यालय व सरकारी संस्थानो में गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता व खंड विकास अधिकारी कुलदीप मिश्रा द्वारा महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की इसके उपरांत गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओ ने गांधी जी की शांति अहिंसा व प्रेम की रास्ते पर चलने की बात कही वहीं स्वच्छता एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता खंड विकास अधिकारी कुलदीप मिश्रा ए डी यो पंचायत उदयवीर सिंह वरिष्ठ लिपिक रामकुमार बाबू सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।
वही ब्लॉक में 57 ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं पंचायत भवनों में आयुष्मान कार्ड बनाए गए। पड़री कला बाजार स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यापड़ कर प्रसाद वितरित किया गया।

आई एम ए के पूर्व अध्यक्ष ने किया रक्तदान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रोटरी क्लब कानपुर के ब्लड डोनेशन कैंप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव दुबे ने रक्तदान कर आम जनमानस से रक्तदान की अपील की है। उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर रक्तदान कर बापू के लिए सच्ची श्रद्धांजलि बताया है।

गांधी जयंती पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

विधायक ने जल प्रहरियों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

गांधी शास्त्री जयंती पर जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सफीपुर तहसील सभागार में इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने जल प्रहरियों को सम्मानित किया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर दोनों महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। तहसील सभागार आयोजित गांधी जयंती कार्यक्रम में पहुंचे विधायक बंबालाल दिवाकर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए नौका दौड़ाने वाले जल प्रहरियों को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय पर गांधी व शास्त्री जयंती चेयरमैन गरिमा बाजपेयी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस दौरान ईओ विनीत कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। चेयरमैन ने दोनों महापुरुषों के कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों सभासदों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रमुख रूप से कृष्णा पाल, बेचेलाल गुप्ता, वसीक, रामखेलावन पाल, राजू विमल, ऐनुल हसन, संजय कुमार, अभिनव शर्मा आदि सदस्यगण, वरिष्ठ लिपिक होरीलाल समेत समस्त कर्मचारी उपास्थित रहे। इसीक्रम में सीएचसी सफीपुर में अधीक्षक डा. राजेश कुमार ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन काल पर प्रकाश डाला। विधायक बंबा लाल दिवकार ने सीएचसी में वृक्षारोपण किया।

सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रमुख सचिव सहकारिता ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए विकासखंड मुख्यालय सभागार में प्रमुख सचिव ने माल्यार्पण कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों समेत उपस्थित जन समुदाय द्वार स्वच्छ भारत मिशन के तहत शपथ ली गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर नवाबगंज विकासखंड कार्यालय में आयोजित सफाई कर्मियों के सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे प्रमुख सचिव सहकारिता व प्रभारी नोडल अधिकारी बाबूलाल मीना ने उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने अपने पिछले कार्यकालों का संक्षिप्त परिचय देते हुये सफाई कर्मियों के उत्थान लिए सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में बताया। बताया कि सफाई कर्मियों के लिए सरकार द्वारा हेल्थ इंश्योरेंस, सफाई मशीन, छात्रवृत्ति आदि योजनायें चलाई गई हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों व नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों का माल्यार्पण कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ प्रमुख सचिव द्वारा उन्हें पेन व डायरी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रमुख सचिव का स्वागत किया। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने प्रमुख सचिव का स्वागत करने के बाद बताया कि बी पैक्स सदस्यता महाअभियान में जनपद में 77 हजार से अधिक सदस्य बनाये गए और करीब 2 करोड़ 15 लाख की राशि जमा हुयी। सदस्यता अभियान के दौरान सदस्य बनाने के मामले में जनपद का उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान है। कार्यक्रम का सफल संचालन एडीओ मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रिषीराज, प्रशिक्षु आईएएस बीडीओ डॉ राम मोहन मीणा, एडीओ राजेश कुमार, मोनिका सिंह, सचिव रमाकांत शुक्ला, अमरेश कुमार, अलका गुप्ता, अनीता, कविता गौतम आदि समेत बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे।

अचानक हुई तेज बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार दोपहर रिमझिम बारिश शुरू हुई। जिसके बाद दोपहर बारह बजे अचानक मौसम बदला और तेज बारिश होने लगे। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं नगर के सर्वोदय नगर, गोपीनाथ पुराम, श्री नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर में जल निकासी न होने के कारण घरों में गंदा पानी भर गया। वहीं जलनिकासी न होने पर बारिश के कारण कंचन नगर मुख्य मार्ग समेत आदर्श नगर, गांधी नगर, पोनी रोड, मंशा खेड़ा, नाथूखेड़ा, बिंदा नगर, ब्रम्ह नगर, श्रीनगर, नेहरू नगर, फोरलेन के किनारे दोनों ओर समेत तमाम मोहल्लों में घुटनों तक जलभराव हो गया। लोगों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। वहीं पोनी रोड पर बारिश बंद होने के घंटों बाद तक भीषण जलभराव बना रहा। जिससे राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बारिश का पानी सर्वोदय नगर, आदर्श नगर में रहने वाले तमाम लोगों के घरों में घुस गया।

बच्चे की तालाब में डूबकर हुई मौत

काफी खोजबीन के बाद गोताखोरों की मदद से ढूंढा जा सका शव

बांगरमऊ कोतवाली के क्षेत्र के मदारनगर मजरा खारपुरवा की घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र तालाब के पास खेल रहे 12 साल के बच्चे की डूबकर मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद उसका शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मदारनगर के मजरा खारपुरवा निवासी रामऔतार की बेटी शारदा रविवार शाम गांव के बाहर एक तालाब में सनई धो रही थी। पास में ही उसका 12 वर्षीय भाई रोहित खेल रहा था। बहन शारदा सनई रखने के घर चली गई। तभी उनका भाई रोहित तालाब के अंदर लगी नारगुजारी का फूल तोड़ने लगा। गहराई में जाने से रोहित तालाब में डूब गया। कुछ देर बाद बहन दोबारा पहुंची तो भाई को न देख परिजनों को जानकारी दी। इधर उधर खोजबीन में जब उसका कोई पता नहीं चला। देर शाम उसकी चप्पल तालाब के पास पड़ी मिलने पर उसके डूबने की आशंका हुई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से तलाब में रोहित की तलाश शुरू कराई। जहां कुछ देर बाद उकसा शव जलकुंभी में फंसा मिला। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि 12 साल के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम भेजा गया है।

एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर तोड़ कर दूसरी लेन में पहुंची एक्सयूवी आल्टो से टकराई

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

हादसे में दो कारों पर सवार छह लोग हुए घायल

चार घायलों को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ किया रेफर

औरास थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर आगरा की तरफ से आ रही एक्सयूवी कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन पर पहुंच कर आल्टो जा टकराई। हादसे में मां बेटों समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों में चार को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। एक्सयूवी सवार दो घायलों को उनके साथ चल रही दूसरी कार सवार लखनऊ लेकर चले गए। कन्नौज जिले के मढारपुर निवासी अय्याज (40) अपनी मां अफसाना बेगम (65), पत्नी तबस्सुम (30), बहन गुलिस्ता (20) और परिवार की दरक्षा बेगम (30) और दो बच्चों के साथ आल्टो कार से एक्सप्रेस वे के रास्ते कन्नौज जा रहे थे। सोमवार दोपहर बाद औरास थाना क्षेत्र के पंचमखेड़ा गांव के पास पहुंचे थे तभी आगरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूवी कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में जाकर आल्टो से भिड़ गई। हादसे में आल्टो सवार अय्याज, उनकी मां अफसाना बेगम, पत्नी तबस्सुम और परिवार की दरक्षा बेगम घायल हो गई। जबकि अय्याज की बहन गुलिस्ता और दोनों बच्चे बाल बाल बच गए। वहीं एक्सयूवी पर सवार चालक दीपांकर, अशरफ, विवेक और सौरभ में दीपांकर व अशरफ घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची औरास पुलिस व यूपीडा की रेक्स्यू टीम आल्टो सवार घायलों को औरास सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से अय्याज, अफसाना, तबस्सुम और दरक्षा को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एक्सयूवी सवार घायलों को उनके साथ चल रही दूसरी कार सवार लोग लखनऊ चले गए। यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी आरके चंदेल ने क्षतिग्रस्त दोनों कारों को औरास टोल प्लाजा पर खड़ी करा दिया।

बिल्हौर में गूंजे जगदम्बे मैया के जयकारे, संपन्न हुई मां की महाआरती

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशानिर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तहसील बिल्हौर के सदस्यों द्वारा कस्बा क्षेत्र के शुभम गेस्ट हाउस में माता आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा की दिव्य मासिक महाआरती संपन्न हुई। आपको बता दें कि इस संगठन का लक्ष्य धर्म राष्ट्र मानवता की सेवा करना है। कार्यक्रम के अंत में भगवती मानव कल्याण संगठन कानपुर के जिलाध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष चंदेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सचान, टीम प्रमुख सत्यवती पाल ने संगठन की विचारधारा के प्रति बड़े सारगर्भित विचार व्यक्त किये। अंत में संगठन के तहसील अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने आए हुए सभी मां भक्तों के प्रति तहेदिल से आभार व्यक्त किया। आपके द्वारा 7- 8 अक्टूबर, 2023 को उत्तरीपुरा के श्री केदारनाथ गेस्ट हाउस होने वाले अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ (विशाल तहसील स्तरीय आयोजन) हेतु एवं ग्राम वा पोस्ट मऊ, तहसील ब्योहारी जिला शहडोल मध्यप्रदेश में 22, 23, 24 अक्टूबर, 2023 को होने जा रहे त्रिदिवसीय शक्ति चेतना जनजागरण शिविर महाशंखनाद (तृतीय चरण) में उपस्थित होने के लिए भी सभी उपस्थित जनमानस को आमंत्रित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित मां भक्तों ने शक्तिजल एवं प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर महिला शाखा की तहसील अध्यक्ष नीरज कटियार के साथ साथ श्रीकृष्ण कठेरिया, सुभाष चंद्र, उदयनारायण सचान, अंकित सिंह, संजीव कटियार, रवि गुप्ता, श्रवन कुमार, संजीव कटियार, मेवालाल, सोनू तिवारी, किशनलाल पाल, संतोष पाल, सोनम चौरसिया, विनोदिनी त्रिपाठी, रौनक पाल, अन्नपूर्णा शर्मा, बिना सचान आदि उपस्थित रहे।



जंगल में युवती का शव पड़ा मिलने से मची सनसनी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

माखी थाना क्षेत्र के पवई गांव की घटना

एसपी समेत आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच की जांच पड़ताल

शव के पास से बरामद हुई शीशी, मुंह और नाक से निकल रहा था झाग

माखी थानाक्षेत्र के पवई गांव के जंगल में एक युवती का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। मामले की जानकारी पर एसपी, एएसपी व सीओ सफीपुर ने फोरेंसिंक टीम को मौके पर बुला कर साक्ष्य संकलन कराया। युवती के मुंह से झाग निकल रहा था। आंख व कान के पास चोट के निशान मिले हैं। शव के पास मिले आधारकार्ड के जरिए परिजनों को सूचना दी गयी। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चर्चा है कि मौके से एक फटा हुआ पत्र भी मिला है।

माखी थानाक्षेत्र गांव बौनामऊ के मजरा लालताखेड़ा निवासी काजल (19) पुत्री सुरेश हाईस्कूल की छात्रा थी। सोमवार को पवई गांव से दो किमी दूर मखारा जाने वाले कच्चे मार्ग पर स्थित जंगल में उसका शव पड़ा मिलने से ग्रामीणों में सनसनी मच गयी। मवेशियों को चराने गए ग्रामीणों ने शव देख ग्राम प्रधान रामजीवन को सूचना दी। प्रधान की सूचना पर पहुंचे एसओ वीरबहादुर सिंह ने आलाअधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया। सबसे पहले सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सुरागकशी की। कुछ देर बाद एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व एएसपी शशि शेखर सिंह भी मौके पर पहुंचे और मातहतों से आवश्यक जानकारी ली। युवती के मुंह से झाग निकल रहा था। उसकी दाहिनी आंख व कान के पास चोट के गहरे निशान मिले हैं। शव के पास युवती का आधारकार्ड व एक शीशी मिली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती के पिता ने बताया कि रविवार दोपहर दो बजे वह मवेशियों के लिए चारा लेने घर से निकली थी। वापस न लौटने पर उसकी खोजबीन की जा रही थी। इस संबंध में सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि माखी थाना क्षेत्र में एक युवती का शव मिला है। उसके पास से एक खाली शीशी भी मिली है। फील्ड यूनिट को मौके पर बुला कर साक्ष्य संकलन कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चित्तौड़गढ़ में पीएम मोदी बोले, गहलोत ने चुनाव से पहले हार मान ली, कहा

गहलोत जी सोते-जागते कुर्सी बचाने में लगे रहे, आधी कांग्रेस उन्हें हटाने में

✱ मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ बोलकर सरकार जरूर बना ली, लेकिन चला नहीं पाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़ में सांवलिया सेठ मंदिर के दर्शन और 7 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर जमकर बरसे। मेवाड़ में भाजपा के चुनावी अभियान को आगे बढ़ाते हुए कहा कि राजस्थान की संस्कृति यहां की विरासत पर गर्व करने की है, लेकिन पांच साल की कांग्रेस सरकार ने राजस्थान की साख को तबाह कर दिया है। उन्होंने बड़ा वादा करते हुए कहा कि सरकार बनने पर राजस्थान में हर गरीब को पक्की छत दी जाएगी और हर घर तक नल कनेक्शन दिया जाएगा। भाजपा सामूहिक नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी, यह साफ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा चेहरा सिर्फ कमल है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ बोलकर सरकार जरूर बना ली, लेकिन चला नहीं पाई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बैठते-उठते, सोते-जागते मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने में लगे रहे और आधी कांग्रेस उन्हें कुर्सी से हटाने में लगी रही। अपने बेटे को बचाने और दूसरे के बेटे को उखाड़ने में लगे रहे, लेकिन लूट मचाने के मामले में पूरी कांग्रेस में सहमति रही। यहां अपराधी, दंगाई, भ्रष्टाचारी और कांग्रेस नेता खुद को सरकार मानकर बैठा है, ऐसी सरकार को एक दिन भी नहीं रहना चाहिए।

दिल्लीवाले मानें न मानें, लेकिन गहलोत मान गए कि सरकार जा रही है

मुख्यमंत्री गहलोतजी को पता है कि राजस्थान में सरकार की विदाई का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। दिल्ली में बैठे लोगों को भले ही भरोसा न हो, लेकिन गहलोतजी को पता है कि सरकार जा रही है। इसीलिए वे आग्रह कर रहे हैं कि भाजपा सरकार बनने के बाद उनकी योजनाओं को बंद न किया जाए। एक तरह से उन्होंने भाजपा को बधाई दे दी है। गहलोतजी का धन्यवाद, क्योंकि आपने पराजय स्वीकार कर ली। आपने ईमानदारी से स्वीकार कर लिया है, तो मोदी आपसे अनेक गुना ईमानदार है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपकी शुरू की गई जनहित की योजनाओं को भाजपा सरकार और अच्छा व बेहतर बनाने का प्रयास करेगी।

इन प्रोजेक्ट्स का वर्चुअल उद्घाटन किया

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोटा का स्थाई कैंपस
- मेहसाणा-बठिंडा गैस पाइपलाइन परियोजना का पाली हनुमानगढ़ खंड
- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का अजमेर में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट
- आबूरोड में हिंदुस्तान पेट्रोलियम का एलपीजी प्लांट
- स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नाथद्वारा में पर्यटन सुविधाओं का विकास
- नेशनल हाईवे-52 पर दरा-झालावाड़ तीनधार खंड पर निर्मित 4 लेन सड़क
- चित्तौड़गढ़-नीमच रेल लाइन का दोहरीकरण
- चित्तौड़गढ़-कोटा रेल लाइन का विद्युतीकरण

इस चुनाव में सिर्फ कमल चेहरा है

इस विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक ही चेहरा है, वो है कमल। हमारा उम्मीदवार सिर्फ कमल है, इसलिए एकजुटता के साथ कमल को जिताने के लिए भाजपा कार्यकर्ता काम करें।

हमारे राजस्थान को बदनाम किया

मैं बहुत दुखी मन से कह रहा हूं कि जब अपराध की बात आती है तो राजस्थान टॉप पर आता है। अराजकता, दंगे, पत्थरबाजी की बात आती है तो हमारा राजस्थान बदनाम होता है। महिला अत्याचार, दलितों पर अत्याचार के मामले में हमारा राजस्थान बरबाद होता है।

पेपर लीक माफिया का पाताल में भी हिसाब होगा

हम तो खदान माफिया सुनते थे, लेकिन यहां पेपर लीक माफिया पनप गए हैं। मैं नौजवानों को भरोसा दिलाता हूं कि उनके भविष्य से खिलवाड़ करने वालों का हिसाब पाताल में भी होगा। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

इन प्रोजेक्ट्स का हुआ शिलान्यास

सवाईमाधोपुर शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग-552ई के 76 किमी पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य

जिन्होंने पैसा लूटा, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी

यह मोदी की गारंटी है कि जिन्होंने पैसा लूटा, भ्रष्टाचार किया, गरीबों को परेशान किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। ये लोग मोदी को चाहे जितना गाली दे दे, करप्शन पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कांग्रेस सरकार का हाल ये है कि जनता के पैसे से अपनी तिजोरी भरो और जनता को बेहाल छोड़ो।

चुनाव हारने के डर से झूठी घोषणा करती है कांग्रेस

कांग्रेस को जब भी यह लगता है कि वह चुनाव हारने वाली है तो झूठी घोषणा करने लगती है। सरकारी खजाने से प्रचार करती है। यदि उन्हें इतनी चिंता थी तो बीते पांच साल में कहां थे, वे सिर्फ कुर्सी बचा रहे थे। गरीब परिवार की चिंता दूर करने की गारंटी सिर्फ मोदी पूरा करता है।

बेटियों से अन्याय की परंपरा बना दी है

राजस्थान में बेटियों से अन्याय की परंपरा बना दी गई है। बाड़मेर, जमवारामगढ़, भीलवाड़ा में हुए हत्याकांड इसके उदाहरण हैं, इसलिए यहां की बहन-बेटियां कह रही है कि भाजपा को लाना है, क्योंकि भाजपा आएगी और महिला सुरक्षा लाएगी। मोदी बहन-बेटियों को दी गई हर गारंटी पूरी कर रहा है।

बेटियों से अन्याय की परंपरा बना दी है

राजस्थान में बेटियों से अन्याय की परंपरा बना दी गई है। बाड़मेर, जमवारामगढ़, भीलवाड़ा में हुए हत्याकांड इसके उदाहरण हैं, इसलिए यहां की बहन-बेटियां कह रही है कि भाजपा को लाना है, क्योंकि भाजपा आएगी और महिला सुरक्षा लाएगी। मोदी बहन-बेटियों को दी गई हर गारंटी पूरी कर रहा है।

महात्मा गांधी के जन्मदिन पर कार्यक्रम से भी कांग्रेस को दिक्कत

कांग्रेस वालों को स्वच्छता के कार्यक्रम पर भी दिक्कत है। महात्मा गांधी के जन्मदिन पर भी इन्हें कार्यक्रम करने में दिक्कत है। महात्मा गांधी के नहीं तो अपने जन्मदिन पर करो, अपने नहीं तो अपने नेता के जन्मदिन पर करो, उनके नहीं तो अपने बच्चों के जन्मदिन पर करो। कांग्रेस यह काम इसलिए नहीं करती, क्योंकि उसमें कमीशन नहीं मिलता।

उदयपुर में जो हुआ, उसकी कल्पना कभी नहीं की

उदयपुर में जो कुछ हुआ, उसकी कल्पना कभी नहीं की गई थी। एक टेलर का कुछ लोग गला काट जाते हैं और उसका वीडियो बनाते हैं। राजस्थान तो दुश्मन के साथ भी धोखा नहीं करता। कांग्रेस सरकार को उसमें भी वोट बैंक नजर आता है। ऐसी छवि कांग्रेस ने राजस्थान की दुनिया में बनाई है। तीज-त्योहार शांति से मनाना मुश्किल है, कब दंगे भड़क जाएं, कब पत्थर बरस जाएं, इसी की चिंता लगी रहती है।

नोबेल पुरस्कार 2023

कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

साल 2023 के नोबेल पुरस्कारों का एलान सोमवार से शुरू हो गया। इसके तहत आज फिजियोलॉजी या मेडिसिन क्षेत्र के लिए इस सम्मान के विजेताओं के नाम का एलान किया गया। इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी सीओवीआईडी-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली। नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की।

इतना मिलता है पुरस्कार

पुरस्कारों में 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर यानी एक मिलियन अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था।

2022 में स्वीडन के स्वांते पैबो को मिला था पुरस्कार

पिछले साल स्वीडन के स्वांते पैबो को फिजियोलॉजी या मेडिसिन के क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें विलुप्त होमिनिन और मानव विकास की आनुवांशिकी (जीनोम) से जुड़ी खोजों के लिए यह पुरस्कार दिया गया था। नोबेल समिति ने बयान जारी कर कहा था कि कोरोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल समिति ने आज विलुप्त होमिनिन और मानव विकास के जीनों से जुड़ी खोजों के लिए स्वांते पैबो को फिजियोलॉजी या चिकित्सा क्षेत्र में 2022 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया। स्वांते पैबो ने अपने शोध में पाया था कि विलुप्त होमोनिन जीन होमो सेपियन्स में ट्रांसफर हुए थे। पैबो पैलियोजेनेटिक्स के संस्थापकों में से एक रहे हैं जिन्होंने निएंडरथल जीनोम पर बड़े पैमाने पर काम किया है। वह जर्मनी के लीपजिंग में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर इवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी मेंजेनेटिक्स विभाग के निदेशक भी रहे हैं।

सरकार ने यूआईडीएआई के सीईओ अमित अग्रवाल का कार्यकाल बढ़ाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सीईओ अमित अग्रवाल का कार्यकाल नवंबर 2024 तक बढ़ा दिया है। आदेश में कहा गया है कि आईएएस अधिकारी अमित अग्रवाल का यूआईडीएआई के सीईओ के तौर पर कार्यकाल दो नवंबर 2023 से दो नवंबर 2024 तक या फिर अगले आदेश तक, जो भी पहले आएगा, बढ़ा दिया गया है। अमित अग्रवाल छत्तीसगढ़ कैडर के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह भारत सरकार और छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश सरकार में कई अहम पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इनमें प्रौद्योगिकी, वित्त, नवप्रवर्तन और तकनीकी शिक्षा जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

अमृतसर पहुंचे राहुल गांधी, स्वर्ण मंदिर में हुए नतमस्तक, पगड़ी की बजाय पहना नीला पटका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को महात्मा गांधी की ज्यंती पर अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक हुए। निजी दौरे पर पहुंचे राहुल ने सिर पर पगड़ी की जगह नीले रंग का पटका बांधा हुआ था। इससे पहले जब वे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अमृतसर आए थे तो उन्होंने पीली पगड़ी पहनी थी। माथा टेकने के बाद राहुल गांधी ने लंगर हॉल में बर्तनों की सेवा की। पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने के लिए अमृतसर आ रहे हैं। यह उनकी निजी, आध्यात्मिक यात्रा है। उनकी निजता का सम्मान करें। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस यात्रा के लिए शारीरिक रूप से उपस्थित न हों। आप सभी अपना उत्साहपूर्वक समर्थन दिखा सकते हैं और अगली बार उनसे मिल सकते हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से बताया गया है कि यह राहुल का दौरा निजी है। इस दौरान कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। इसे देखते हुए पंजाब के कांग्रेसी नेता उनके स्वागत के लिए श्री हरमंदिर साहिब नहीं पहुंचे हैं। उनके इस दौरे से पहले पंजाब पुलिस द्वारा सुरक्षा के इंतजाम भी कड़े किए गए हैं। एयरपोर्ट अमृतसर पर राणा केपी, सांसद गुरजीत सिंह, इंटक के नेता सुरिंदर शर्मा आदि ने राहुल गांधी का स्वागत किया।

विमान हादसे में भारतीय अरबपति, बेटे समेत छह की मौत, तकनीकी खराबी के चलते हवा में ही हुआ विस्फोट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हरारे

एक भारतीय अरबपति उद्योगपति और उनके बेटे समेत छह लोगों की जिंबाब्वे में एक विमान हादसे में मौत हो गई है। हादसे का शिकार होने वाला विमान भारतीय उद्योगपति की कंपनी का निजी विमान था, जो कि जिंबाब्वे के दक्षिणी पश्चिमी इलाके में स्थित एक हीरा खदान के पास दुर्घटना का शिकार हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटना का शिकार हुआ।

हरपाल रंधावा समेत छह की मौत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तकनीकी खराबी के चलते विमान में हवा में ही विस्फोट हो गया। मृतकों के नामों का एलान होना बाकी है लेकिन हरपाल सिंह रंधावा के दोस्त और फिल्म निर्माता होपवेल चिनोनो ने हरपाल सिंह रंधावा की मौत की पुष्टि की है। कंपनी ने भी बयान जारी कर रंधावा की मौत की पुष्टि की है। बता दें कि रंधावा चार अरब डॉलर वाली इक्विटी फर्म जेम होल्डिंग के संस्थापक हैं।

निजी विमान हुआ हादसे का शिकार

बता दें कि हादसे में मारे गए अरबपति हरपाल सिंह रंधावा ऋद्धश्द्धद्व नामक खनन कंपनी के मालिक थे जो जिंबाब्वे में सोने, कोयले का खनन करती है और साथ ही निकल और तांबे जैसी धातुओं कि रिफाइनिंग का भी काम करती है। विमान हादसे में मरने वालों में हरपाल सिंह रंधावा, उनका बेटा और चार अन्य लोग शामिल हैं। जो विमान हादसे का शिकार हुआ, वह सेसेना 206 एयरक्राफ्ट था। सिंगल इंजन वाले इन विमान का स्वामित्व कंपनी रियोजिम के पास है। यह विमान राजधानी हरारे से मुरोवा हीरे की खदान जा रहा था, इसी दौरान माशावा इलाके में दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसमें विमान में सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच की है।

दिल्ली में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी गिरफ्तार

आईएसआईएस मॉड्यूल से जुड़े होने का शक, नॉर्थ-इंडिया में हमले की प्लानिंग कर रहा था

✱ पुलिस ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी दी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी शाहनवाज उर्फ शफी उज्जामा को गिरफ्तार किया है। उसके साथ दो और आतंकी भी गिरफ्तार किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शाहनवाज के आईएसआईएस मॉड्यूल यानी इस्लामिक स्टेट से जुड़े होने का शक है। वह उत्तर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने साउथ-ईस्ट दिल्ली से रविवार रात शाहनवाज को गिरफ्तार किया था। उसके पास से केमिकल पदार्थ और आईइडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला मटेरियल मिला था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। शाहनवाज पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार हुआ था और दिल्ली में रह रहा था। उसके ऊपर 3 लाख रुपए का इनाम था।

विदेशी हैंडलर्स से निर्देश लेकर आतंकी हमलों की साजिश रच रहा था शाहनवाज

पुलिस ने बताया कि शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है। वह दिल्ली का ही रहने वाला है, लेकिन पुणे आईएसआईएस केस में शामिल होने के शक में उसे पुणे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहां से फरार होकर वह दिल्ली में छिपकर रह रहा था। यहां रहकर वह विदेशी हैंडलर्स से निर्देश ले रहा था और नॉर्थ इंडिया में आतंकी हमलों की प्लानिंग कर रहा था।

क्या है पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल केस?

इस साल 18 जुलाई को पुणे में टू-व्हीलर चुराने के मामले में पुणे पुलिस ने शाहनवाज और मध्यप्रदेश के दो लोगों- मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी- को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस पूछताछ के लिए उन्हें उनके ठिकाने पर ले जा रही थी, तो शाहनवाज पुलिस की गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों सुफा टेररिस्ट गैंग का हिस्सा हैं। अप्रैल 2022 में राजस्थान में एक कार में विस्फोटक मिलने के मामले में वहां की पुलिस उन्हें ढूंढ रही है। तब पुलिस ने इस मामले को पुणे ढ्ढस्ढ्ढस् मॉड्यूल केस नाम दिया। इस केस में पुलिस ने तीन और आतंकियों को मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा था। इनके नाम हैं- पुणे का तल्हा लियाकत खान और दिल्ली के रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्ला फैयाज शेख।

कांग्रेस सरकार में असामाजिक तत्वों को मिल रहा समर्थन: बसवराज बोम्मई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कर्नाटक के शिवमोगा जिला मुख्यालय में रविवार शाम पथराव की घटना के एक दिन बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर कानून-व्यवस्था बनाने में विफल रहने का आरोप लगाया। शिवमोगा की संवेदनशील प्रकृति की ओर इशारा करते हुए विपक्षी दल के नेताओं ने सवाल किया कि कोई एहतियाती कदम क्यों नहीं उठाए गए और पूछा कि ईद मिलाद जुलूस के दौरान ऐसी घटना क्यों हुई, जबकि हाल ही में गणेश विसर्जन और जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से हुए थे।

'धार्मिक आयोजन के लिए नहीं किए गए पर्याप्त उपाय'

पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा, सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। शिवमोगा एक संवेदनशील शहर है और अतीत में (तनाव के) कई उदाहरण सामने आए हैं। ऐसा लगता है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं। बेंगलुरु में संवाददाताओं से बात करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह की घटनाएं आमतौर पर शिवमोगा के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में होती हैं, जहां एहतियात के तौर पर कुशल अधिकारियों को तैनात किया जाना चाहिए था। अगर ऐसा नहीं होता है, तो ऐसी घटनाएं होती हैं।

मणिपुर हिंसा: सीबीआई-एनआईए ने मणिपुर में मनमानी के आरोपों का खंडन किया, कहा

सबूतों के आधार पर कीं गईं गिरफ्तारियां

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एनआईए और सीबीआई ने मणिपुर के आदिवासी समूह की ओर लगाए गए मनमानी के आरोपों का खंडन किया है। केंद्रीय एजेंसियों ने सोमवार को कहा कि जातीय संघर्ष का सामना कर रहे अशांत राज्य में की जाने वाली हर गिरफ्तारी जांच टीमों के द्वारा जुटाए गए सबूतों पर आधारित है।

अधिकारियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

जांच एजेंसियों ने कहा कि जातीय हिंसा के माहौल में यहां काम कर रहे एनआईए और सीबीआई के अधिकारियों को 2015 में सैन्यकर्मियों पर हमले सहित विभिन्न मामलों में जांच पूरी करने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मनमानी के आरोप इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फ्रंट (आईटीएलएफ) की ओर से लगाए गए हैं। यह संगठन मणिपुर की पहाड़ियों के कुकी समुदाय प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है। दोनों एजेंसियों के अधिकारियों ने इसके आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी समुदाय, धर्म या संप्रदाय के खिलाफ कोई पक्षपात नहीं दिखाया गया है और केवल भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की नियम पुस्तिका का पालन किया गया है।

सेमिनलुन गंगटे की हालिया गिरफ्तारी पर कही यह बात

आदिवासी युवक सेमिनलुन गंगटे की हालिया गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए अधिकारियों ने कहा कि वह 21 जून को बिष्णुपुर जिले के क्वाक्ता इलाके में हुए एसयूवी विस्फोट के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है। विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए थे। सक्षम अदालत से ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद उसे नई दिल्ली लाया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में आरोपी को एक विशेष अदालत में पेश किया गया जिसने उसे एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

'जनता में भ्रम पैदा करने के लिए लगाए जा रहे आरोप'

अधिकारियों ने कहा कि कानून का पालन किया जा रहा है और आतंकवाद रोधी एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए सबूतों को सक्षम अदालत के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि निराधार आरोप केवल जांच को पटरी से उतारने और आम जनता के बीच भ्रम पैदा करने के लिए लगाए जा रहे हैं।

पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा में मारे जा चुके 180 से ज्यादा लोग

मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मैतई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए गए थे। इसके बाद तीन मई को जातीय झड़पें शुरू हुईं। इसमें 180 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं। राज्य की आबादी में मैतई समुदाय की हिस्सेदारी करीब 53 फीसदी है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। आदिवासी-नगा और कुकी- 40 फीसदी से थोड़ा अधिक हैं और पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

पश्चिम बंगाल में सात जिलों में बाढ़ की आशंका को लेकर सरकार अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण राज्य के सात जिलों में बाढ़ आने की आशंका है। मुख्य सचिव एच के द्विवेदी ने आज दोपहर पश्चिम बर्धमान, बांकुड़ा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक डिजिटल बैठक की और उन्हें तत्काल सभी प्रकार के एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया,%बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे निचले और बाढ़ संभावित क्षेत्रों की तत्काल पहचान करें और साथ ही जलभराव और तटबंध टूटने की निगरानी शुरू करें और उनके उपचार के लिए उचित कदम उठाएं।

मौसम विभाग का पांच अक्तूबर को भारी बारिश का अनुमान

मुख्य सचिव ने बैठक में बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पांच अक्तूबर तक बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है और कल भारी बारिश होने का अनुमान है। अच्छी तरह से चिह्नित कम दबाव का क्षेत्र वर्तमान में झारखंड के ऊपर मंडरा रहा है व कुछ और समय तक वहां जारी रहने की संभावना है। इससे भारी बारिश जारी रहेगी और इसके परिणामस्वरूप बांधों में उच्च प्रवाह होगा। विभाग ने दावा किया कि झारखंड में एक अक्तूबर को ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में 50 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)